राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 150, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली शुक्रवार 15 दिसंबर 2023, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

संसद सुरक्षा में चूक को लेकर युवा कांग्रेस का केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन .... पेज 03

यूपी में शिक्षक भर्ती के साक्षात्कार में अनिवार्य रूप से मिलेंगे 40 प्रतिशत अंक .... पेज 05

आईएसएल : मोहन बागान का मुकाबला नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी से .... पेज 07

## महिला वोटर जिताएंगी चुनाव, 2024 में 49 फीसद होगी हिस्सेदारी



### महिला वोटरों की बढ़ती संख्या आने वाले दिनों में और तेज होने वाली है

एजेंसी

नई दिल्ली। सत्ता की कुंजी महिला वोटरों के पास है। पिछले एक दशक में महिला वोटरों की संख्या लगातार बढ़ रही है और इसका असर विधानसभा चुनावों में साफ तौर पर दिखने लगा है। महिला वोटरों की बढ़ती संख्या आने वाले दिनों में और तेज होने वाली है।

#### 2024 तक 49 फीसद महिला वोटर

वर्ष 2024 के आम चुनाव तक देश के कुल वोटरों की संख्या में 49 फीसद महिलाओं की होगी। वर्ष 2049 तक तक तो देश के कुल वोटरों में महिलाओं की संख्या 55 फीसद होगी और 45 फीसद पुरूष होंगे। यह बात गुरुवार (14 दिसंबर) को एसबीआई की तरफ से जारी एक विशेष रिपोर्ट में कही गई है।

रिपोर्ट ने आंकड़ों के जरिए परोक्ष तौर पर यह भी बताया है कि हाल ही में संपन्न मध्य प्रदेश विधान सभा चुनाव में पूर्व पीएम शिवराज सिंह चौहान की तरफ से घोषित लाड़ली बहना योजना की वजह से यह आकलन किया गया है कि भाजपा को 30-35 विधान सभा सीटों पर जीत मिली है।

#### महिलाओं से जुड़ी योजनाओं पर जोर

रिपोर्ट ने इस बात की तरफ भी ध्यान आकर्षित करवाया है कि कैस देश की इकोनमी में महिलाओं के योगदान को हमेशा कमतर करके आंका गया है। जबकि वैसी महिलाएं जिनको कोई भुगतान नहीं किया जाता, उनका देश के कुल जीडीपी में योगदान 7.5 फीसद के बराबर है।

हालांकि अब यह सामान्य तौर पर देखा जा रहा है कि महिला सशक्तिकरण पर जोर है और महिलाओं के लिए कई तरह की स्कीमें लाने की भी होड़ मची हुई है।

एक वजह यह भी है कि वोटिंग पैर्टन से साफ हो रहा है कि वोट देने वालों में पुरूषों से ज्यादा महिलाओं की संख्या बढ़ रही है। सरकार की हर स्कीम में महिलाओं की संख्या भी बढ़ती जा रही है। वर्ष 2014 के चुनाव में कुल वोटरों की संख्या 55 करोड़ थी जिसमें महिला वोटरों 26 करोड़ थी। वर्ष 2019 में कुल वोटर हो गये 62 करोड़ जिसमें महिलाएं थी 30 करोड़।

## चौदह लाख रुपए का इनामी हार्डकोर नक्सली ढेर

बालाघाट। मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले के गढ़ी थाना क्षेत्र में आज हॉकफोर्स के जवानों ने चौदह लाख रुपए के एक इनामी हार्डकोर नक्सली को मुठभेड़ में मार गिराया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिला निवासी नक्सली मड़काम हिड़मा को जिले के गढ़ी थाना क्षेत्र के सूपखार के खमकोदादर वन क्षेत्र में एक मुठभेड़ में हॉकफोर्स के जवानों ने ढेर कर दिया। हिड़मा, माओवादियों के एमएमसी (मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़) जोन की जीआरबी (गोंदिया, राजनांदगांव, बालाघाट) डिविजन के एसजेडसीएम (स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर) राजेश उर्फ दामा का विश्वस्त सहयोगी था।

हिड़मा पूर्व में माओवादियों की भैरमगढ़ एरिया कमेटी की चेतना नाट्य मंच तथा प्लाटून का सदस्य रहा है।

वह पुलिस बल पर हमले की विभिन्न घटनाओं में शामिल रहा है। माओवाद के विस्तार के लिए इसे दो वर्ष पूर्व एमएमसी जोन में भेजे जाने की सूचनाएं आत्मसमर्पित नक्सलियों से पूछताछ में संज्ञान में आई हैं।

## लोकसभा घुसपैठ : 8 सुरक्षाकर्मी सस्पेंड

### आरोपियों को 7 दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा गया, संसद की सुरक्षा बढ़ी; जूते उतरवाकर चेकिंग



नई दिल्ली। 13 दिसंबर को संसद में घुसपैठ करने वाले दो आरोपियों और उनके दो सहयोगियों को गुरुवार को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने चारों को 7 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। चारों आरोपियों के खिलाफ यूएपीए की कार्रवाई भी की गई। दिल्ली पुलिस ने कहा है- ये प्लांड अटैक था।

उधर, सुरक्षा में चूक के चलते संसद सचिवालय ने गुरुवार को 8 सुरक्षाकर्मियों को सस्पेंड कर दिया। इनके नाम रामपाल, अरविंद, वीर दास, गणेश, अनिल, प्रदीप, विमित और नरेंद्र हैं।

घटना के बाद पार्लियामेंट के अंदर और बाहर सुरक्षा कड़ी कर दी गई। गुरुवार को संसद के अंदर जाने वालों की जूते उतरवाकर चेकिंग की गई। इस बीच मेघालय के ष्टरूकॉनराड संगमा को मकर द्वार से बिल्डिंग के अंदर प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। जिसके बाद संगमा अपनी कार से उतरे और शार्दुल द्वार से होते हुए संसद के अंदर गए।

उधर पीएम नरेंद्र मोदी संसद पहुंचे और उन्होंने केंद्रीय मंत्रियों के साथ बैठक की। मीटिंग में गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी और अनुराग ठाकुर मौजूद रहे।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आरोपियों ने पहले ही संसद के बाहर की रेकी कर ली थी। सभी आरोपी एक सोशल मीडिया पेज भगत सिंह फैन क्लब से जुड़े थे। लगभग डेढ़ साल पहले सभी आरोपी मैसुरु में मिले थे।

आरोपी सागर जुलाई में लखनऊ से दिल्ली आया था, लेकिन संसद भवन में एंट्री नहीं कर सका था। 10 दिसंबर को एक-एक करके सभी अपने-अपने राज्यों से दिल्ली पहुंचे।

घटना वाले दिन सभी आरोपी इंडिया गेट के पास इकट्ठा हुए, जहां सभी को कलर स्प्रे बांटा गया। पुलिस ने बताया, शुरुआती जांच के अनुसार संसद सुरक्षा उल्लंघन का मुख्य साजिशकर्ता कोई और है।

#### दिल्ली पुलिस ने यूएपीए के तहत केस दर्ज किया

उधर, दिल्ली पुलिस ने एंटी टेरर और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया। लोकसभा सचिवालय के अनुरोध पर, गृह मंत्रालय ने इस घटना की जांच का आदेश दिया है। CRPF के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह के नेतृत्व में एक जांच कमेटी बनाई गई है। इसमें अन्य सुरक्षा एजेंसियां और एक्सपर्ट शामिल हैं।

पुलिस ने बताया कि कुल छह आरोपी हैं। दो अंदर घुसे थे, जबकि दो बाहर प्रदर्शन कर रहे थे।

## सांसदों का निलंबन तानाशाही : खड़गे

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने संसद में सुरक्षा को लेकर सवाल पूछने पर पार्टी सांसदों के निलंबन को अलोकतांत्रिक करार देते हुए कहा कि सुरक्षा में चूक का मामला गंभीर है और इस मुद्दे को संसद में उठाने के कारण सांसदों का निलम्बन तानाशाही रवैया है। खड़गे ने कहा राष्ट्रीय सुरक्षा और हमारे लोकतंत्र के मंदिर यानी संसद की सुरक्षा को खतरे में डालने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अब इस मुद्दे को लेकर बात करने वालों को ही सजा दे रही है। संसद में हुई गंभीर सुरक्षा चूक को लेकर चर्चा करने की बात करने वाले विपक्ष के 15 सांसदों को सरकार ने संसद से निलंबित कर दिया, लेकिन सही मायने में यह लोकतंत्र का निलंबन हुआ है। जिन सांसदों का निलम्बन हुआ है सरकार बताए उनका अपराध क्या है। क्या गृहमंत्री से सदन में बयान देने का आग्रह करना अपराध है या गंभीर सुरक्षा चूक पर चर्चा कराना अपराध है। सवाल है कि भाजपा की सरकार में व्यवस्था का जो आलम बना है क्या इसमें तानाशाही नहीं झलकती है।

## सुरक्षा चूक मामले में संसद में हंगामा

### लोकसभा से 13, राज्यसभा से एक सांसद पूरे सत्र के लिए सस्पेंड



नई दिल्ली। संसद के शीतकालीन सत्र के नौवें दिन गुरुवार की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने संसद सुरक्षा चूक के मामले को लेकर जमकर हंगामा किया। लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में विपक्षी नेताओं ने नारेबाजी की। दिन में कई बार सदन को स्थगित करना पड़ा।

इसके बाद लोकसभा से विपक्षी पार्टियों के 13 और राज्यसभा से एक सांसद को पूरे सत्र के लिए सस्पेंड कर दिया गया। लोकसभा से कांग्रेस के 9, CPI (M) के 2, DMK और CPI के एक-एक नेता को सस्पेंड किया गया है।

इससे पहले खबर आई थी कि लोकसभा से 14 सांसदों को सस्पेंड किया गया है। विपक्ष ने बताया कि लोकसभा से सस्पेंड हुए DMK सांसद एसआर पार्थिबन आज संसद आए ही नहीं थे। फिर भी उन्हें सस्पेंड किया गया। इस पर लोकसभा सचिवालय ने सर्कुलर जारी किया, इसमें पार्थिबन का नाम सस्पेंड किए गए सांसदों की सूची में नहीं था।

सर्कुलर में कांग्रेस के सांसद टी एन प्रतापन, हिबी ईडन, जोथिमानी, राम्या हरिदास, डीन कुरियाकोस , मनिकम टैगोर, एमडी जावेद, वीके श्रीकंदन और बेनी बेहनन का नाम शामिल है। राज्यसभा से TMC सांसद डेरेक ओब्रायन को सस्पेंड किया गया है।

दरअसल, डेरेक नारेबाजी करते हुए वेल में आ गए थे, जिससे नाराज होकर स्पीकर जगदीप धनखड़ ने उन्हें सदन से बाहर जाने को कहा और कार्यवाही स्थगित कर दी। कार्यवाही शुरू होने पर डेरेक दुबारा सदन में आ गए थे। सदन में डेरेक ओ% ब्रायन के आचरण को लेकर राज्यसभा ने उनके निलंबन का मामला प्रिविलेज कमेटी को भेजा है। संसद के दोनों सदनों को शुक्रवार (15 दिसंबर) तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

#### राज्यसभा में भी सभापति ने टीएमसी सांसद को निकाला





लोकसभा की ही तरह राज्यसभा में भी विपक्षी दलों ने जमकर हंगामा किया। सांसदों ने नारा लगाते हुए संसद की सुरक्षा के मुद्दे पर बहस की मांग की। इस बीच तृणमूल कांग्रेस के सांसद डेरेक ओ ब्रायन सदन के वेल में आ गए। इस पर राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कड़ी आपत्ति जताई। उनके न मानने पर सभापति ने उन्हें फौरन सदन से बाहर जाने को कहा। सभापति ने डेरेक से कहा, आप क्या कर रहे हैं। आप विशेषाधिकार का उल्लंघन कर रहे हैं। आपका व्यवहार देखकर मेरा सिर शर्म से झुक रहा है। डेरेक को सदन से बाहर करने के बाद सभापति ने 2 बजे तक कार्यवाही स्थगित कर दी। कार्यवाही दोबारा शुरू हुई तो डेरेक फिर से सदन में आ गए, जिससे सदन को 3 बजे फिर स्थगित करना पड़ा।

**विरोध प्रदर्शन**





महाराष्ट्र सरकार के कर्मचारी ठाणे में पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन के दौरान नारे लगाते हुए।

## बेकरी गोदाम में आग लगने से 15 कर्मचारी झुलसे



हैदराबाद। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के बाहरी इलाके गगनपहाड़ में प्रसिद्ध कराची बेकरी के एक गोदाम में गुरुवार को आग लगने से कम से कम 15 कर्मचारी झुलस गये।

पुलिस ने यहां कहा कि इस घटना में झुलसे हुए अधिकांश कर्मचारी उत्तर प्रदेश के हैं और उनमें से आठ को कंचनबाग के डीआरडीओ अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। झुलसे लोगों में छह की हालत गंभीर है।

इसबीच तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने एक्स पर एक पोस्ट में आग की घटना पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को घायल श्रमिकों को तुरंत बेहतर चिकित्सा उपचार प्रदान करने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि घायलों में अधिकतर उत्तर प्रदेश के मजदूर हैं। आग लगने का सही कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## छत्तीसगढ़ में आईईडी ब्लास्ट में बीएसएफ हेड कांस्टेबल शहीद

### कांकेर में गश्त पर निकले जवानों पर नक्सलियों ने किया हमला; दो दिन में दूसरी वारदात



कांकेर। छत्तीसगढ़ के कांकेर में गुरुवार को नक्सलियों के किए आईईडी ब्लास्ट में बीएसएफ का एक जवान शहीद हो गया। दो दिन में जवानों पर इस तरह से ये दूसरा हमला है, जिसमें जवान की शहादत हुई है। एसपी दिव्यांग पटेल ने घटना की पुष्टि की है। मामला परतापुर थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, महला से बीएसएफ और जिला पुलिस बल की टीम संयुक्त रूप से गश्त पर निकली थी। इसी दौरान सदाकटोला गांव के पास नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट कर दिया। इसकी चपेट में आकर बीएसएफ के हेड कॉन्स्टेबल अखिलेश राय (45) घायल हो गए। इसके बाद उन्हें कैंप लाया गया।

कैंप में प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख हेड कॉन्स्टेबल अखिलेश राय को पंखाजूर सिविल अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। शहीद जवान अखिलेश राय उत्तर प्रदेश के गाजीपुर के रहने वाले थे।

अफसरों की ओर से बताया गया है कि इलाके में बीएसएफ, जिला रिजर्व गार्ड और जिला पुलिस के जवान संयुक्त रूप से तलाशी अभियान चला रहे हैं।

#### नारायणपुर में हुए ब्लास्ट में हुआ था जवान शहीद

बुधवार को भी राज्य के नारायणपुर जिले में नक्सलियों ने सुरक्षाकर्मियों की एक टीम पर हमला कर आईईडी विस्फोट किया था। इसमें छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (सीएएफ) के एक जवान शहीद हो गया था और एक अन्य जवान घायल हुआ था। सुकमा जिले के सालातोंग में पिछले 2 दिनों में अलग-अलग आईईडी ब्लास्ट में कुल 5 जवान घायल हुए। यहां 11 दिसंबर को आईईडी ब्लास्ट हुआ था, जिसमें शुरुआत में 2 जवानों के घायल होने की खबर आई थी। इन्हें बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया था। हालांकि, बाद में पता चला था कि 2 और जवान घायल हैं। उन्हें केवल मामूली चोट आई थी। इसके बाद आज 12 दिसंबर को एक और आईईडी ब्लास्ट हुआ और इसकी चपेट में आने से एक जवान घायल हो गया है।

## कर्ज से परेशान एक ही परिवार के 5 लोगों ने किया सुसाइड

### घर में पति-पत्नी और उनके तीन बच्चों का शव मिला

बीकानेर। कर्ज से परेशान एक ही परिवार के 5 लोगों ने सुसाइड कर लिया। इसकी जानकारी 2 दिन बाद मिली। मृतकों में पति-पत्नी और 3 बच्चे शामिल हैं। मकान मालिक किराया लेने पहुंचा तो घटना का खुलासा हुआ। पत्नी और 3 बच्चों का शव फंदे पर अलग-अलग हुक से लटका मिला, जबकि परिवार के मुखिया का शव आंगन में पड़ा था। मामला बीकानेर के मुक्ता प्रसाद नगर थाना क्षेत्र का है। सूचना मिलने पर आईजी ओम प्रकाश, एसपी तेजस्विनी



गौतम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक शर्मा सहित थाना अधिकारी व पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा।

उधर, सुसाइड नोट में पत्नी ने लिखा है- ससुराल और पीहर वाले परेशान करते थे। ऐसे में सुसाइड के अलावा कोई रास्ता नहीं था।

आईजी ओम प्रकाश ने बताया- मुक्ता प्रसाद नगर थाना क्षेत्र के अन्त्योदय नगर में हनुमान सोनी (45) अपनी पत्नी विमला (40), दो बेटे मोहित (18) , ऋषि (16) और एक बेटी गुड़िया (14) के साथ पिछले दस साल से अनिल रंगा के मकान में किराए से रह रहे थे। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि हनुमान सोनी जेवरात में नगीना गढ़ने (जेवरात जड़ाऊ) का काम करते थे। वह आर्थिक तंगी के चलते परेशान थे।

### लॉरेंस के इंटरव्यू पर एडीजीपी का हाईकोर्ट में जवाब

## पंजाब की जेल में नहीं हुआ, उस वक्त दिल्ली-राजस्थान पुलिस की कस्टडी में था

चंडीगढ़। जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस के इंटरव्यू मामले में गुरुवार को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान पंजाब की जेल के एडीजीपी अरुणपाल सिंह ने कहा कि एसआईटी को पंजाब की जेल या जेल से बाहर पूरे पंजाब में कहीं भी लॉरेंस के इंटरव्यू का कोई सबूत नहीं मिला हैं।

इस पर हाईकोर्ट ने पूछा कि क्या हरियाणा में इंटरव्यू के होने की संभावना है तो एडीजीपी ने इस संभावना से इन्कार करते हुए कहा कि इंटरव्यू के समय वह दिल्ली और राजस्थान की पुलिस की कस्टडी में था।



हाईकोर्ट ने कहा कि आठ महीनों बाद यह बताया जा रहा है कि पंजाब की जेल में यह इंटरव्यू नहीं हुआ। आखिर एसआईटी ने क्या किया और एसआईटी को क्या आदेश दिया गया था? अगली सुनवाई पर यह बताया जाए कि इंटरव्यू अगर पंजाब की जेल में नहीं हुआ तो किस जेल में हुआ और कब हुआ। हाईकोर्ट ने कहा कि यह बेहद गंभीर विषय है और इस मामले में सुनवाई करना इसलिए जरूरी है ताकि भविष्य में इस प्रकार की कोई घटना न हो।

इससे पहले बीती सुनवाई के दौरान पंजाब सरकार की तरफ से एफिडेविट सौंपा गया था। जिसमें कहा गया कि जेलों में मोबाइल की स्मगलिंग और उनका इस्तेमाल रोकने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। लॉरेंस बिश्नोई के इंटरव्यू मामले में जांच कर रिपोर्ट सब्मिट करने के लिए जांच कमेटी को थोड़ा और समय चाहिए।

**विरोध प्रदर्शन**

### केस से यूएपीए हटाकर तुरंत रिहा करे सरकार; जींद पंचायत में 3 प्रस्ताव पास

## संसद घुसपैठ आरोपी नीलम के हक में उतरे किसान-खापे

एजेंसी

जींद। संसद सिक्योरिटी ब्रेक में गिरफ्तार की जा चुकी जींद की नीलम नामक लड़की को रिहा कराने के लिए गुरुवार को उचाना में पंचायत हुई। उचाना तहसील के सामने हुई इस पंचायत में कई खापों के पदाधिकारी और किसान नेता जुटे।

नीलम जींद जिले में उचाना एरिया के घसो खुर्द गांव की रहने वाली है। बुधवार को उसने संसद भवन के बाहर नारेबाजी की थी जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था।



गुरुवार को हुई पंचायत के संयोजक और संयुक्त किसान मोर्चा के नेता आजाद पालवां ने कहा कि नीलम ने स्टूडेंट्स, बेरोजगारों और गरीबों-मजदूरों की आवाज बुलंद की है। इसलिए पंचायत में नीलम के समर्थन में 3 प्रस्ताव पास किए गए।

1. इनमें से पहले प्रस्ताव में कहा गया कि सरकार किसानों-मजदूरों की आवाज उठाने वाले युवाओं को रोजगार दिलाने में सरकार मदद करें।
2. दूसरे प्रस्ताव में कहा गया कि जॉब की डिमांड उठाने वालों पर जिस तरह की तानाशाही की जाती है, उसके खिलाफ आवाज उठाने वाली नीलम को तुरंत रिहा किया जाए।
3. पंचायत ने तीसरे प्रस्ताव में कहा कि दिल्ली पुलिस ने एंटी टेरर और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत नीलम पर जो संगीन धाराएं लगाई हैं, उन्हें तुरंत हटाया जाए।

#### किसी को नुकसान पहुंचाने की मंशा नहीं थी

पालवां ने कहा कि बुधवार को प्रदर्शन करने वाले नौजवानों की न तो मंशा खराब थी और न उनके विचार गलत हैं। वह किसी को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहते थे इसलिए उन पर ऐसा कठोर एक्ट लगाने का कोई औचित्य नहीं बनता। पंचायत में यह भी कहा गया कि अगर सरकार ने तीनों प्रस्ताव नहीं माने तो खाप पंचायतों को मोर्चा संभालना पड़ेगा। ये खाप पंचायतें हरियाणा के सभी संगठनों से बातचीत कर बड़ा फैसला लेने को मजबूर हो जाएगी।

नई दिल्ली
शुक्रवार 15 दिसंबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### धुग्गा, घुम्मन समर्थकों सहित शिरोमणि अकाली दल में हुए शामिल

अमृतसर। शिरोमणि अकाली दल अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल की पंथक एकता की अपील से प्रेरित होकर पार्टी के दो पूर्व वरिष्ठ नेता गुरुवार को अपने समर्थकों के साथ अपनी मूल पार्टी में दोबारा शामिल हो गए हैं। जो पहले पार्टी छोड़ संयुक्त अकाली दल में चले गए थे। वरिष्ठ नेताओं में पूर्व मुख्य संसदीय सचिव देस राज धुग्गा और ऑल इंडिया सिख स्टूडेंट फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष जसवीर सिंह घुम्मन को आज श्री बादल ने श्री दरबार साहिब के परिसर में तेजा सिंह समूंदरी हाल में अकाली दल में वापिस शामिल कर लिया। दोनों नेताओं ने बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि अकाली दल की पंथक एकता की अपील और साथ ही पूर्ववर्ती अकाली दल सरकार के दौरान बेअदबी घटनाओं के लिए बादल की माफी ने उनके दिल को छू लिया है। उन्होने कहा, ''हमें लगता है कि ऐसा करके सुखबीर सिंह बादल ने सिख भावनाओं को समझकर स्पष्ट कर दिया है कि पूर्ववर्ती अकाली दल सरकार बेअदबी की जघन्य घटनाओं के अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध थी, तथा पंथक ताकतों का विरोध करने के लिए और राज्य में सरकार बनने के बाद वह ऐसा ही करेगी।

### लाखों खर्च होने के बावजूद सड़क दुरुस्त नहीं, डीएम व वीडीओ से मांगा जवाब

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने देहरादून के कालसी गांव में मेरा गाँव मेरी सड़क योजना के तहत लाखों खर्च होने के बावजूद सड़क दुरुस्त नहीं होने के मामले में सुनवाई करते हुए गुरुवार को संबद्ध जिलाधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी समेत ग्राम प्रधान से जवाब दाखिल करने को कहा है। इस मामले को कालसी ग्राम सभा निवासी बलिन की ओर से जनहित याचिका के माध्यम से चुनौती दी गयी है। साथ ही प्रकरण की सुनवाई कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की खंडपीठ में हुई। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि उसके गांव में मेरा गाँव मेरी सड़क योजना के तहत निर्मित सड़क के सुधारीकरण के लिए वर्ष 2021-22 और 2022-23 में 10 - 10 लाख रुपये स्वीकृत किए गए लेकिन इसके बावजूद सड़क दुरुस्त नहीं हो पायी है। सड़क में बड़े बड़े गड्ढे हैं जो दुर्घटना को दावत दे रहे हैं। याचिकाकर्ता की ओर से दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने और सरकारी धन की वसूली के साथ ही अभियोग पंजीकृत करने की मांग की गयी है।

### राज्य की आर्थिक स्वायत्तता पर अतिक्रमण करना बंद करे केन्द्र : पिनाराई विजयन

कोट्टयम। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने गुरुवार को केंद्र से राज्य की आर्थिक स्वायत्तता पर अतिक्रमण करने से परहेज करने का आग्रह किया। विजयन ने राज्य सरकार के आउटरीच कार्यक्रम नवकेरल नाडास के हिस्से के रूप में यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आगाह किया कि यदि केंद्र राज्य की आर्थिक स्वायत्तता पर अपना अतिक्रमण नहीं रोकता है तो राज्य एक आसन्न वित्तीय आपदा की ओर चला जायेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सोची-समझी चालों से संविधान के आर्थिक संघवाद को धीरे-धीरे खत्म करके एक खतरनाक खेल खेल रही है। उन्होंने विपक्ष और केरल समाज से सरकार के साथ खड़े होने का आह्वान करते हुए कहा कि राज्य सरकार भारतीय संघवाद को संरक्षित करने के लिए एक निर्णायक कानूनी और ऐतिहासिक लड़ाई शुरू कर रही है। उन्होंने राज्यपाल से केंद्र से स्पष्टीकरण मांगने का भी आग्रह किया, जो उधार सीमा में कटौती के माध्यम से वित्तीय स्वायत्तता पर अतिक्रमण करके राज्य में विकास और कल्याण गतिविधियों को पटरी से उतारने की लगातार कोशिश कर रहा है।

### विधानसभा की गरिमा के अनुरूप कार्य करने के होंगे प्रयास : वासूदेव देवनानी

अजमेर। राजस्थान में मनोनीत विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि वह सदन में आपसी सहमति बनाते हुए विधानसभा की गरिमा के अनुरूप कार्य करने का प्रयास करेंगे ताकि प्रदेश नये विकास की ओर आगे बढ़ सके। विधानसभा अध्यक्ष मनोनीत होने के बाद आज अजमेर पहुंचे देवनानी ने अजमेर जिला भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यालय में मीडिया से यह बात कही। उन्होंने कहा कि वह अब आगे की पारी शुरु करेंगे। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष मनोनीत होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के अध्यक्ष जे पी नड्डा, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी, भाजपा के प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह का आभार जताते हुए कहा जो विश्वास मुझ जैसे कार्यकर्ता पर व्यक्त किया गया है, मैं अपनी पूरी क्षमता के साथ उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि वह कभी कालेज में पढ़ाने का काम किया करते थे, उन्हें इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी गई है।

### सरकार पर जब तक लालू का साया, निवेशक जल्दी नहीं आयेंगे बिहार : सुशील

पटना। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने कहा कि बिहार में जब-तक लालू प्रसाद यादव और उनके पुत्र तेजस्वी यादव सत्ता के केंद्र में रहेंगे, तब तक उनके डरावने 15 साल की याद कर कोई बड़ा निवेशक जल्दी बिहार नहीं आएगा। मोदी ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि नीतीश कुमार के आश्वसन पर किसी को भरोसा नहीं है। बिहार में पहले भी दो बार इंवेस्टर्स मीट हो चुका है। यह कोई पहली बार नहीं हो रहा है। इस बार राष्ट्रीय जनता दल , कांग्रेस, जनता दल यूनाइटेड और वामदल जिस उद्यमी गौतम अडाणी को दिन-रात कोसते रहते हैं, उन्हें महागठबंधन सरकार रेड कार्पेट वेलकम दे रही है। भाजपा सांसद ने कहा कि श्री नीतीश कुमार ने कभी निवेश लाने के लिए न कोई गंभीर प्रयास किया, न पहले दिये गए आश्वासनों का पालन ही किया।

### मोदी के नेतृत्व में लोगों की जिन्दगी बदलना ही हमारी सरकार का लक्ष्य : यादव

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को साकार कर जनता की जिन्दगी बदलना ही हमारी सरकार का लक्ष्य है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार डॉ यादव नवगठित सरकार के संकल्प पत्र के बारे में मार्गदर्शन के लिए यहां मंत्रालय में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव वीरा राणा सहित समस्त अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, विभागाध्यक्ष और विभिन्न निगम मंडलों के महाप्रबंधक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में जन-सामान्य ने अपना विश्वास व्यक्त किया है, उनके नेतृत्व में विकास की प्रक्रिया जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास और जनकल्याण के लक्ष्य को संकल्प पत्र-2023 के अनुरूप धरातल पर उतारना हमारा उद्देश्य है।

### श्रीनगर, पहलगाम का पारा लुढका

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में गुरुवार को श्रीनगर और पहलगाम में मौसम का सबसे कम तापमान क्रमशः शून्य से कम 5.4 डिग्री सेल्सियस और शून्य से कम 5.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। श्रीनगर में इस मौसम की लगातार सबसे ठंडी रात दर्ज की गई। यहां बुधवार को तापमान शून्य से कम 5.3 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले गुरुवार को शून्य से कम 5.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 4.4 डिग्री सेल्सियस कम है। तापमान में गिरावट के कारण डल झील के कुछ आंतरिक हिस्सों सहित अन्य जल निकायों और नल के पानी के पाइप भी जम गए। पहलगाम में पिछली रात शून्य से कम 5.3 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले आज न्यूनतम तापमान शून्य से कम 5.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.0 डिग्री सेल्सियस कम है। गुलमर्ग में आज न्यूनतम तापमान शून्य से कम 5.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि एक दिन पहले यह तापमान शून्य से के कम 5.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो सामान्य से 0.8 डिग्री सेल्सियस कम रहा।

# ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ बसेगा सपनों का शहर

**नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को फरीदाबाद से जोड़ने के लिए ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे बनाया जाएगा**

ग्रेटर नोएडा। (पीएमए) जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को फरीदाबाद से जोड़ने के लिए ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे बनाया जाएगा। भले ही यह एक्सप्रेसवे 31 किलोमीटर लंबा हो, लेकिन सपनों को पूरा करने के लिए यह एक्सप्रेसवे मील का पत्थर साबित होगा। इस एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ सपनों का शहर बसाया जाएगा।



#### इंडस्ट्री और कमर्शियल सेक्टर बसाए जाएंगे

मास्टर प्लान-2041 के तहत एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ नया शहर बसाया जाएगा। इससे जेवर-फरीदाबाद के बीच व्यावसायिक दूरियां कम हो जाएगी। इसके लिए प्लानिंग तैयार की जा रही है। इस एक्सप्रेस के दोनों तरफ उत्तर प्रदेश की सीमा तक जमीन खाली पड़ी है। जिसकी वजह से दोनों शहरों को यमुना नदी के किनारे तक डेवलप किया जाएगा। यहां पर इंडस्ट्री और कमर्शियल सेक्टर बसाए जाएंगे।

#### 7 किलोमीटर का हिस्सा यूपी में होगा

इस एक्सप्रेसवे की लंबाई 31 किलोमीटर होगी। जिसमें से 7 किलोमीटर का हिस्सा उत्तर प्रदेश और बाकी 24 किलोमीटर का हिस्सा फरीदाबाद में होगा। खास बात यह होगी कि यह रोड दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से शुरू होकर कुंडली-गाजियाबाद-पलवल एक्सप्रेसवे और यमुना एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा।

#### ग्रेटर फरीदाबाद के कई सेक्टरों को जोड़ेगा एक्सप्रेसवे

इसके अलावा यह ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे फरीदाबाद के 12 गांव से होकर गुजरेगा। इसके लिए जमीन का अधिग्रहण हो चुका है और काम शुरू हो गया है। फिलहाल काफी स्थानों पर अंडरपास बनाए जा रहे हैं। मास्टर प्लान-2031 के मुताबिक ग्रेटर फरीदाबाद के सेक्टर 117, 118, 112 और 123 को यह ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे कनेक्ट करेगा। आने वाले समय में दोनों शहरों को मेट्रो के माध्यम से भी कनेक्ट किया जाएगा। हालांकि, यह प्लान अभी तैयार नहीं हुआ है। इस तरीके से यह एक्सप्रेसवे सपनों का शहर बसाने के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

#### योगी आदित्यनाथ और मनोहर लाल खट्टर का सपना होगा पूरा

इस ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के बनने के बाद उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का सपना पूरा होगा। दोनों मुख्यमंत्री चाहते हैं कि उत्तर प्रदेश और फरीदाबाद आपस में कनेक्ट हो। इसको लेकर लगातार रूपरेखा का तैयार की जाती है। सबसे खास बात यह है कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनने के बाद जेवर से फरीदाबाद की दूरी काफी आसान हो जाएगी।

## बटाला में भाजपा का सफाया, नेता अकाली दल में हुए शामिल : बादल

अमृतसर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का गुरुवार को बटाला में सफाया हो गया और इसके लगभग सभी नेता शिरोमणी अकाली दल अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल की मौजूदगी में अपने समर्थकों के साथ इसमें शामिल हो गए।

यहां पूर्व मंत्री अनिल जोशी द्वारा आयाजित एक समारोह में बटाला नगर निगम के पूर्व अध्यक्ष- नरेश महाजन, नौ पूर्व पार्षद, दो मौजूदा पार्षद-सुमन हांडा और सुधा महाजन, बटाला भाजपा मंडल के पूर्व उपाध्यक्ष, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष, पार्टी के किसान मोर्चा, व्यापार मंडल, युवा मोर्चा, ओबीसी सेल के पदाधिकारी, वरिष्ठ नागरिक सेल के पूर्व उपाध्यक्ष और ट्रकर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी अकाली दल में शामिल हो गए।

पार्टी में भाजपा बटाला इकाई के शामिल नेताओं का स्वागत करते हुए बादल ने कहा, ''मैं आपको आश्वासन देता हूं कि मैं शांति और साम्प्रदायिक सद्भाव के साथ तेजी से विकास और सामाजिक कल्याण लाभों को सभी तक पहुंचाना सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। उन्होने अकाली दल में विश्वास



जताने के लिए भाजपा नेताओं को धन्यवाद दिया और उन्हें पार्टी में उचित सम्मान देने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर बटाला नगर निगम के पूर्व अध्यक्ष नरेश महाजन ने कहा कि भाजपा नेता अकाली दल की धर्मनिरपेक्ष प्रकृति के बारे में आश्वस्त है और उन्हें लगता है कि पंजाब को अकेले बादल की कुशल नेतृत्व में आगे लेकर जाया जा सकता है।

उन्होंने हिंदू-सिख एकता बनाकर राज्य में शांति और सांप्रदायिक सद्भाव कायम करने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के प्रयासों की सराहना की है।

उन्होने कहा कि सरदार सुखबीर सिंह बादल इसे आगे बढ़ा रहे हैं और यही कारण है कि बटाला भाजपा नेताओं ने उनके नेतृत्व में विश्वास जताया है।

## नेहरू के कारण भारत में शामिल हुआ कश्मीर : पीडीपी

श्रीनगर। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने गुरुवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के कारण भारत का हिस्सा बना।

पीडीपी ने आज जारी अपने मासिक समाचार पत्र स्पीक-अप में नेहरू का बचाव किया, जिनकी हाल ही में गृह मंत्री अमित शाह ने आलोचना की थी। शाह ने पिछले हफ्ते कहा था कि जम्मू-कश्मीर को नेहरू की दो ऐतिहासिक भूलों के कारण नुकसान उठाना पड़ा - पहले युद्धविराम की घोषणा करना और फिर संयुक्त राष्ट्र में जाना।

पार्टी के न्यूज़लेटर में लिखा गया,जवाहरलाल नेहरू की गलतियों पर चिंतन करने के बजाय, भाजपा को खुद से यह पूछने की ज़रूरत है कि 2014 में सत्ता में आने के बाद से उन्होंने भारतीय कश्मीर के लिए क्या किया है। लेख में कहा गया, हमारी भूमि और संसाधनों को अपने साथियों के लिए विभाजित करने और संसद में अपने 'प्रचंड' बहुमत का उपयोग करके हमारे लोगों को कमजोर करने के लिए कानून गिराने के अलावा, भाजपा ने हमारे लिए क्या किया है ? शायद उन्हें पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को खोने का अफसोस है क्योंकि वे इसे युद्ध की लूट की तरह नहीं मान सकते।

## नोएडा में 14.92 एकड़ में बनेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स

नोएडा। (पी एम ए) नोएडा के सेक्टर 123 में प्रस्तावित स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के प्रथम फेज के निर्माण को अब हरी झंडी मिल गई है। जल्द ही इसका निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। यहां दो फेज में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाया जाएगा। दोनों ही फेज में 74-74 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसे इंटरनेशनल स्टैंडर्ड के अनुसार तैयार किया जाएगा। इसका डिजाइन ओरायन आर्किटेक्ट कंपनी ने तैयार किया है। जिसे अप्रूवल मिल गया है।



दरअसल, 2018 में एनजीटी ने सेक्टर-54 लैंड फिल साइट पर कूड़ा नहीं फेंकने का आदेश दिया। समस्या ये थी नोएडा से रोजाना निकलने वाले 650 मीट्रिक टन कूड़े को कहा डंप किया जाए। मास्टर प्लान में सेक्टर-123 के इस 9 हजार वर्गमीटर जमीन पर लैंड फिल साइट बनाने का निर्णय लिया गया और यहां भारी पुलिस फोर्स के साथ काम शुरू किया गया। इसका यहां की सोसाइटी और ग्रामीणों ने विरोध किया। मामले के तूल पकड़ने के बाद इसका स्थान बदलकर सेक्टर-145 किया गया। और गड् ?ढे को ढक दिया गया। 2018 के बाद से ये लैंड खाली थी। प्राधिकरण ने इस जमीन का भू प्रयोग बदला और इसे स्पोर्ट्स एक्टिविटी के लिए यूज करने के लिए कहा गया। ऐसे में अब यहां इंटरनेशनल मानकों पर आधारित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जाएगा। इस स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण 26.65 एकड़ में किया जाएगा।

इससे पहले भी आर्किटेक्ट कंपनी ने सीईओ के सामने प्रजेंटेशन दिया था। इसमें संशोधन करने के लिए कहा गया। फिलहाल अब इसे फाइनल अप्रूवल मिल गया है और यहां जल्द काम शुरू होगा। स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के पहले फेज में 14.92 एकड़ क्षेत्र में निर्माण किया जाएगा। इसके लिए 74 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। पहले फेज में 10 सुविधाओं और एक्टिविटी का निर्माण किया जाएगा।

## उदारता से हिमाचल की वित्तीय मदद रहा केंद्र : ठाकुर

शिमला/मंडी। केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल के आपदा प्रभावितों के लिए 633.75 करोड़ रुपए की राहत राशि जारी करने पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का आभार जताया है।

ठाकुर ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार को नसीहत दी है कि वे बार-बार झूठ बोलना बंद करे और जो राहत राशि मिली है उसे प्रभावितों तक पहुंचाने की दिशा में कार्य करे।



सर्किट हाउस मंडी में पत्रकारों से बातचीत के दौरान श्री ठाकुर ने कहा कि प्रदेश पर आई आपदा के दौरान केंद्र सरकार ने दो किश्तों में 362 करोड़, उसके बाद 190 करोड़, एनडीआरएफ के 200 करोड़, पीएमजीएसवाई के तहत 2700 करोड़ की राशि जारी की थी।

उन्होंने कहा कि इसके बाद केंद्र की टीम प्रदेश में आई आपदा का आंकलन करने यहां आई थी। इस टीम की अनुशंसा पर अब 633.75 करोड़ की और राशि प्रदेश को जारी की जा रही है। यह प्रदेश के लिए आई अब तक की सबसे बड़ी आर्थिक मदद है। केंद्र पूरी उदारता से हिमाचल की वित्तीय मदद कर रहा है।

ठाकुर ने सीएम सुक्खू के विदेश दौरे पर भी अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रदेश में नीजि निवेश की बहुत सी संभावनाएं हैं और इसी के लिए उन्होंने सीएम रहते इन्वेस्टर मीट का आयोजन किया था। उस इन्वेस्टर मीट पर कांग्रेसियों ने खूब हो हल्ला किया था लेकिन आज उनके सीएम उसी राह पर चल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि श्री सुक्खू के वापिस आने के बाद ही पता चल पाएगा कि प्रदेश के लिए कितना निवेश वे ला पाए। यदि प्रदेश में निवेश आता है तो यह प्रदेश के लिए अच्छी बात होगी। जयराम ठाकुर ने सरकार के जनवरी महीने से गोबर खरीदने की गारंटी पर भी तंज कसा।

## हिमाचल में 16 दिसंबर को शिलाई में होगा हाटियों का धरना-प्रदर्शन

शिमला। हिमाचल प्रदेश में 16 दिसंबर को प्रदेश सरकार द्वारा हाटी जनजाति कानून को लागू करवाने के लिए हाटी खुमली और धरना प्रदर्शन किया जायेगा। यह जानकारी केंद्रीय हाटी समिति के महासचिव कुंदन सिंह शास्त्री ने गुरुवार को यहां दी।

उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया में एक संदेश वायरल हो रहा है की शिलाई में 15 दिसंबर को हाटी खुमली हो रही है इस आयोजन का केंद्रीय हाटी समिति या हाटी समिति के किसी भी यूनिट से कोई लेना-देना नहीं है। शास्त्री ने कहा कि सच्चाई यह है कि केन्द्रीय हाटी समिति के आह्वान पर हिमाचल सरकार द्वारा जनजाति कानून को लागु करवाने के लिए हाटी खुमली व धरना प्रदर्शन किया जायेगा। जिसमें सभी को आमंत्रित किया गया है इस खुमली में हाटी मुद्दे पर आरंभ से आज तक की गई प्रमुख गतिविधियों की भी जानकारी दी जाएगी।

हाटी मुद्दे पर आरंभ से आज तक की गई प्रमुख गतिविधियों की तथ्यों और प्रमाणों के साथ जानकारी भी दी जाएगी।

## ओडिशा में पंचायतें उभर रही है विकास के केंद्र के रूप में : पटनायक

भुवनेश्वर। ओडिशा मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने गुरुवार को कहा कि राज्य की पंचायतें विकास केन्द्र के रूप में उभर रही है जिससे गांवों में बदलाव से पूरे राज्य में विकास की ब्यार चल रही है।

पटनायक ने आज यहां लोकेशन एक्सेसिबल मल्टी मॉडल इनिशिएटिव के तहत कोरापुट जिले में बस सेवा शुरू करने के अवसर पर कहा कि राज्य में विकास एक जन आंदोलन बन गया है और पंचायतें इसके लिए विकास के केंद्र के रूप में उभर सामने आयी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना के तहत कोरापुट जिले के 234 पंचायत गांवों को ब्लॉकों से जोड़ने के लिए 63 बसें शुरू की गयी हैं। एलएसीसीएमआई योजना के तहत अब तक पहले चरण में मलकानगिरी, नवरंगपुर, रायगड़ा, कालाहांडी, गजपति और कोरापुट जिलों के 1,131 पंचायतों में बसों की शुरूआत को चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बसों की शुरुआत होने से इन जिलों के लगभग 63 लाख लोग अब किफायती दर यात्रा कर सकेंगे। इस योजना के तहत अपने गांव से ब्लॉक तक के लिए महिलाओं, विद्यार्थियों और दिव्यांगों को केवल पांच रुपया किराया देना होगा।

### न्यायालयों से जारी वारंटों की तामील न होने पर एडीजी हुए नाराज

**देहरादून।** उत्तराखंड के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी),(अपराध एवं कानून-व्यवस्था) ने गुरुवार को गैर जमानती वारंट एवं कुर्की वारंट की तामील की अध्यावधिक समीक्षा की। उन्होंने जनपदों में न्यायालय से जारी आदेशिकाएं अदम तामील दर्शाये जाने एवं किरायेदारों के सत्यापन में भी केवल औपचारिकताएं पूरी किये जाने पर नाराजगी व्यक्त की। इस पर उन्होंने गैर जमानती अथवा कुर्की वारण्ट की तामील तथा किरायेदारों के सत्यापन सम्बन्ध के लिए आगामी 15 दिसंबर से 15 दिन का विशेष अभियान शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

## हिमाचल में 25 से 31 दिसंबर तक विंटर कार्निवाल आयोजित किया जायेगा

शिमला। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में 25 से 31 दिसंबर 2023 वाले विंटर कार्निवाल आयोजित किया जाएगा।

यह जानकारी उपायुक्त शिमला आदित्य नेगी ने गुरुवार को यहां दी। उन्होंने विंटर कार्निवाल की तैयारियों को लेकर सभी विभाग मिलकर कार्य करें ताकि कार्निवाल का बेहतर आयोजन सुनिश्चित हो सके।

उपायुक्त ने बताया कि 25 दिसंबर को कार्निवाल का उद्घाटन मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू से करवाया जायेगा। इस दौरान महिलाओं की महानाटी मुख्य आकर्षण रहेगी। इसके अतिरिक्त, विभिन्न जिलों से आये कलाकारों द्वारा कल्चरल परेड भी निकली जाएगी।

कार्यक्रम के लिए रिज मैदान पर स्टेज बनाया जायेगा तथा पुलिस नियंत्रण कक्ष व रोटरी टाउन हॉल के समीप भी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।

उन्होंने बताया कि विंटर कार्निवाल में 25 से 31 दिसंबर तक प्रतिदिन पर्यटकों और स्थानीय लोगों को विभिन्न जिलों के कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देखने को मिलेंगी। इसके अतिरिक्त, गेयटी थिएटर में भी प्रतिदिन कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे जिसमें थिएटर फेस्टिवल, सूफ़ी गायन, कवाली आदि शामिल रहेंगे।

उन्होंने बताया कि कार्निवाल में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं तथा मॉल रोड बिज़नेस एसोसिएशन द्वारा स्टाल स्थापित किये जायेंगे।

उन्होंने कहा कि अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक वर्मा ने बैठक का सचालन किया और कार्निवाल की तैयारियों को लेकर रूपरेखा उपायुक्त के समक्ष रखी।

## हाईकोर्ट ने खनन के लिये मशीनी उपयोग पर से हटायी रोक

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने गुरुवार को जारी अपने महत्वपूर्ण निर्णय में प्रदेश सरकार को राहत देते हुए नदियों से ड्रेजिंग नीति के तहत होने वाले खनन के लिये मशीनों के उपयोग की अनुमति दे दी।

अदालत ने खनन के नाम पर चलने वाले जंगलराज के लिये भी सरकार को मौखिक रूप से चेताया और अवैध खनन पर रोक लगाने और निगरानी के लिये ठोस कदम उठाने के निर्देश दिये हैं।

अदालत के इस निर्णय से राज्य सरकार को बड़ी राहत मिली है। इससे



राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं के निर्माण में आयी बड़ी बाधा भी हट गयी है। इसी के साथ ही अदालत ने रेल विकास निगम और प्रदेश सरकार की मांग को स्वीकार कर लिया।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की युगलपीठ में प्रदेश सरकार और रेल विकास निगम की ओर से दायर प्रार्थना पत्रों पर आज सुनवाई हुई।

रेल विकास निगम की ओर से दायर प्रार्थना पत्र में कहा गया कि नदी तटों में ड्रेजिंग के तहत होने वाले खनन के लिये मशीनों के उपयोग पर उच्च न्यायालय की रोक से प्रदेश में संचालित राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाएं अधर में लटक गयी हैं।

दूसरी प्रदेश सरकार की ओर से अदालत में पेश महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर और मुख्य स्थायी अधिवक्ता सीएस रावत की ओर से कहा गया कि खनन और ड्रेजिंग खनन में अतंर है।

दोनों के लिये अलग अलग नीति और नियम बनाये गये हैं।

ड्रेजिंग के तहत निकलने वाले खनिज पदार्थों का उपयोग राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं के निर्माण में होता है। मशीनों के उपयोग के बिना ड्रेजिंग संभव नहीं है।

हाथ से खनन के लिये अधिक श्रमिकों की आवश्यकता होगी जो कि संभव नहीं है।

## बंगाल : सीबीआई अधिकारियों ने कोयला घोटाले के सिलसिले में कई स्थानों पर की छापेमारी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में सरकारी स्वामित्व वाली ईसीएल खदानों से कोयले की कथित तस्करी को लेकर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा के अधिकारियों ने गुरुवार को कोलकाता ,दुर्गापुर और आसनसोल के औद्योगिक शहरों सहित कम से कम 12 स्थानों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकरी दी। सूत्रों ने बताया कि कोलकाता में सीबीआई के अधिकारियों ने भवानीपुर में उन तीन फ्लैटों पर छापा मारा जहां पूर्व ईसीएल अधिकारी श्यामल सिंघा रहते थे। इसके अलावा संघीय एजेंसी की भ्रष्टाचार विरोधी शाखा ने आसनसोल और दुर्गापुर कस्बों सहित पश्चिम बर्धमान जिले के कई स्थानों पर तलाशी अभियान शुरू किया। छापेमारी घोटाले के कथित लाभार्थियों के कार्यालयों और आवासों पर की गई इस मामले में कुछ आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि राज्य के कुछ प्रभावशाली लोगों से पूछताछ की गई है। जांच अधिकारियों को कोयला घोटाले में और अधिक लाभार्थियों के बारे में कुछ सुराग मिलने के बाद सीबीआई की छापेमारी हुई ।

## शार्ट न्यूज

### सड़क निर्माण में हुआ भ्रष्टाचार, जांच की मांग

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा में गुरुवार को करप्शन फ्री इंडिया संगठन के कार्यकर्ताओं ने कासना से सूरजपुर मार्ग के निर्माण में हुए भ्रष्टाचार की जांच की मांग की। वहीं मार्ग को गड्ढा मुक्त करने के संबंध में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ मेधा रूपम को ज्ञापन सौंपा। संगठन के संस्थापक सदस्य आलोक नागर एवं प्रदेश महासचिव दिनेश नागर ने बताया कि कासना से सूरजपुर तक की सड़क का निर्माण ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के द्वारा लगभग 2 वर्ष पूर्व किया गया था। इस सड़क के निर्माण में घटिया किस्म की सामग्री का प्रयोग किया, जिससे सड़क में एक साल में ही गड्ढे हो गए। जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे जानमाल का नुकसान हो रहा है। आलोक नागर ने बताया कि ठेकेदार ने संबंधित अधिकारियों से मिलीभगत कर सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार किया। इसकी शिकाय मुख्य कार्यपालक अधिकारी से की गई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। दिनेश नागर ने बताया कि आज संगठन के कार्यकर्ताओं ने सड़क को तत्काल गड्ढा मुक्त करने एवं निर्माण में घटिया किस्म की सामग्री के प्रयोग की जांच कर ठेकेदार एवं संबंधित अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की।

### 10 साल की बच्ची से चलती कार में गैंगरेप

गाजियाबाद। गाजियाबाद के लोनी में बारात देखने गई 10 साल की बच्ची को एक बुजुर्ग और एक युवक ने कार में किडनैप किया। इसके बाद लोनी-निठोरा मार्ग पर चलती कार में उसके साथ गैंगरेप किया। फिर आरोपी मासूम को सड़क किनारे छोड़कर फरार हो गए। घटना 10 दिसंबर की रात की है। घटना के बाद डरी सहमी बच्ची रात में घर आकर सो गई। अगली सुबह यानी 11 दिसंबर को उसने मां को पूरा मामला बताया। पीड़ित परिवार ने 12 दिसंबर की रात को लोनी थाने पहुंचकर मामला दर्ज कराया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों जाकिर और नाजिम को गिरफ्तार कर लिया है। एनकाउंटर में नाजिम के दोनों पैरों में गोली लगी है। लोनी क्षेत्र की एक कॉलोनी में रहने वाली महिला शादी समारोहों में काम करके परिवार चलाती है। 10 दिसंबर की शाम 6 बजे इस महिला की 10 साल की बेटी राशिद अली गेट के पास एक बारात देखने के लिए गई थी। इसी दौरान ईको कार सवार दो लोग वहां पहुंचे और घर छोड़ने के बहाने बच्ची को कार में बैठा लिया। इसके बाद लोनी-निठोरा मार्ग पर दोनों ने दरिंदगी की।

### महिलाओं से चेन लूटने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

गाजियाबाद। गाजियाबाद पुलिस ने दो ऐसे आरोपी गिरफ्तार किया हैं, जो अकेली जा रही महिलाओं के गले से चैन या मंगल सूत्र लूट लिया करते थे। पुलिस ने उनके कब्जे से दो लूटी गई चेन और वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद की है। आरोपी वारदात को ऐसी जगह अंजाम देते थे, जो थोड़ी सुनसान हो और महिला अकेली जा रही हो। गाजियाबाद के एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के नाम सुहेल और साकिब है। पुलिस के मुताबिक काफी दिनों से पुलिस उनकी तलाश कर रही थी। लगातार क्षेत्र से शिकायत आ रही थी की अकेली जा रही महिलाओं को यह निशाना बनाते हैं। पुलिस के मुताबिक यह अपनी मोटरसाइकिल पर ऐसी जगह तलाशते थे, जो थोड़ी सुनसान हो और जहां से महिला का आवागमन हो। जब भी इनको कोई महिला अकेली जाती दिखती यह उसके गले में पड़ी चेन या मंगलसूत्र लूट लेते थे। दो घटनाओं में इनको सीसीटीवी सामने आए थे। उसके बाद पुलिस ने इनकी तलाश शुरू की। वहीं गुरुवार को पुलिस ने सुहेल और साकिब को गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से पुलिस ने लूटी गई तो चेन और वारदात में इस्तेमाल हुई मोटरसाइकिल बरामद की है।

### दुकान के लिए पैदल जा रहे व्यापारी का अपहरण

मोदीनगर । बिसोखर मार्ग पर बुधवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे भरे बाजार सीमेंट व्यापारी अचल सिंहल (26) के अपहरण का प्रयास किया गया। वह पैदल ही घर से दुकान पर जा रहे थे। तीन बदमाशों ने उन पर तमंचा तानकर उन्हें कार की डिक्की में डाल दिया। बदमाश उन्हें लेकर चल भी दिए थे लेकिन उन्होंने हिम्मत दिखाते हुए हाथ-पांव मारकर कार की डिक्की खोल ली और फिर छलांग लगा दी। सड़क पर गिरने और 10 मीटर तक घिसटते चले जाने से वह बुरी तरह घायल हो गए लेकिन अगले ही पल खुद को संभालते हुए खड़े हुए और जोर से शोर मचा दिया। आसपास के लोग उनकी ओर दौड़े तो बदमाशों के पांव उखड़ गए। वे उन्हें छोड़कर भाग गए। उनकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास कांबिंग की लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं लग सका। माना जा रहा है कि बदमाश फिरौती वसूलने के लिए अपहरण करने आए थे। अचल सिंहल ने किसी से रंजिश या झगड़ा नहीं होने की बात कही है। संतपुरा निवासी अचल सिंह ने बताया कि उनकी बिसोखर रोड पर घर से 300 मीटर दूर ही दुकान है। पिता श्याम कुमार सुबह आठ बजे ही दुकान पर पहुंच जाते हैं। उनके एक-दो घंटे बाद वह जाते हैं।

### स्टील की दो फर्मों में पाई गई जीएसटी चोरी

गाजियाबाद। राज्यकर विभाग के जोन-दो की विशेष अनुसंधान शाखा ने स्टील की दो फर्मों में जीएसटी चोरी पकड़ी है। इस फर्म के दस्तावेजों को जब्त कर 20 घंटे चली जांच में पाई गई चोरी के आधार पर फिलहाल फर्म से 1.57 करोड़ रुपये टैक्स और जुर्माने के रूप में जमा कराए गए हैं। आगे जांच में जीएसटी चोरी की रकम और बढ़ी तो फर्म को और रकम जमा करानी होगी। जोन-दो के अपर आयुक्त ग्रेड-2 ओपी तिवारी ने बताया कि बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र स्थित फर्म के द्वारा स्क्रैप की खरीद कर आयरन की कास्टिंग और एचआर क्वायल की खरीद-बिक्री के साथ-साथ जॉब वर्क भी किया जाता हैद्ध इन फर्मों की बिना ई-वे बिल की गाड़ियां भी ट्रैक की गई थीं। सभी पैरामीटर के परीक्षण के बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र व संभाग सी की विशेष अनुसंधान शाखा की ओर से जांच शुरू की गई द्य जांच की यह प्रक्रिया लगभग 20 घंटे चली और इसमें प्रतिकूल तथ्य पाए गए। इनके आधार पर 1.57 करोड़ रुपये फर्म की ओर से जमा करा दिया गया। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान दोनों फर्मों से खरीद-बिक्री से संबंधित अन्य दस्तावेज जब्त किए गए हैं।

### बाल वाटिका में अब चार वर्ष तक के विद्यार्थियों का होगा दाखिला

फरीदाबाद। नई शिक्षा नीति में अब पूर्व प्राथमिक शिक्षा को अनिवार्य शिक्षण कर दिया गया है। जिले के 239 राजकीय स्कूलों में खुले बाल वाटिका में अगले सत्र से चार वर्ष तक के विद्यार्थियों का दाखिले होंगे। इनमें अभी तक साढ़े चार वर्ष तक के विद्यार्थियों का दाखिला होता था। वहीं, आंगनवाड़ी में पहली कक्षा से पहले की शिक्षा दी जा रही है। इसके बाद पहली कक्षा में दाखिल कर लिया जाएगा। योजना के तहत जिले के राजकीय स्कूलों में 239 बालवाटिका खोली गई हैं। यहां दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों को भोजन के साथ कॉपी, पेंसिल, बस्ता और वर्दी भी दिया जाएगा। बालवाटिका में साढ़े चार घंटे की पढ़ाई के दौरान विद्यार्थियों को दो बार जलपान की भी व्यवस्था होगी। इसमें दाखिल लेने वाले विद्यार्थियों का रिकार्ड एमआईएस पोर्टल पर भी भरना होगा। नई शिक्षा नीति के तहत प्रथम कक्षा से पहले तीन वर्ष तक औपचारिक पूर्व प्राथमिक शिक्षा की व्यवस्था की गई है। वहीं, कक्षा पहली में दाखिले के लिए सरकार की ओर से पांच वर्ष न्यूनतम आयु निर्धारित की गई है।

### दुष्कर्म मामले में दोषी को दस वर्ष की सजा

ग्रेटर नोएडा। जिला न्यायालय ने नाबालिग छात्रा को अगवा कर दुष्कर्म करने के मामले के दोषी राहुल को 10 वर्ष की सजा सुनाई। अतिरिक्त सेशन जज पॉक्सो एक्ट प्रथम विकास नागर ने दोषी पर 80 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया। साक्ष्य के अभाव में दो आरोपियों डॉ. रविंद्र और विषु को बरी कर दिया गया।एडीजीसी जेपी भाटी ने बताया कि बादलपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान की नाबालिग बेटी 12 कक्षा में पढ़ती थी। वर्ष 2016 में छात्रा गाजियाबाद में ब्यूटी पार्लर का कोर्स करने जाती थी। 16 जून को छात्रा घर से ब्यूटी पार्लर जाने के लिए निकली थी, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मामले में पॉक्सो ऐक्ट और अपहरण का केस दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने पीड़िता को बरामद कर न्यायालय में बयान दर्ज कराए। पीड़िता का मेडिकल कराया गया। न्यायालय में दिए बयान के आधार पर केस में दुष्कर्म की धारा बढ़ाई गई।

# संसद सुरक्षा में चूक को लेकर युवा कांग्रेस का केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

नयी दिल्ली। भारतीय युवा कांग्रेस ने संसद सुरक्षा में चूक को गंभीर मामला बताते हुए गुरुवार को यहां केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बी वी श्रीनिवास ने कहा कि संसद में घुसपैठ का मामला बहुत ही गंभीर है, पर केंद्र सरकार के बर्ताव को देख कर ऐसा लग रहा है कि उन्हें इस घटना से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा कि संसद की सुरक्षा चूक के सवाल पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को इस पर अपना वक्तव्य देना चाहिए और इस चूक पर क्या कदम उठाए जाएंगे, इसके बारे में सदन में उन्हें बताना चाहिए।




श्रीनिवास ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री को गंभीर घटना पर दुख जताना चाहिए था, पर उनका ऐसा रवैया ढुलमुल लग रहा है। उन्होंने यह मांग कि ये देश की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला है और इस पर प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को जवाब देना चाहिए।

दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रणविजय सिंह लोचव ने कहा कि जहां एक तरफ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद महुआ मोइत्रा द्वारा अपनी आईडी के पासवर्ड को सांझा करने पर संसद द्वारा उन्हें बर्खास्त कर दिया जाता है वहीं भाजपा सांसद के पास पर दो लोग लोकसभा की दर्शक दीर्घा के अंदर आते हैं और सदन की गैलरी में कूछ कर गैस छोड़ते हैं, इस पर अभी तक कोई कारवाई क्यों नहीं हुई है, ये देश की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला है। उन्होंने कहा कि जो सदन की गैलरी में कूद कर गैस छोड़ सकते हैं, वो जानलेवा बम भी फोड़ सकते हैं। इस पूरे मामले में देश के प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को अपना जवाब देना चाहिए और जिस भाजपा सांसद के पास पर दो लोग सदन के अंदर आए थे उस सांसद को जल्द से जल्द बर्खास्त किया जाना चाहिए।

इस दौरान प्रदर्शन में दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष रणविजय सिंह लोचव समेत अनेकों युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**सत्येंद्र जैन को सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत**

# अंतरिम जमानत आठ जनवरी तक बढ़ाई

**नई दिल्ली** । सुप्रीम कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आप नेता सत्येन्द्र जैन की अंतरिम जमानत आठ जनवरी, 2024 तक बढ़ा दी है। सत्येंद्र कुमार जैन फिलहाल चिकित्सकीय आधार पर अंतरिम जमानत पर हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 26 मई को छह सप्ताह के लिए उन्हें जमानत दी थी। बाद में इसे समय-समय पर बढ़ा दिया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 24 अगस्त 2017 को सीबीआई की तरफ से दर्ज की गई एफआईआर को आधार बनाकर जैन के खिलाफ मनी-लॉन्ड्रिंग मामले में जांच शुरू की थी। सत्येंद्र जैन ने 14 फरवरी 2015 से 31 मई 2017 तक कई लोगों के नाम पर चल संपत्तियां खरीदी थीं। जिसका वे संतोषजनक हिसाब नहीं दे सके थे। उनके साथ पूनम जैन, अजित प्रसाद जैन, सनील कुमार जैन, वैभव जैन और अंकुश जैन के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली सरकार को अगले साल 31 जनवरी तक एक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें राष्ट्रीय राजधानी में न्यायिक बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए निविदाएं जारी करने सहित उठाए गए कदमों का विवरण दिया गया हो। 11 दिसंबर को शीर्ष अदालत ने बुनियादी ढांचे के विकास के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय और जिला न्यायपालिका को धन उपलब्ध कराने के प्रति अपने ढुलमुल रवैये पर दिल्ली सरकार की खिंचाई की थी।

# 500 इलेक्ट्रिक बसों को सीएम केजरीवाल ने दिखाई हरी झंडी

### 2025 तक दिल्ली की सड़कों पर दौड़ेंगी इतनी बसें

नई दिल्ली। दिल्ली में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को 500 इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखा दी है। अब दिल्ली की सड़कों पर देश में सबसे ज्यादा 1300 इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी। दिल्ली की सड़कों पर 2025 तक 8280 इलेक्ट्रिक बसें दौड़ेंगी। दिल्ली को विश्व मंच पर परिवहन मॉडल के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक कदम है।

दिल्ली ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन के अधिकारियों के मुताबिक, दिल्ली में प्रदूषण बड़ी समस्या है। ई-बसों का संचालन होने से वायु और ध्वनि प्रदूषण नहीं होगा। साथ ही, यात्रियों का सफर भी आसान होगा। दिल्ली देश का पहला राज्य है जहां पर सबसे अधिक ई-बसों का संचालन पब्लिक ट्रांसपोर्ट के रूप में किया जा रहा है। दिल्ली में ई-बसों के 10 डिपो हैं।

पुरानी दिल्ली से जामिया के लिए जल्द डीटीसी बस सेवा शुरू होगी। डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल ने पुरानी दिल्ली के छात्रों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत से बुधवार को मुलाकात की और उन्हें इस संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। कैलाश गहलोत ने जल्द इस रूट पर बस सेवा शुरू करवाने का आश्वासन दिया। डिप्टी मेयर ने बताया कि उन्होंने पुरानी दिल्ली से ईद गाह, फिल्मिस्तान, तुर्कमान गेट, निजामुद्दीन व जामा मस्जिद के लिए बस सेवा शुरू करने के लिए ज्ञापन पत्र दिया।

# मेवाड़ में मानवाधिकार दिवस समारोह आयोजित


- सरकारें नागरिकों को जीने के समान अधिकार दें : राजीव
- मानवाधिकारों के प्रति देश के लोग जागरूक बनें : डॉ. गदिया

गाजियाबाद। वसुंधरा स्थित मेवाड़ लॉ इंस्टीट्यूट की ओर से मेवाड़ ऑडिटोरियम में आयोजित मानवाधिकार दिवस समारोह में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य राजीव जैन ने कहा कि मानवाधिकार आयोग को सालभर में देशभर से एक लाख शिकायतें लोगों की मिलती हैं इनमें से 70 हजार मानवाधिकार से संबंधित नहीं होतीं। लिहाजा आयोग उनको या तो रिजेक्ट कर देता है या संबंधित विभागों को भेज देता है। उन्होंने खनन के मामलों में सांस की दिक्कतों, आपसी विद्वेष, बाल एवं महिला यौन शोषण जैसे मामलों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने अपील की कि सरकारें इन मामलों के प्रति गंभीरता बरतें और सभी नागरिकों को जीने के समान अधिकार दें। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने कहा कि मानवाधिकारों की सुरक्षा को लेकर देश के लोग जागरूक बनें। इसके लिए मानवाधिकारों की लोगों को सही जानकारी होना ज़रूरी है। उन्होंने कहा कि मानव के सम्पूर्ण विकास के लिए यह अधिकार अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अधिकार वे नहीं जो आपको प्रदान किए जाएं, अधिकार वे हैं जो आपसे कोई छीन न सके। मानवाधिकार कानून मानव को सामाजिक, आर्थिक व सांस्कृतिक सुरक्षा प्रदान करते हैं। अगर 20 प्रतिशत लोग 80 प्रतिशत लोगों के हकों को



मारने पर तुले रहे तो हम पाषाण युग की ओर धकेल दिये जाएंगे। सहिष्णुता जैसे मुद्दे को गंभीरता से सोचना होगा। इस मौके पर डा. गदिया एवं मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने मुख्य अतिथि राजीव जैन को मेवाड़ की ओर से गुलदस्ता, शॉल एवं स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। समारोह में लॉ के विद्यार्थियों आशुतोष रस्तोगी, अक्षत मोंगा, आयुषी त्यागी, खुशी झा, रिमझिम भटनागर आदि ने मानवाधिकारों के महत्व पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर मेवाड़ लॉ इंस्टीट्यूट का शिक्षण स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद थे। संचालन यशिका तोमर ने किया। अंत में मेवाड़ ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# महर्षि महेश योगी संस्थान के तत्त्वावधान में श्री रामकथा ज्ञान- यज्ञ का आयोजन





**नोएडा।** महर्षि महेश योगी संस्थान के तत्त्वावधान में महर्षि आश्रम द्वारा श्री रामकथा ज्ञान-यज्ञ का आयोजन नोयडा में किया जा रहा है। कथा- दान कर रहे हैं- श्री सतीश सद्गुरु नाथ। पाँचवें दिन अपने कथा- क्रम वक्तृता में श्री सतीश सद्गुरु नाथ ने कहा कि पान के पत्ते का उसकी जड़ों से जुड़ाव बना रहा रहता है। उसका अपनी जड़ों के लगाव ही उसकी जीवंतता का कारक तत्त्व है। शायद मोबाइल आदि के पूर्व सोच इनमें छिपी रही होगी। यह मनुष्यता की मांगल्य का तर्क है कि वह क्षमा, करुणा व अच्छाई से सम्बद्ध रहे। जो मनुष्य सबके मंगल से जुड़ा है, वही परा से जुड़ा है। जितने ही बड़प्पन की ओर बढ़ते हैं उतनी ही आदमीयत की ओर बढ़ते हैं। यह कनेक्ट मनुष्यता का कनेक्ट है।

कार्यक्रम में महर्षि महेश योगी संस्थान के अध्यक्ष व महर्षि सूचना तकनीक विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री अजय प्रकाश श्रीवास्तव, श्रीमती श्रीवास्तव, श्रीमती एवं श्री अशोक श्रीवास्तव, श्री विनीत श्रीवास्तव, श्री राहुल भारद्वाज, अयोध्या से श्री तिवारी, नव नालंदा महाविहार विश्वविद्यालय, नालन्दा के हिन्दी विभाग के प्रोफ़ेसर एवं अध्यक्ष प्रो. रवींद्र नाथ श्रीवास्तव परिचय दास आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। श्री अजय प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि श्री महर्षि महेश योगी ने श्री राम दरबार की विशिष्ट कल्पना की थी। उनकी भावातीत ध्यान की दृष्टि व श्री राम के प्रति भाव अद्वितीय रहे हैं।

### नोएडा प्राधिकरण ने 8 जगहों पर बनाया रैन बसेरा

नोएडा। ठंड बढ़ने के साथ नोएडा प्राधिकरण ने बेसहारा और सड़क पर रात गुजारने वाले लोगों के लिए रैन बसेरा बनाए है। यहां छह वर्क सर्किल में एक-एक रैन बसेरा बनाए गए है। जिसमें महिला और पुरुषों के रुकने की अलग-अलग व्यवस्था की गई है। इनके लिए यहां पीने के लिए पानी, शौचालय का निर्माण भी किया गया है। साथ ही भोजन की व्यवस्था भी की गई है। इन रैन बसेरे में कुल 220 लोग रुक सकते है। सबसे बड़ा रैन बसेरा सेक्टर-21 नोएडा स्टेडियम के रामलीला मैदान में बनाया गया है। यहां कुल 65 व्यक्ति जिसमें 50 पुरुष और 15 महिलाएं ठहर सकते है। इसके अलावा सेक्टर-62, ग्राम मामूरा बारात घर, सोरखाा जाहिदाबाद बारात घर, शहदरा पंचायत घर, सेक्टर-135 सामुदायिक केंद्र और ग्राम कोंडली बरात घर में रैन बसेरा बनाया गया है।

# नोएडा पुलिस ने 25000 के इनामी को किया गिरफ्तार

### गैंगस्टर एक्ट के मामले में चल रहा था फरार

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा की दादरी थाना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस पर रु 25000 का इनाम भी घोषित किया गया था, यह अपने साथियों के साथ मिलकर लूट चोरी डकैती की काफी वारदातों को अंजाम दे चुका है। इसी वर्ष जुलाई में इन लोगों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी।

थाना दादरी पुलिस द्वारा इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस व मैनुअल इंटेलिजेंस की सहायता से गैंगस्टर एक्ट के अभियोग में वांछित चल रहे 25,000 रूपये के इनामी बदमाश राहुल को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी को थाना क्षेत्र के अजायबपुर के राजा ढाबा के पास से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी मूल रूप से संभल का रहने वाला है । आरोपी के कब्जे से 01 अवैध तमंचा .315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया है।

#### गिरोह में कुल 9 सदस्य

पुलिस द्वारा बताया गया कि यह बड़े ही शातिर गिरोह का सदस्य है। इनका गैंग लीडर मनीष है जो की टप्पल का रहने वाला है। इनके गिरोह में कुल 9 सदस्य हैं, जिनके द्वारा लूट चोरी और डकैती की घटनाओं को अंजाम दिया गया था। इन लोगों ने गिरोह बनाकर गौतम बुद्ध नगर के अलावा कई अन्य जिलों में लूटपाट की वारदातों को अंजाम दिया था। इनमें से कई आरोपी जेल जा चुके हैं। इनके लगातार बढ़ते अपराध को देखते हुए ही पुलिस द्वारा इनपर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई।

# एमआरएफ सेंटर पर ग्रेनो प्राधिकरण ने लगाया 5 लाख रुपये का जुर्माना

### निरीक्षण के दौरान कंपोस्टिंग मशीन बंद मिलने पर की कार्रवाई

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर ज्यू वन में एमआरएफ केंद्र संचालित करने वाली संस्था इंडियन पॉल्यूशन कंट्रोल एसोसिएशन (आईपीसीए) पर 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। एमआरएफ प्रोसेसिंग सेंटर पर कंपोस्टिंग मशीन न चलाए जाने के चलते प्राधिकरण के जनस्वास्थ्य विभाग की तरफ से यह कार्रवाई की गई है।

वहीं सेक्टर अल्फा वन की दो सोसाइटियों में कूड़े का उचित निस्तारण न करने पर मैसर्स के. सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सर्विस पर 12,400 का जुर्माना लगाया गया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर शहर में गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है। इसी क्रम में प्राधिकरण के ओएसडी इंदु प्रकाश सिंह ने बृहस्पतिवार को जनस्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ वेस्ट का निस्तारण करने के लिए सेक्टर ज्यू वन स्थित एमआरएफ/ प्रोसेसिंग सेंटर का औचक निरीक्षण किया।



इस दौरान एमआरएफ प्रोसेसिंग सेंटर पर लगी कंपोस्टिंग मशीन बंद मिली। यह मशीन खराब हालत में थी। संस्था द्वारा गार्बेज को लखनावली स्थित अस्थाई डंपिंग साइट पर चोरी छुपे कूड़ा डंप किए जाने की भी सूचना मिल रही थी। इसके चलते स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक उत्सव कुमार निरंजन ने इंडियन पॉल्यूशन कंट्रोल एसोसिएशन (आईपीसीए) पर 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की रकम शीघ्र जमा न करने पर और भी कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

इसके बाद ओएसडी इंदु प्रकाश सिंह ने सेक्टर अल्फा वन स्थित मिलेनियम विलेज और हरमुख अपार्टमेंट का जायजा लिया। यह दोनों सोसाइटियां बल्क वेस्ट जनरेटर की श्रेणी में आती है।

# अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त महान अभिनेता स्वर्गीय राजकपूर को उनकी 99वीं जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए

अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ एवं नेशनल मीडिया नेटवर्क फिल्म एंड टीवी फॉउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने आज उत्तर पश्चिम दिल्ली स्थित ट्रस्ट के रोहिणी स्थित मुख्यालय बरवाला में हिंदी फिल्मों के महान अभिनेता स्वर्गीय राजकपूर की 99वीं जयंती पर उनके देश विदेश में बसे करोडों प्रशंसकों की और से अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। अपने संबोधन में दयानंद वत्स भारतीय ने कहा कि राजकपूर अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बहुआयामी प्रतिभा के धनी अभिनेता, निर्माता और निर्देशक थे।



वे फिल्म निर्माण की सभी बारीकियों से परिचित थे। उनका व्यक्तित्व करिश्माई था। उनकी आवारा, श्री420, बरसात, अनाडी, तीसरी कसम, संगम, बॉबी, प्रेमरोग, राम तेरी गंगा मैली, मेरा नाम जोकर को भला कोई कैसे भुला सकता है? राजकपूर एक बेहद संवेदनशील कलाकार थे। वह भी देश से गरीबी और भुखमरी, बेकारी भगाना चाहते थे। अपनी अधिकाश फिल्मों में राजकपूर ने साधारण से दिखने वाले गरीब, निरीह और लाचार व्यक्ति के मन की भावनाओं को जिया। इसीलिए उन्हें लोग प्यार से सपनों का सौदागर भी कहते थे। राज साहब को फिल्मों में उनके योगदान के लिए भारत सरकार ने दादा साहब फाल्के अवार्ड से नवाजा था। नरगिस के साथ उनकी जोडी को दर्शकों ने खूब पसंद किया। नूतन और वैजंतीमाला के साथ भी उनकी जोडी जमीं। राजकपूर ने आर.के फिल्मस के बैनर तले कई फिल्मों का निर्माण किया। हिंदी फिल्मों में कपूर खानदान की अहमियत इसी बात से साबित होती है कि उनके पिताजी स्वर्गीय पृथ्वीराज कपूर, दोनों भाई शम्मी कपूर और शशिकपूर, शशिकपूर की पत्नी जेनिफर, बेटे रणधीर कपूर, ऋषि कपूर, राजीव कपूर, पुत्रवधू बबीता, नीतू कपूर, पोती करिश्मा और करीना कपूर, पोते रणबीर कपूर सभी ने हिंदी सिनेमा को आगे बढाया। यह देश का पहला परिवार है जिसमें भारत सरकार ने पृथ्वीराज कपूर, राजकपूर और शशिकपूर को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से नवाजा है।

### खदु को बैंककर्मी बताकर पौने आठ लाख हड़पे

नोएडा। साइबर ठग ने ग्रेटर नोएडा निवासी युवक को बैंक अधिकारी बनाकर फोन किया और खाते में पैन कार्ड अपडेट कराने का झांसा देकर पौने आठ रुपये हड़प लिए। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कराया है।किनसजी गाडपायले ने बताया कि उनके पास कुछ दिन पहले एक व्यक्ति ने फोन किया और खुद को बैंक का कर्मचारी बताया। उसने कहा कि उनके खाते में पैन कार्ड अपडेट नहीं है, इसलिए खाते को फ्रीज कर दिया गया है। जल्द ही उनकी ऑनलाइन सुविधाएं बंद हो जाएंगी। उसने ऑनलाइन पैन कार्ड को अपटेड कराने की बात कही और एक लिंक शेयर किया। उन्होंने जैसे ही लिंक को क्लिक किया तो उनका मोबाइल फोन हैक हो गया। इसी दौरान उनके खाते से सात लाख 82 हजार रुपये निकल गए।

### सुरक्षाकर्मी के साथ मारपीट

ग्रेटर नोएडा। सेक्टर-142 थाना क्षेत्र की गुलशन ईकबाना सोसाइटी के पास चार लोगों ने सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट की। मारपीट करने वाले चारों आरोपी सोसाइटी में मेंटेनेंस का काम करते हैं। सोसाइटी में आते-जाते समय गार्ड आरोपियों को टोकता था, इससे नाराज होकर उन्होंने घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस फरार तीन आरोपियों की तलाश में जुटी है।सेक्टर-142 के थाना प्रभारी विनीत कुमार ने बताया कि गुलशन ईकबाना सोसाइटी में यतेंद्र सिंह गार्ड की नौकरी करता है। उसने पुलिस को बताया कि बुधवार शाम आरोपी दिलीप, मनोज, मोहित और परविंदर ने उसके साथ मारपीट की, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। एक्स-रे के दौरान पता चला कि उसके हाथ की हड्डी टूट गई है।

# संपादकीय

## खुदरा महंगाई

आजकल, खुदरा महंगाई ने अर्थव्यवस्था को एक नए चुनौती का सामना करना पड़ा है, और इसने लोगों की आर्थिक स्तिथि को प्रभावित किया है।

खुदरा महंगाई वह स्थिति है जब जीवन की न्यूनतम आवश्यकताएं और सामाजिक सुख–संतोष की अनुपस्थिति में मूल्यों में वृद्धि होती है। इस समस्या का सामना करने का अर्थशास्त्रीय दृष्टिकोण रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह न केवल अर्थव्यवस्था पर प्रभाव डालता है, बल्कि लोगों के जीवन की गुणवत्ता पर भी असर करता है।

अब महंगाई की दर भले ही साढ़े पांच फीसद के आसपास यानी रिजर्व बैंक की ओर से अधिकतम सीमा के दायरे में हो, मगर यह उसके करीब भी है।

करीब दो महीने पहले बाजार में वस्तुओं की खुदरा कीमतों में कुछ गिरावट की वजह से आम लोगों को जो फौरी राहत मिली थी, वह अब एक बार फिर छिन गई लगती है। मंगलवार को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय यानी एनएसओ की ओर जारी आंकड़ों के मुताबिक खाने–पीने की वस्तुओं के दाम में बढ़ोतरी की वजह से खुदरा महंगाई पिछले तीन महीने के उच्चस्तर यानी 5.55 फीसद पर पहुंच गई।

महंगाई के मोर्चे पर तात्कालिक राहत मिलने के बाद उम्मीदों के धुंधले होने की वजहें कोई छिपी नहीं रही हैं। खुदरा मुद्रास्फीति में तेजी के लिए खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेज बढ़ोतरी को जिम्मेदार ठहराया गया है।

### खुदरा महंगाई का कारण

**उपादान मूल्यों में वृद्धि :** किसानों को योजनाओं, उपादानों, और उपकरणों के मूल्य में वृद्धि होने से उत्पादक माल की महंगाई में वृद्धि हो रही है।

**ऊर्जा और परिवहन के मूल्यों में वृद्धि :** खुदरा ऊर्जा और परिवहन के खर्च में वृद्धि भी महंगाई का कारण बन रही है।

**गरीबी और असमानता :** खुदरा महंगाई के कारण गरीब और असमर्थ लोगों को अपनी आजीविका सुनिश्चित करने में दिक्कतें आ रही हैं, जिससे सामाजिक असमानता बढ़ रही है।

**वित्तीय तंत्र में प्रभाव :** अधिक महंगा होने से लोगों की खर्च क्षमता कम हो रही है, जिससे वित्तीय तंत्र पर भी असर पड़ रहा है।

**कृषि सुधार :** कृषि में तकनीकी सुधार करके और किसानों को नई तकनीकों से अवगत कराकर खुदरा महंगाई को कम किया जा सकता है।

खुदरा महंगाई एक गंभीर समस्या है जिसे हमें समझना और समाधान करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। विभिन्न स्तरों पर की जाने वाली उपायों से ही हम इस समस्या का समाधान कर सकते हैं और लोगों को जीवन की आवश्यकताओं को पूरा करने में सहारा प्रदान कर सकते हैं।



## संसद की सुरक्षा व्यवस्था में भारी चूक

संसद परिसर में किसी बाहरी व्यक्ति के दाखिल होने को लेकर बहुस्तरीय और कई परतों में किए गए सुरक्षा जांच इंतजामों के बावजूद ऐसा कैसे संभव हुआ! मौजूदा संसद सत्र के दौरान बुधवार दोपहर को लोकसभा में जो हुआ, उससे यही पता चलता है कि देश की राजधानी में सबसे सुरक्षित मानी जाने वाली इमारत की सुरक्षा व्यवस्था भी घोषित दावे के आईने में किस हालत में है। गौरतलब है कि संसद में लोकसभा के भीतर चलती सदन में दर्शक दीर्घा से दो युवक ऊपर से कूदे और उन्होंने 'स्मोग स्प्रे' के जरिए धुआं फैला दिया। जाहिर है, उनके पास ऐसी चीजें थीं, जिन्हें संसद के भीतर ले जाना प्रतिबंधित है। सवाल है कि संसद परिसर में किसी बाहरी व्यक्ति के दाखिल होने को लेकर बहुस्तरीय और कई परतों में किए गए सुरक्षा जांच इंतजामों के बावजूद ऐसा कैसे संभव हुआ! लोकसभा के भीतर पहुंचे दो लोगों ने जो किया, अब पकड़े जाने के बाद अब उनके खिलाफ कानूनी प्रक्रिया चलेगी।

मगर इससे यही पता चलता है कि युवकों के अपने मकसद को अंजाम देने की जिम्मेदारी उसके भीतर जाने की इजाजत मिलने की प्रक्रिया में शामिल लोगों के अलावा संसद की सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने वाली इकाई की भी है, जिसमें लापरवाही बरती गई। संसद के बाहर भी एक महिला सहित दो लोगों को इसी तरह की हरकत करते और नारे लगाते पकड़ा गया। इस समूचे मामले में छह लोगों को शामिल बताया गया है।

संसद में हुई इस घटना को महज इसलिए कम करके नहीं आंका जा सकता कि उसमें कोई बड़ी अनहोनी नहीं हुई और चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। दरअसल, यह संसद की सुरक्षा–व्यवस्था में भारी चूक का मामला है और इस मसले पर गंभीर चिंता होनी चाहिए। संसद में जनप्रतिनिधियों के बैठने की जगह पर पहुंचे आरोपियों ने एक तरह से 'सीमित हमले' को अंजाम दिया। कल्पना की जा सकती है कि अगर उनके पास कोई और घातक वस्तु होती तो क्या हो सकता था! सामान्य दिनों में भी संसद परिसर में प्रवेश को लेकर कई सख्त पैमाने तय हैं। संसद का अपना एक मजबूत सुरक्षा तंत्र है और भीतर जाने वाले हर बाहरी व्यक्ति को सांसद या अधिकृत अफसर की सिफारिश से पास बनवाना पड़ता है और उनके सभी सामान की बेहद बारीकी से जांच की जाती है। नई संसद को खासतौर पर पूरी तरह आधुनिक और डिजिटल तकनीकों से लैस किया गया है और आंतरिक व्यवस्था को मजबूत किया गया है। मगर इतने व्यापक इंतजाम के बावजूद अगर कुछ लोग सदन में जाकर मनमर्जी करने में कामयाब हो जाते हैं तो इसकी जिम्मेदारी तय करने की जरूरत है कि सुरक्षा व्यवस्था में किस स्तर पर चूक हुई।

विडंबना यह है कि यह घटना ठीक उसी तारीख को हुई, जिस दिन बाईस वर्ष पहले 13 दिसंबर, 2001 को कुछ आतंकवादियों ने पुराने संसद भवन पर हमला किया था, जिसमें कुल चौदह लोगों की जान चली गई थी। वह घटना इतिहास में दर्ज है और तब भी संसद की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई गई थी।

उस तरह की किसी भी घटना का सबसे बड़ा और प्राथमिक सबक यह होना चाहिए था कि कम से कम उसके बाद हर स्तर पर ऐसी तमाम व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में उस तरह का दूसरा मामला किसी भी हाल में संभव न हो सके। जब नई संसद बनी तब इसके बारे में यह भी दावा किया गया कि यह सुरक्षा व्यवस्था की कई दीवारों से लैस है और इसमें कोई आपराधिक वारदात संभव नहीं है।

मगर दो लोगों ने बाकायदा लोकसभा में जाकर इस दावे को एक तरह से आईना दिखाया है। जरूरत इस बात की है कि कम से कम अब मौजूदा सुरक्षा तंत्र की व्यापक समीक्षा हो और उसे सौ फीसद अभेद्य बनाया जाए।

# उच्चतम न्यायालय ने अनुच्छेद 370 पर फैलाए झूठ को ध्वस्त कर दिया

**अवधेश कुमार**

अनुच्छेद 370 पर उच्चतम न्यायालय के फैसले का तात्कालिक महत्व भले इतना ही लगता है कि नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा इसे निष्प्रभावी बनाने का कदम संवैधानिक रूप से सही था, पर यह यहीं तक सीमित नहीं है। इससे भारत सहित विश्व भर में अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी करने के विरुद्ध किए गए दुष्प्रचारों का न केवल अंत हुआ है बल्कि कांग्रेस , कम्युनिस्ट पार्टियों सहित जम्मू कश्मीर की परंपरागत पार्टियों व नेताओं के द्वारा अब अपना आएगा रुख और दिए गए वक्तव्य भी झूठ साबित हुए हैं। वास्तव में इस फैसले का महत्व इस मायने में बड़ा है कि इसने स्वतंत्रता के बाद से अब तक जम्मू कश्मीर के संदर्भ में फैलाए गए झूठ की कलई भी खोल दी है। झूठ यह फैलाया गया था कि जम्मू कश्मीर के भारत में विलय के साथ उस राज्य के लिए विशेष संप्रभुता का वचन दिया गया था। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने फैसले में स्पष्ट लिखा है के भारत में विलय के साथ जम्मू कश्मीर की किसी तरह की संप्रभुता नहीं थी। जरा सोचिए , किस तरह आज तक जम्मू कश्मीर से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर राजनीति करने वाले नेताओं ने न केवल देश के साथ बल्कि वहां के उन सभी लोगों के साथ अन्याय किया जो प्रदेश में स्वाभाविक नागरिक बनकर भारतीय संविधान के तहत दिए गए अधिकारों एवं सुविधाओं के भागी थे लेकिन वंचित रहे। इसका अर्थ यह हुआ कि पूर्व की सरकारें भी गहराई से विचार करतीं तो 370 समाप्त कर न केवल पाकिस्तान से आए शरणार्थियों बल्कि भारत से वहां जाकर बसे लोगों के साथ न्याय होता और जम्मू कश्मीर आज तक अन्य राज्यों की तरह एक सामान्य राज्य के रूप में परिणत हो चुका होता। नरेंद्र मोदी सरकार ने साहस दिखाया तो ऐतिहासिक काम का श्रेय इतिहास के अध्याय में उसे मिलेगा। न्यायालय ने सितंबर 2024 तक चुनाव कराने एवं जम्मू कश्मीर को राज्य बनाने का जो निर्देश दिया है उसमें कठिनाई नहीं है और सरकार इस दिशा में काम कर रही है।

मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यों की संविधान पीठ में से तीन न्यायाधीशों ने ही फैसला लिखा और सभी एक दूसरे से सहमत थे। हालांकि उच्चतम न्यायालय ने वही कहा है जो विवेकशील निष्पक्ष लोग मान रहे थे। यानी अनुच्छेद 370 अस्थाई प्रावधान था। उच्चतम न्यायालय में 23 याचिकाओं में अनुच्छेद 356 से लेकर राष्ट्रपति के अधिकार, केंद्र शासित प्रदेश बनाने आदि कई पहलू निहित थे। सब पर न्यायालय ने टिप्पणियां की है किंतु मूल विषय अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी बनाना ही था। 5 अगस्त, 2019 को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा राज्यसभा में पेश विधेयक बहुमत से पारित हुआ तथा अगले दिन लोकसभा से भी स्वीकृत हो गया था। संविधान पीठ ने राष्ट्रपति के आदेश सहित पारित करने की पूरी प्रक्रिया को सही माना है। स्पष्ट लिखा है कि संवैधानिक व्यवस्था ने यह संकेत नहीं दिया कि जम्मू कश्मीर ने संप्रभुता बरकरार रखी है। जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग बन गया यह भारत के संविधान के अनुच्छेद 1और 370 से स्पष्ट है। न्यायालय ने यह भी कह दिया है कि अनुच्छेद 370 (3) के तहत राष्ट्रपति की अधिसूचना जारी करने की शक्ति से अनुच्छेद 370 का अस्तित्व समाप्त हो जाता है। जम्मू कश्मीर के संविधान के तहत वहां की संविधान सभा द्वारा ही इसे निरस्त



करने की बात थी जिसके बारे में पीठ ने लिखा है कि जम्मू कश्मीर संविधान सभा के विघटन के बाद भी राष्ट्रपति की अधिसूचना जारी रखने की शक्ति कायम रहती है। ?याचिकाकर्ताओं की दलील थी कि जम्मू कश्मीर संविधान सभा की सिफारिश से ही राष्ट्रपति उसे निरस्त कर सकते थे। संविधान सभा 1951 से 1957 तक फैसला ले सकती थी लेकिन उसके बाद इसे निरस्त नहीं किया जा सकता। पीठ ने स्पष्ट लिखा है कि राष्ट्रपति की शक्तियों का उपयोग दुर्भावनापूर्ण नहीं था। अनुच्छेद 370 हटाने के बाद केंद्र सरकार ने जम्मू कश्मीर के संवैधानिक , कानूनी एवं प्रशासनिक आदि व्यवस्थाओं में भारी बदलाव किए हैं। विरोधियों का तर्क था कि राष्ट्रपति शासन के दौरान केन्द्र ऐसा कोई फैसला नहीं ले सकता जिसमें बदलाव न किया जा सके। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि ऐसा कहना सही नहीं है कि अनुच्छेद 356 के बाद केंद्र केवल संसद के द्वारा ही कानून बन सकता है। फैसले के अनुसार अनुच्छेद 356 में राष्ट्रपति को राज्य में बदलाव करने का अधिकार है। 370 (1) डी के तहत राष्ट्रपति को विधानसभा से सहमति लेकर राज्य के मामले में फैसला देने की बाध्यता नहीं है।

इस तरह 370 को निष्प्रभावी बनाने के बाद नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा किए गए सारे बदलावों पर उच्चतम न्यायालय की मुहर लग गई है। वास्तव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गनिर्देश में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जम्मू कश्मीर को अन्य राज्यों की तरह सर्वसामान्य राज्य बनाने, माहौल शत–प्रतिशत सहज स्वाभाविक करने के लिए ऐसे कदम उठाए हैं जिनके परिणाम दिखाई दे रहे हैं। लाल चौक पर 15 अगस्त और 26 जनवरी को तिरंगा लहराना, मुक्त वातावरण में कार्यक्रमों सहित पूरे राज्य में स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के आयोजनों तथा बरसों से बंद पड़े मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान आदि की तस्वीरें देखकर भारत सहित संपूर्ण दुनिया के भारतवंशी हर्षित हैं तो कारण दृढ़ संकल्प के साथ 370 को निष्प्रभावी बनाना और उसके बाद लगातार योजनाबद्ध से काम करना है। केंद्र ने आतंकवादी घटनाओं, पत्थरवाजी आदि में कमी सहित वो सारे आंकड़े प्रस्तुत किए जिनसे साबित होता है कि 370 के बाद जम्मू कश्मीर समान्य माहौल की ओर लौटा है।

कुछ लोगों को यह असाधारण फैसला लग सकता है क्योंकि कल्पना नहीं थी कि जम्मू कश्मीर में इतना व्यापक, संवैधानिक , कानूनी, प्रशासनिक परिवर्तन लाये जा सकते हैं। जम्मू कश्मीरआमूल रूप से बदल चुका है। सामान्य व्यक्ति के लिए यह समझना कठिन था कि कोई राज्य, जिसने स्वतंत्रता के बाद उसी विलय पत्र पर हस्ताक्षर किया जिस पर अन्य राज्यों ने, उसे संप्रभुता सहित अन्य अधिकार कैसे मिल गए कि भारत का संविधान विधानसभा की स्वीकृति के बिना लागू ही नहीं हो सकता। न्यायमूर्ति संजय किशन कॉल ने लिखा है कि जम्मू कश्मीर में केवल और केवल भारत का संविधान ही लागू होगा कोई और संविधान नहीं। इससे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जनसंघ और उसके उत्तराधिकारी भाजपा के एक विधान, एक प्रधान और एक निशान का नारा सही साबित होता है। आज यह प्रश्न उठाया जाना चाहिए कि उच्चतम न्यायालय ऐसा कह रहा है तो देश को गफलत में क्यों रखा गया ?

अगर 370 पहले निष्प्रभावी कर दिया जाता तो जम्मू कश्मीर में आतंकवाद, जिहादी कट्टरवाद पैदा नहीं होता , न इतने खून बहते और न ही गैर मुसलमानों को प्रदेश से भागने की नौबत आती। वाल्मीकि परिवारों सहित पाकिस्तान से आए शरणार्थियों को पूर्ण नागरिकता प्राप्त होती, वे मतदान करते और उसका असर विधानसभा से स्थानीय निकायों तक होता। 370 के निष्प्रभावी होने का ही परिणाम है कि पंचायतों व जिला विकास परिषदों के चुनाव हुए। अनुच्छेद 370 ने ही जम्मू कश्मीर को अपने लिए 35 ए धारा बनाने का अधिकार दिया जिसमें प्रदेश की नागरिकता तय करने का अधिकार जम्मू कश्मीर के पास रहा तथा लड़कियों के भारत के अन्य भाग में शादी करते ही संपत्ति सहित सारे अधिकार खत्म कर दिए गए। अब इस पर बहस होनी चाहिए कि इन लोगों के साथ अन्याय करने के दोषी कौन हैं? जम्मू कश्मीर के लोगों के अंदर भारत से अलग विशिष्ट यानी अलगाववाद की भावना पैदा के लिए किसे उत्तरदायी ठहराया जाए ?

संयोग देखिए कि इस फैसले के समानांतर ही केंद्र सरकार का संसद से जम्मू कश्मीर आरक्षण संशोधन विधेयक 2023 और जम्मू कश्मीर पुनर्गठन संशोधन विधेयक 2023 पारित हो गया। इसमें अनुसूचित जनजाति के लिए सीटें आरक्षित हुई हैं तो दो नामांकित सदस्यों की संख्या पांच कर दी गई है। दो सीटें कश्मीरी विस्थापितों के लिए रखा गया है। समाज के वंचित तबकों तथा कश्मीरी हिंदुओं के साथ हुए अन्याय का परिमार्जन करने की कोशिशें तभी सफल हुई जब 370 राक्षस का अंत हुआ। यह स्वाभाविक है कि न्यायालय अगर नागरिकों के अधिकारों का संरक्षक है तो वह इसके विपरीत फैसला दे ही नहीं सकता था। यह फैसला बताता है कि नेताओं और शीर्ष स्तर के एक्टीविस्टों, पत्रकारों ,बुद्धिजीवियों ने आजादी के बाद अनेक झूठ फैलाकर ऐसी कई व्यवस्थायें बनाईं बनवाईं और कायम रखीं जिनसे देश को अपूर्णीय क्षति हुई है। समय आ गया है कि अनुच्छेद 370 के अनुसार ही ऐसी अन्य व्यवस्थाओं को भी वैधानिक मृत्यु देने का कदम उठाया जाए।

# भोजन की बर्बादी के भयावह स्थिति, दुनिया की भूख पर पड़ रही भारी

संयुक्त राष्ट्र संघ की फूड वेस्ट इंडेक्स सर्वे के अनुसार 2021 में हर एक नौ में से एक व्यक्ति पर्याप्त भोजन तथा आवश्यक पोषक तत्वों से वंचित रह जाता हैद्य संयुक्त राष्ट्र संघ के स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार पूरी दुनिया में एड्स, मलेरिया ,टीवी और करोना 2021 में जितने व्यक्ति की मृत्यु हुई है उससे कहीं ज्यादा लोग भुखमरी से ग्रस्त होकर भगवान को प्यारे हो गए है। संयुक्त राष्ट्र संघ के आंकड़ों के अनुसार ही पूरी दुनिया में गरीबों की संख्या लगभग 130 करोड़ है और दूसरी तरफ दुनिया में सर्वाधिक गरीब व्यक्ति भारत में निवासरत हैंद्य संयुक्त राष्ट्र संघ पर्यावरण कार्यक्रम के अंतर्गत फूड वेस्ट इंडेक्स 2021 की रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में 93 करोड़ लाख तक खाना कूड़े करकट के रूप में बर्बाद हुआ है। जिनमें घरों से निकला हुआ भोज्य पदार्थ का कूड़ा करकट लगभग 55 प्रतिशत, होटल रेस्टोरेंट एवं अन्य बाजार के भोजन बेचने वालों 24 प्रतिशत तथा अन्य क्षेत्र में लगभग 22 से 24 प्रतिशत भोजन बर्बाद हुआ हैद्य पूरे विश्व में भोजन के बर्बाद होने से भुखमरी के आंकड़े और भी बढ़ गए हैं। बड़ी हैरानी और हैरतअंगेज बात यह है कि पूरे विश्व में प्रति व्यक्ति 1 साल में लगभग 122 से 124 किलोग्राम भोजन बर्बाद कर देता हैद्य भारत में प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष 50 किलो ,अफगानिस्तान 82 किलो, नेपाल 79 किलो ,श्रीलंका 76 किलो, पाकिस्तान 74 किलो और भूटान जैसा छोटा देश 79 किलो भोजन बर्बाद करता है। भोजन बर्बाद करने की एवं भोजन को कूड़ा करकट बनाकर फेंकने की कुसंस्कृति ही लगातार कई देशों को गरीब से गरीबतर बनाते जा रही हैद्य पूरे विश्व स्तर पर विकसित विकासशील एवं गरीब देश भोजन की निर्मम बर्बादी करते आ रहे हैंद्य एक तरफ संयुक्त राष्ट्र संघ भुखमरी उन्मूलन के लिए अभियान छेड़ कर रखा है जिसका नाम दिया गया है जीरो हंगर यानी कि भुखमरी शून्य स्तर पर लाने का प्रयास जारी है पर इस अभियान में विकासशील ,गरीब तथा विकसित देश अपने देशों में खाद्य पदार्थ के अपशिष्ट को फेंक कर अवरोध पैदा करने में कोई कमी बेसी नहीं छोड़ रहे हैं। वर्तमान परिदृश्य में कुछ विकासशील देशों में बढ़ती जनसंख्या और लगातार गिरते अनाज के उत्पादन के साथ–साथ अन्न की निर्मम बर्बादी की वजह से दुनिया भर में भूख और भुखमरी से पैदा होने वाली समस्याओं तथा भुखमरी से मरने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। यह भारत देश का दुर्भाग्य है की कृषि मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार कि भारत में करीब 50 हजार करोड़ की कीमत का हर साल अपशिष्ट के रूप में अन्न बर्बाद होता है, शायद आपको अंदाजा ना हो कि इतना अनाज बिहार जैसे बड़े राज्य की जनसंख्या को 1 वर्ष तक अन्य की आपूर्ति कर सकता है।

भोजन की बर्बादी एक सामाजिक अपसंस्कृति एवं कुसंस्कृति की तरह व्याप्त होती जा रही है, विवाह समारोह अन्य उत्सव बफे सिस्टम एवं अन्य सामाजिक समारोह में अपनी थाली में ज्यादा से ज्यादा भोजन लेकर उसे बर्बाद कर देने की प्रवृत्ति अब आम हो गई है और थाली में पड़ा हुआ अनाज या तो सड़ जाता है अथवा बाहर फेंक दिया जाता है।




# अब तो कान खोले देश की संसद !

**राकेश अचल**

देश की संसद में 94 साल बाद वही सब कुछ हुआ जो संसद को जगाने के लिए 14 दिसंबर 2023 को किया गया। देश की संसद में दो युवकों ने दर्शक दीर्घा से छलांग लगाई,पीला धुंआ किया और % तानाशाही नहीं चलेगी % जैसे नारे लगाए। संसद में हंगामा करने वाले लड़के कोई क्रांतिकारी नहीं हैं लेकिन उनके मन में एक असंतोष था और जो पूरे देश में मौजूदा सत्ता के विरुद्ध पनप रहे असंतोष का प्रतीक है। आपको याद दिला दूँ कि ठीक इसी तर्ज पर 08 अप्रैल 1929 को तत्कालीन सेंट्रल असेम्ब्ली में संसद में हंगामा किया गया था।

देश कि संसद में 21 साल पहले भी आतंकी हमला हुआ था और उसी दिन बेरोजगार युवकों द्वारा हंगामा किया गया। हालाँकि ये सब संसद की सुरक्षा पर एक बड़ा सवाल है ,लेकिन असल मसला अलग है । ये युवक न किसी दल के सदस्य हैं और न एक–दूसरे के रिश्तेदार हैं। चारों का मकसद बहरी संसद को जगाना था। पकडे गए चारों आरोपी एक समान विचारधारा के जरूर है। वे सोशल मीडिया के जरिये एक–दूसरे से सम्पर्क में बताये गए हैं। संसद में हंगामे की इस घटना के बाद सरकार शर्मसार है। सरकार से जबाब देते नहीं बन रहा है।

संसद में हंगामा इस बात का प्रतीक भी है कि देश में नई पीढ़ी के बीच सरकार के मन में भयंकर असंतोष पनप रहा है। पकडे गए चार आरोपियों में एक लड़की नीलम भी है। ये सब अलग–अलग राज्यों के हैं। दो लड़के बाकायदा एक सांसद द्वारा बनवाये गए प्रवेश पत्र पर संसद में गये थे । उनके पास रंगीन धुंए कि बोतल भी थी। वे इस समाग्री के साथ संसद भवन में पहुँच गए लेकिन किसी भी स्तर पर उन्हें पकड़ा नहीं जा सका। ये लड़के न आतंकी हैं और न किसी राजनीतिक दल के सदस्य ,लेकिन इनके मन में सत्ता और व्यवस्था को लेकर भयानक असंतोष है । मुमकिन है कि इन चारों ने सुर्ख़ियों में आने के लिए भगतसिंह की तर्ज पर संसद में हंगामा करने की कोशिश की हो ,लेकिन ये कोशिश भी किसी फिदायीन दस्ते के दुस्साहस से कम नहीं थी।

बुधवार की घटना संसद पर हमला तो बिलकुल नहीं है किन्तु संसद पर हमले की पूर्व पीठिका से कम नहीं है । नाराज बच्चों के दुस्साहस ने संसद की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। नए संसद भवन पर 1200 करोड़ रूपये से ज्यादा का खर्च हुआ है ,लेकिन नए भवन में सुरक्षा व्यवस्था बिलकुल लचर निकली । संसद कि सुरक्षा व्यवस्था कम से कम चार स्तर की होती है यदि



ये लड़के चारों चक्रों की सुरक्षा को भेद कर संसद भवन में पहुँच सकते हैं तो कोई भी आतंकी भी यहां आसानी से पहुँच सकता है। इस घटना के बाद जांच के लिए विशेष जांच दल बना दिया गया है । मुमकिन है कि इस दल की जांच रपट आने के बाद सुरक्षा व्यवस्था में लगे कुछ अधिकारी कर्मचारी निलंबित कर दिए जाएँ। मुमकिन है कि नए सिरे से सुरक्षा व्यवस्था को चाक–चौबंद किया जाये ,लेकिन इससे असल मुद्दा अदृश्य नहीं हो जाता।

हमारी संसद लोकतंत्र का मंदिर मानी जाती है ,लेकिन संसद में कितना लोकतंत्र मौजूद है इसकी समीक्षा होना चाहिए । संसद से जिस तरह से सदस्यों को बेदखल किया जा रहा है ,जिस तरह से असल मुद्दों और विधेयकों पर बहस करने के बजाय केवल ध्वनिमत से संसद चलाई जा रही है वो एक गंभीर मुद्दा है। लगता है कि संसद की श्रवण शक्ति कमजोर हो गयी है । उसे न सांसदों की आवाजें सुनाई देतीं हैं और न जनता की। देश कि जनता संसद को अपनी बात सुनाने के लिए जंतर–मंतर से आगे नहीं जा सकती। देश कि जनता के प्रतिनिधि जो संसद भवन में आ–जा सकते हैं वे या तो बोलते नहीं हैं या उन्हें बोलने नहीं दिया जाता। जो वाचाल हैं उन्हें या तो जेल के सीखंचों के पीछे भेज दिया जाता है या उनकी सदस्य्ता छीन ली जाती है। यानि संसद में लोकतंत्र कसमसा रहा है। लोकतंत्र शायद शोकतांत्र में बदल गया है।

संसद की सुरक्षा करते हुए इक्कीस साल पहले हम अपने 20 जवानों के प्राणों की आहुति दे चुके हैं। जब संसद पर हमला हुआ तब किसकी सरकार थी और कल जब संसद को जगाने की कोशिश की गयी तब किसकी सरकार है ,ये बताने की जरूरत नहीं है । पूरा देश जानता है कि ऐसे चौंकाने वाले हादसे केवल भाजपा के हिस्से में लिखे हुए हैं। भाजपा खुद देश को चौंकाने वाली राजनीति करती आ रही है। कभी किसी राजयपाल को सीधे राष्ट्रपति बना देती है तो कभी पहली बार चुने हुए विधायक को किसी सूबे का सूबेदार। भाजपा का कोई सर्वमान्य पैमाना नहीं है। यदि है भी तो भाजपा अपने पैमाने खुद रोज बनाती और तोड़ देती है। भाजपा ने संसद को भी अपने ढंग से चलने के पैमाने बनाये हैं। इन पैमानों को समझना आसान बात नहीं है।

देश को राम राज्य की और ले जाने का प्रयास कर रही भाजपा को समझना चाहिए कि उनकी कोशिशों से इतर भी देश के मुद्दे हैं। भाजपा मणिपुर को भूल चुकी है लेकिन देश नहीं भूला है । यदि भूल गया होता तो सागर और नीलम जैसे युवा संसद को जगाने के लिए अपनी जान हथेली पर रखकर हंगामा न करते। इन युवकों ने अपना भविष्य दांव पर लगाकर देश का भविष्य सवांरने का अपराध किया है । सरकार इन्हें माफ़ नहीं करेगी,क्योंकि इन्होने सरकार को बेनकाब किया है। सरकार इन्हें ताउम्र जेल के सींखचों से शायद ही बाहर आने दे ,क्योंकि इनका बाहर आना भी सरकार की नाकामी होगी ,और हमारी सरकार किसी भी सूरत नाकाम नहीं होना चाहती। सरकार को नाकाम करने की कोशिश करने वाले सागर,नीलम हों या संजय सिंह ,सबकी जगह जेल में ही है।

संसद पर हमले की बरसी के दिन संसद के कान खोलने की ये कोशिश भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में दर्ज हो चुकी है। इस हादसे के लिए मै आज के सरदार पटेल यानि गृहमंत्री अमित शाह से स्तीफे की मांग नहीं करता । उनके इस्तीफे से संसद की सुरक्षा व्यवस्था चौकस नहीं हो सकती।

इसलिए बेहतर हो कि संसद कि सुरक्षा व्यवस्था की हर कोण से समीक्षा कर उसे और चाक–चौबंद किया जाये और सांसद को जगाने की कोशिश करने वाले आरोपियों के साथ सहानुभूति पूर्वक विधिक कार्रवाई की जाय। उन्हें फांसी पर न चढ़ाया जाये ,क्योंकि वे भगत सिंह नहीं हैं ,केवल भगत सिंह को अपना नायक मानने वाले युवा है। और भगत सिंह को पूरा देश हीरो मानता है। इसमें किसी कि कोई गलती नहीं।

## शार्ट न्यूज

### देवरिया : 102 नंबर की 14 नयी एम्बुलेंसों को जिलाधिकारी ने दिखाई हरी झंडी

देवरिया। उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में आईं 102 नम्बर की 14 नई एम्बुलेंसों को जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने गुरूवार को हरी झंडी दिखाकर कर रवाना किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने गर्भवती, प्रसूता, नवजात और दो साल तक के बच्चों द्वारा स्वास्थ्य इकाई तक आने और वहां से वापस जाने के लिए 102 नंबर एम्बुलेंस सेवा का इस्तेमाल करने की अपील की। यह 102 नम्बर की 14 नई एम्बुलेंस पुरानी 14 एम्बुलेंसों के स्थान पर आई हैं। स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती के लिये जिले में कुल 102 नम्बर की 38 एम्बुलेंस, 108 नम्बर की 35 एम्बुलेंस और एलएएस की चार सहित कुल 77 एम्बुलेंस क्रियाशील हैं। सिंह ने कहा कि 102 नंबर एम्बुलेंस सभी सरकारी अस्पतालों पर खड़ी रहती हैं। इन पर किसी भी मोबाइल नंबर या लैंडलाइन के जरिये कॉल करके सरकारी प्रावधानों के अनुसार 24 घंटे सेवा ले सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश झा ने कहा कि इस समय औसतन एक दर्जन लाभार्थी प्रतिदिन इस सेवा का इस्तेमाल कर रहे हैं। गर्भवती जब कभी भी प्रसव पूर्व जांच के लिए सरकारी अस्पताल आती हैं, तो वह इस सेवा का उपयोग कर सकती हैं।

### टाइगर दिखने से ग्रामीण आबादी में हड़कंप

शाहजहांपुर । उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के थाना मदनापुर क्षेत्र में जंगल से दूर ग्रामीण आबादी में टाइगर देखे जाने से हड़कंप मच गया। टाइगर देखने की सूचना के बाद मौके पर डीएफओ समेत तमाम अधिकारी पहुंच गए हैं। टाइगर को तलाशने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है साथ ही मौके पर पुलिस भी तैनात की गई है। प्रभागीय वन अधिकारी प्रखर गुप्ता ने गुरुवार को यूनीवार्ता से बताया कि थाना मदनपुर क्षेत्र के बुधवाना और चिराऊ गांव के लोगों ने गांव के बेहद किनारे टाइगर देखा था। ग्रामीणों की सूचना पर डीएफओ समेत वन विभाग के कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। इसके अलावा थाने की पुलिस को भी मौके पर बुलाया गया। वन विभाग को मौके पर टाइगर के पैरों के निशान मिले हैं। डीएफओ का कहना है कि यह एक बड़ी बिल्ली या टाइगर के पैरों के निशान है। टाइगर का पता लगाने के लिए वन विभाग की टीम कैमरा ट्रैप और ड्रोन का इस्तेमाल कर रही है। वन विभाग की दो टीमें जलालाबाद रेंज और शाहजहांपुर अधिकारी चौबीस घंटे बहा पर निगरानी कर रहे है। प्रखर गुप्ता ने कर्मचारी लोगों को हिदायत दी गई है कि वह अकेले खेतों में न जाए बल्कि ग्रुप में ही बाहर निकले।

### औरैया : सामूहिक विवाह में शामिल होने आ रही युवती की सड़क हादसे में मौत

औरैया। उत्तर प्रदेश में औरैया जिले के अजीतमल में गुरूवार को सड़क हादसे में एक युवती की मौत हो गई। औरैया में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में आज इस युवती की शादी होनी थी, जिसमें वह शामिल होने के लिए सुबह दिल्ली से आयी थी और बहन के साथ ऑटो से अपने घर जा रही थी। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को यहां यह जानकारी दी ? उन्होंने बताया कि जिले के अजीतमल क्षेत्र के गांव हलौआ निवासी अनिल कुमार की 27 वर्षीय पुत्री ज्योति अपनी छोटी बहन आरती के साथ दिल्ली में किसी प्राइवेट कंपनी में काम करती थी। गुरुवार को औरैया में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में उसकी शादी होनी थी। जिसमें शामिल होने के लिए वह अपनी छोटी बहन के साथ सुबह ही दिल्ली से बस द्वारा आयी थी और अनंतराम टोल प्लाजा पर उतरकर किराए पर ऑटो लेकर घर जा रही थी। उसका ऑटो फटा कुआं से भदसान जाने वाले मार्ग पर गंगदासपुर गांव के पास पहुंचा था कि तभी सामने से आ रही ईको कार ने ऑटो में टक्कर मार दी। जिससे ऑटो पलटा गया, जिससे ज्योति, आरती व चालक उसमें दब गये।

### चिकित्सक और टेक्निकल स्टाफ के खिलाफ हुई कार्रवाई

मथुरा । उत्तर प्रदेश में मथुरा में बिना किसी कारण के ड्यूटी से गैरहाजिर रहने पर एक चिकित्सक समेत चार कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। सीएमओ अजय कुमार वर्मा ने बताया कि दो दिन पहले चिकित्सकों एवं टेक्निकल स्टाफ की टीम ने जिले के दस कम्यूनिटी हेल्थ सेन्टर पर छापा मारा । इस दौरान नौहझील कम्युनिटी सेन्टर के डाक्टर लूशन एवं अन्य केन्द्रों में तैनात टेक्निकल स्टाफ के तीन सदस्य गैर हाजिर मिले ।उन्होंने बताया कि उनका एक दिन का वेतन तो काट ही लिया गया है साथ ही उन्हें कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है। सभी केन्द्रों के अधीक्षकों को बायो मेडिकल वेस्ट का सही तरीके से निस्तारण न करने तथा साफ सफाई समुचित न होने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है ।उन्होंने कहा कि विभाग जनता को समुचित चिकित्सा सुविधा समय से उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित है इसलिए भविष्य में भी ऐसे छापे मारे जाएंगे।

### बलात्कार व हत्यारोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

बुलंदशहर । उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के खानपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक नाबालिग का बलात्कार कर हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया है। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि गत 6 दिसंबर को खानपुर थाना क्षेत्र के शेखपुरा गढ़वा गांव में 10 वर्षीय किशोरी स्कूल से अपने घर लौटने के बाद अचानक गायब हो गई थी, जिसका शव बाद में ईख के एक खेत में बरामद हुआ। किशोरी के साथ बलात्कार कर उसकी निर्ममता पूर्वक हत्या कर दी गई थी। इस घटना को लेकर सीओ भास्कर मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित करके हत्यारोपी की तलाश की जा रही थी। बुधवार और गुरुवार की देर रात ग्राम इसनपुर रोड पर कुटी मंदिर के पास एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में आता मिला। पुलिस द्वारा जब उसे रुकने का इशारा किया गया तो वह भागने लगा तथा अपने बचाव में उसके द्वारा पुलिस पर सीधी फायरिंग कर दी गई ।पुलिस की जवाबी फायरिंग में वह घायल हो गया जिसे पुलिस ने मौके से घायल अवस्था में पकड़ा।

### सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत,दूसरा घायल

बहराइच। उत्तर प्रदेश के बहराइच ज़िले के जरवल रोड पर तेज रफ्तार के खड़ी कार से टकराने के कारण बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गयी है जबकि पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार जरवलरोड थाना क्षेत्र में एकलव्य महाविद्यालय के पास ढाबे यह दुर्घटना हुई। ग्राम बंभौरा निवासी अतुल उर्फ विक्की गुप्ता (21) तथा आदित्य कनौजिया (18) निवासी बम्भौरा गलामंडी बाजार, बुधवार को बाइक से देर रात लखनऊ-बहराइच मार्ग पर स्थित ढाबे पर पान खाने के लिए जा रहे थे । तेज रफ्तार के कारण उनकी बाइक ढाबे पर पहले से ही खड़ी एक कार से जा टकरायी और इस दुर्घटना में अतुल कुमार उर्फ विक्की की मौके पर ही मृत्यु हो गई। बाइक पर पीछे बैठे आदित्य कनौजिया घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी उनके परिवार को दी। मृतक के परिजनों की सूचना पर जरवलरोड थाने के उपनिरक्षक आदित्य कुमार ने शव को कब्जे में पुलिस लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### अयोध्या : रामायण मेले का हुआ शुभारंभ

अयोध्या। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं मणिरामदास छावनी के महंत नृत्यगोपाल दास ने भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में सरयू सलिला के तट नयाघाट पर रामकथा पार्क में 42 वें रामायण मेला का शुभारंभ किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास ने सरयू सलिला के तट नयाघाट पर रामकथा पार्क में दीप प्रज्ज्वलन कर 42 वें रामायण मेला का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अयोध्या नगर निगम के मुख्य अतिथि गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि रामायण मेले को वैश्विक मेला बनाने की दिशा में प्रयास किया जायेगा। उन्होंने रामायण मेले की प्राथमिकता पर बल दिया। बड़ा भक्तमाल के महंत स्वामी अवधेश कुमार दास, रसिक पीठाधीश्वर महंत जन्मेजय शरण, महंत अवधेश दास, रामकचेहरी मंदिर के महंत शशिकांत दास, महंत दामोदर दास, महंत रामशरण दास रामायणी, मिथिला बिहारी दास, डॉ. जनार्दन उपाध्याय, नंद कुमार मिश्र, श्रीनिवास शास्त्री, शैलेंद्र मोहन मिश्र, सुरेंद्र सिंह, शरदचंद्र कपूर ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

# यूपी में शिक्षक भर्ती के साक्षात्कार में अनिवार्य रूप से मिलेंगे 40 प्रतिशत अंक

## अधिकतम 90 प्रतिशत अंक पा सकेंगे अभ्यर्थी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में अध्यापकों और अनुदेशकों की भर्ती प्रक्रिया में लिखित परीक्षा के आधार पर साक्षात्कार के लिए आमंत्रित अभ्यर्थियों को न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक दिया जाना अनिवार्य होगा। वहीं साक्षात्कार में अधिकतम 90 प्रतिशत तक अंक दिए जा सकेंगे। उत्तर प्रदेश में शिक्षकों की भर्ती के लिए गठित उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की नियमावली में इसका उल्लेख किया गया है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने प्रदेश में योग्य एवं सक्षम अध्यापकों, प्रशिक्षकों का निष्पक्ष और पारदर्शी चयन सुनिश्चित करने के लिए आयोग का गठन किया गया है। इसी क्रम में नियमावली से संबंधित अधिसूचना जारी की गई है। इसमें परीक्षा प्रणाली से संबंधित नियमों का जिक्र किया गया है। यह आयोग प्रदेश में बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा से लेकर व्यावसायिक शिक्षा के अनुदेशकों तथा सहायता प्राप्त



अल्पसंख्यक कॉलेजेज के शिक्षकों की भर्ती के लिए परीक्षा आयोजित करेगा।

### रिक्तियों की संख्या के 3 से 5 गुने तक अभ्यर्थी दे सकेंगे साक्षात्कार

परीक्षा से संबंधित नियमावली में कहा गया है कि योग्य एवं सक्षम शिक्षकों की भर्ती के लिए लिखित परीक्षा के आधार पर साक्षात्कार हेतु आमंत्रित अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए विहित अंको में से न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक दिया जाना अनिवार्य होगा तथा यथासंभव 90 प्रतिशत तक अधिकतम अंक दिए जा सकते हैं। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों में से, एक दिन में एक बोर्ड में साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों की संख्या एवं प्रतिदिन संचालित होने वाले बोर्ड की संख्या परीक्षा समिति द्वारा आवश्यकतानुसार तय की जाएगी। इसके अलावा, लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों में से साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या रिक्तियों की संख्या के 3 से 5 गुने तक (जैसा आयोग उचित समझे) होगी। अंतिम अंक (कटआफ) प्राप्त करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

### समान अंकों पर अपनाई जाएगी ये प्रक्रिया

अध्यापक अथवा अनुदेशक के जिन पदों पर साक्षात्कार लिया जाना आवश्यक है, उसमें आयोग लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार में प्राप्त अंकों को जोड़कर मेरिट लिस्ट जारी करेंगे। जहां केवल लिखित परीक्षा होनी है उसमें आयोग मात्र लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट लिस्ट का पैनल तैयार करेगा। यदि एक से अधिक अभ्यर्थियों की मेरिट समान हो तो ऐसी स्थिति में सर्वप्रथम लिखित परीक्षा के अंक देखे जाएंगे तथा लिखित परीक्षा के भी अंक समान होने पर साक्षात्कार में प्राप्त अंको को देखा जाएगा। दोनों के भी अंक समान होने पर अनिवार्य अर्हता का अधिकतम प्रतिशत (जेआरएफ, नेट, पीएचडी) को देखा जाएगा एवं सभी समान होने पर अंत में स्नातकोत्तर के प्राप्तांक देखे जाएंगे।

यदि लिखित परीक्षा, साक्षात्कार तथा अनिवार्य अर्हता के प्रतिशत अंक समान हैं तो उस अभ्यर्थी का नाम जो अधिक आयु का हो, उसे प्राथमिकता दी जाएगी।

# जनता की खुशहाली से भारत बनेगा विकसित राष्ट्र : योगी

वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश की जनता की खुशहाली से ही भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनेगा। उन्होंने सेवापुरी ब्लॉक के बरकी ग्राम सभा स्थित किसान इंटर कॉलेज में आयोजित विभिन्न योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनियों का अवलोकन किया और वहां हो रहे ऑन दि स्पॉट रजिस्ट्रेशन की जानकारी भी ली। अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता था, मिलता था तो केवल चूरन। योजनाओं में भ्रष्टाचार और बंदरबांट होता था, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने खत्म कर दिया। यही मोदी की गारंटी है और इसी संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन प्रदेश की हर ग्राम सभा में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि काशीवासियों का सौभाग्य है कि उन्होंने 2014 में एक ऐसी विभूति को अपना जनप्रतिनिधि बनाकर देश की संसद में भेजा जो आज देश के प्रधानमंत्री भी हैं और वैश्विक दुनिया को मार्गदर्शन भी दे रहे हैं। ये काशी



मोदी जी के संकल्पों की काशी है, जहां नये कलेवर में घाट और मंदिरों के सुंदरीकरण का कार्य तेज गति से आगे बढ़ रहा है।

### पीएम ने बदल दी देश की तस्वीर और तकदीर

उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े 9 साल में पीएम मोदी ने देश की तस्वीर और तकदीर दोनों बदल दी है। विकास की बड़ी बड़ी परियोजनाएं लागू की जा रही हैं। आजादी के 75 वर्षों में गरीब कल्याण की योजनाएं पहली बार बिना भेदभाव के मिल रही हैं। देश में सुशासन, सुरक्षा और समृद्धि के माध्यम से विकसित भारत के सपने को साकार करने का जज्बा दिखने लगा है। प्रधानमंत्री का यह मानना है कि जब जनता लाभान्वित और खुशहाल होती है तो इस खुशहाली से देश भी खुशहाल होता है।

# गलत इलाज से युवक की मौत का आरोप, अस्पताल सीज

संतकबीरनगर। उत्तर प्रदेश में संतकबीरनगर जिले के बखिरा कस्बे में स्थित एक प्राइवेट क्लीनिक में गलत इलाज के कारण युवक की मौत का आरोप लगाते हुए की गयी शिकायत पर जिलाधिकारी के निर्देश पर स्वास्थ्य प्रशासन ने गुरूवार को अस्पताल सीज कर दिया। सुंदर पाली क्लीनिक में कथित रूप से गलत इलाज से युवक की हुई मौत को लेकर पीड़ित पक्ष ने जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर से गुहार लगाई। जिलाधिकारी ने यहां बताया कि मृतक युवक के परिजनों की शिकायत पर फिलहाल सुंदरा पालीक्लीनिक बखिरा को सीज करा दिया गया है। मामले की जांच एसडीएम खलीलाबाद को सौंपी गई है। बताया जाता है कि सुंदरा अस्पताल के प्रबंधक खुद एक सरकारी डॉक्टर हैं और छद्म तरीक़े से निजी अस्पताल संचालित कर रहे हैं। एसडीएम सदर शैलेश कुमार दुबे को जांच का जिम्मा दिया गया है। जांच के दौरान प्रथमदृष्टया युवक की मौत का जिम्मेदार मानते हुए सीएचसी बघौली के अधीक्षक डा. श्वेतांग सिंह व उनकी टीम ने आज सुंदरा पाली क्लीनिक पर सरकारी ताला लगा कर अनिश्चित समय के लिए सील कर दिया। गौरतलब है कि जिला मुख्यालय से लेकर कस्बों, बाजारों तक निजी अस्पतालों और पैथोलॉजी और डाइग्नोस्टिक सेंटरों की भरमार हो गई है। न तो ये निजी अस्पताल और पैथोलॉजी सेंटर मानक पूरा करते हैं और न ही इनमें योग्य चिकित्सक व पैथालाजिस्ट ही हैं, बल्कि किसी डाक्टर या पैथालाजिस्ट का नाम साइन बोर्ड पर दिखा दिया जाता है।

# जालौन : पुलिस के साथ मुठभेड़ में चार गौ तस्कर गिरफ्तार

जालौन। उत्तर प्रदेश के जनपद जालौन में गुरुवार सुबह कोंच कोतवाली पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम की अंतर्जनपदीय गौ तस्करों के साथ मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में गोली लगने से हिस्ट्रीशीटर सहित दो अंतर्जनपदीय गौ तस्कर घायल हो गए जबकि दो ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुठभेड़ कोंच कोतवाली क्षेत्र के महेशपुर रोड पर हुई है। एसओजी, सर्विलांस और कोंच कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि एक हिस्ट्रीशीटर अपने तीन साथियों के साथ एक लोडर में तस्करी के लिए गौवंश को क्रूरता पूर्वक भरकर रात के अंधेरे में ले जा रहे हैं। इसकी सूचना पर एसओजी, सर्विलांस और कोंच कोतवाली पुलिस ने महेशपुर रोड पर चेकिंग की। इस दौरान लोडर गाड़ी में गौवंश को



तस्करी करके ले जा रहे तस्करों को देख पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। मगर पुलिस को देख लोडर में सवार तस्करों ने अचानक तमंचे से फायरिंग शुरू कर दी।

इसके बाद पुलिस ने भी आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की। इस फायरिंग में गोली लगने से कल्ला पुत्र लियाकत निवासी मोहल्ला आराजी लाइन थाना कोंच और मुन्ना उर्फ अफसर पुत्र नूर सफी निवासी मोहल्ला आराजी लाइन थाना घायल हो गया जबकि उसके साथ दो तस्करों सईद पुत्र शहजाद निवासी मोहल्ला आराजी लाइन, सोनू पुत्र शहजाद (28) निवासी मोहल्ला आराजी लाइन ने सरेंडर कर दिया।

पुलिस ने घायल तस्करों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच में भर्ती कराया, इस दौरान पुलिस ने लोडर गाड़ी में क्रूरता पूर्वक ले जा रहे चार गौवंशों तथा तमंचा, कारतूस और गौकशी में प्रयोग में ले जाने वाले सामान को बरामद किया है।

वहीं इस मामले में कोंच सर्कल के क्षेत्राधिकारी उमेश कुमार पांडेय ने बताया कि गौ तस्करों की खिलाफ चलाए गए इस मुहिम में यह कोंच कोतवाली पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम को सफलता मिली है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए गोतस्कर अलग अलग जनपदों में गौवंशों की तस्करी करते थे, जिसमें मुठभेड़ में घायल कल्ला के खिलाफ 14 मुकदमें अलग अलग क्षेत्रों में दर्ज है, जबकि 5 मामले मुन्ना के खिलाफ दर्ज हैं।

# देवरिया : महिला का हत्यारोपी गिरफ्तार

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के भलुअनी क्षेत्र में एक अज्ञात महिला का शव दो हिस्सों में बरामद होने के मामले में पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने यहां बताया कि 30 सितम्बर को भलुअनी क्षेत्र के ग्राम बरौली करायल शुक्ल मार्ग जोगिया तिराहा नहर पुल के पास खेत में एक अज्ञात महिला का शव दो हिस्सों में अलग अलग बरामद होने की सूचना पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी। जांच में महिला की पहचान खुशबू सिंह पुत्री रमेश सिंह निवासी-पैना थाना बरहज जनपद देवरिया के रूप में हुई थी।

उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने बुधवार को आरोपी मुन्ना कुमार निषाद निवासी-पैना थाना बरहज जिला देवरिया को गिरफ्तार किया गया।



उन्होंने बताया कि आरोपी मुन्ना निषाद के गांव की ही खुशबू सिंह रहने वाली थी, जिसने 2016 में किसी व्यक्ति के साथ कोर्ट मैरेज की थी तथा मार्च वर्ष 2022 में उसका उस व्यक्ति से तलाक हो गया था।

गिरफ्तार आरोपी ने बताया कि वह दुबई में रहता था,खुशबु से फोन से बातचीत के दौरान दुबई से दिसम्बर 2022 में गोरखपुर में आकर किराये के मकान में रहने लगा था।

पुलिस को आरोपी ने बताया कि गोरखपुर में वह खुशबु के साथ रह रहा था और इसी दौरान वह गर्भवती हो गयी, वह खुशबू को बच्चा गिराने को कह रहा था लेकिन वह नहीं मान रही थी।

सितम्बर मास में इसी बात को लेकर कहासुनी के दौरान मुन्ना ने खुशबू को धक्का दे दिया गया और वह गिर गयी जिससे उसके सर पर चोट लगी और वह बेहोश हो गयी। उसने बताया कि बाद में उसने खुशबू का गला दबा कर उसकी हत्या कर दी तथा घर के बाथरूम में ही उसे दो हिस्सों में काट कर अलग कर दिया गया ।उसके शव को वह गद्दा व रजाई बड़ी अटैची में रख कर मकान मालिक से घर खाली करने की बात कर वहां से लेकर चला आया। मुन्ना ने अपने घर पैना जाते वक्त शव को रास्ते में ही फेंक दिया गया था तथा उसका आधार कार्ड आदि तथा हत्या में इस्तेमाल चाकू उसने गोरखपुर से आते वक्त रास्ते में राप्ति नदी में फेंक दिया था।

### बस्ती में 09 माह के भीतर 14 हजार लीटर से अधिक अवैध शराब बरामद

बस्ती। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में अवैध शराब के कारोबारियों के विरुद्ध चलाए गए अभियान में 9 माह के भीतर 14 हजार लीटर से अधिक अवैध शराब बरामद करके 705 मुकदमा दर्ज किया गया है। आबकारी विभाग के सूत्रों ने गुरूवार को यहां यह जानकारी देते हुए बताया है कि अवैध शराब का कारोबार करने वाले लोगों के विरूद्व अप्रैल से नवंबर तक अभियान चलाया गया जिसमें 140 व्यक्तियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से लगभग 14 हजार लीटर से अधिक अवैध शराब तथा शराब बनाने के उपकरण बरामद किये गये हैं तथा 7 सौ 5 मुकदमा पंजीकृत किया गया है। बरामद अवैध शराब को नष्ट कर दिया गया है।

# मुठभेड़ के बाद अंतरराज्यीय इनामी बदमाश गिरफ्तार

**बागपत।** उत्तर प्रदेश में बागपत के बालैनी थाना क्षेत्र में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद अंतर्राज्यीय बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध हथियार व मोटरसाइकिल बरामद की है।

पुलिस उपाधीक्षक प्रीता सिंह ने आज यहां जानकारी देते हुए बताया कि 30 नवंबर को थाना बालैनी पर राहुल पुत्र हरपाल निवासी ग्राम बाखरपुर बालैनी जनपद बागपत ने सूचना दी थी कि अज्ञात चोरों द्वारा उसकी दुकान का ताला तोडकर 150 पीस लोहे की प्लेट व 20 गाटर चोरी कर लिये गयं हैं। इस सम्बन्ध में तहरीर के आधार पर थाना बालैनी पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा जनपद में अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना बालैनी पुलिस ने वांछित चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी अन्तर्राज्यीय चोर गिरोह के सदस्य अनीस पुत्र जान मौहम्मद निवासी ग्राम देहरा जनपद हापुड को घायलावस्था में व कलुआ पुत्र अब्दुल करीम निवासी ग्राम छौलस जनपद गौतमबुद्धनगर को मुठभेड़ के बाद घायलावास्था में व एक अन्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 अवैध तमंचा, 01 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस, 01 अवैध पौनिया मय 01 जिन्दा व 02 खोखा कारतूस तथा 01 मोटरसाइकिल बिना नम्बर प्लेट की बरामद हुई है।

# पंचायत सचिव ने महिला को जलाया, फिर सुसाइड किया

**बदायूं।** बदायूं में पंचायत सचिव ने पहले एक महिला को जिंदा जलाने की कोशिश की। इसके बाद जहर खाकर सुसाइड कर लिया। घटना में महिला बुरी तरह झुलस गई है। वहीं, उसे बचाने पहुंची बेटी के हाथ भी जल गए हैं। मौके पर मौजूद महिला की बेटी ने बताया, पेट्रोल से आग लगाने के बाद पंचायत सचिव ने वहीं सिगरेट पी और धुएं का छल्ला उड़ाते हुए बाहर निकल गया।

पूरा मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शहबाजपुर का है। यहां एक घर में घुसकर पंचायत सचिव ने गाली-गलौज की। इसके बाद महिला पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। मामले में महिला और उसकी बेटी झुलस गई है।

### पुरानी रंजिश के चलते महिला को जलाया

शहर के मोहल्ला शहबाजपुर निवासी धीरेंद्र कुमार साहू ने मंगलवार की शाम करीब 7 बजे कोतवाली पहुंचे। उन्होंने



पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि मोहल्ले में ही रहने वाला राजीव सागर शाम को अचानक घर में घुस आया। राजीव ने गाली देनी शुरू कर दी। वह किसी पुरानी बात पर उनसे और उनके परिवार से रंजिश मानता था।

कुछ देर बाद राजीव उनके घर से निकल गया और फिर पेट्रोल से भरा कैन लेकर वापस आ गया। उसने कैन के पेट्रोल को उनकी पत्नी शालू उर्फ लक्ष्मी साहू पर छिड़क दिया और आग लगा दी। पेट्रोल के चलते कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। चीख पुकार सुनकर उनकी बेटी दीया साहू ने मां को बचाने की कोशिश की, लेकिन वह भी झुलस गई। कुछ ही देर में घर के अन्य सामान में भी आग लग गई।

# दरोगा की पिस्टल से घायल महिला की मौत

## 6 दिन बाद जिंदगी की लड़ाई हारी, कोर्ट ने जारी किया एनबीडब्लू, दरोगा पर 20 हजार का इनाम

अलीगढ़। अलीगढ़ में दरोगा की पिस्टल से घायल हुई महिला की 6 दिन बाद बुधवार देर रात मौत हो गई। जेएन मेडिकल कॉलेज के आईसी में महिला भर्ती थी। मंगलवार को डॉक्टरों ने महिला का ऑपरेशन किया। बुधवार को मेडिकल कॉलेज में अंतिम सांस ली। उसके परिवार और रिश्तेदार मेडिकल कालेज पहुंच गए। जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह और एसएसपी कलानिधि नैथानी समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। परिवार को सांत्वना दी गई।

### दरोगा की लापरवाही से चली थी गोली

कोतवाली थाने में 8 दिसंबर को चौकी इंचार्ज मनोज शर्मा की लापरवाही से महिला को गोली लगी थी। हड्?डी गोदाम तुर्कमान गेट पर रहने वाले इशरत निखत (55) पासपोर्ट वैरिफिकेशन के लिए अपने बेटे के साथ कोतवाली थाने पहुंची थी। यहां वह भुजपुरा चौकी इंचार्ज मनोज शर्मा से मिलीं। CCTNS कार्यालय में दरोगा मनोज शर्मा के पास दोनों खड़े थे। इस दौरान एक कांस्टेबल ने दरोगा को पिस्टल दी थी। वह पिस्टल को लोड करते हैं और इसी दौरान अचानक गोली चल जाती है। जो महिला के सिर के पिछले हिस्से में जाकर लगती है। गोली लगने से महिला तुरंत मौके पर ही गिर जाती है। यह सारी घटना थाने के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी।

### दरोगा पर ईनाम घोषित, एनबीडब्लू भी जारी

घटना के बाद दरोगा मनोज शर्मा मौके से फरार हो गए थे। उनकी गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें बनाई गई थी, लेकिन अभी तक यह टीमें उन्हें पकड़ नहीं पाई हैं। बुधवार को न्यायालय ने मामले की सुनवाई करते हुए दरोगा मनोज शर्मा के खिलाफ एनबीडब्लू जारी कर दिया था। कोर्ट के नॉन बेलेबल वारंट के जारी होने के बाद पुलिस ने भी आरोपी दरोगा के खिलाफ 20 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है।

### बाराबंकी : प्रेमी युगल ने की आत्महत्या

बाराबंकी । उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर प्रेमी युगल ने कार और ट्रक के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कल देर रात एक्सप्रेस वे पर एक युवक व युवती ने कार और ट्रक के सामने कूद जान दे दी। देर रात पुलिस ने दोनों की शिनाख्त कर परिजनों को सूचना देकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली हैदरगढ़ निवासी युवक दिल्ली में मजदूरी करता था। कुछ दिन पहले वह घर आया था। कल देर शाम पड़ोस के गांव की युवती के साथ गायब हो गया। दोनों के परिजन तलाश कर रहे थे।

### 11 महीनों में 211 अभियुक्तों को सजा

बुलन्दशहर। उत्तर प्रदेश के जनपद बुलंदशहर पुलिस ने ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत वर्ष-2023 के 11 महीनों में शस्त्र अधिनियम के अन्तर्गत प्रभावी पेरवी कर 211 मुकदमों में 211 अभियुक्तों को सजा दिलाई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि पुलिस मॉनीटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी कर शस्त्र अधिनियम के 211अभियोगो में 211 अभियुक्तों को सजा दिलवायी गयी ,इनमें अभियुक्तों को एक वर्ष के अन्दर हिस्ट्रीशीटरों टॉप 10 बदमाशों माफियाओं, लुटेरो वीडियो वायरल करने में सजा अभियुक्तों को सजा करायी गयी।

## शार्ट न्यूज

### लावा ने लॉंच किया युवा3 प्रो स्मार्टफोन

नयी दिल्ली। मोबाइल फोन बनाने वाली कंपनी लावा इंटरनेशनल ने आज किफायती श्रेणी में अपना नया स्मार्टफोन युवा 3 प्रो लॉंच करने की घोषणा की जिसमें आठ जीबी रैम और 50 एमपी का डुअल रियर कैमरा है। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि 8999 रुपये मूल्य पर लॉंच इस स्मार्टफोन का प्रीमियम ग्लास फिनिश डिजाइन है। इसमें पंच होल डिस्प्ले है। इसका स्क्रीन 6.5 इंच का है और इसमें आठ जीबी का रैम और 128 जीबी रॉम है। इसमें आठ जीबी वर्चुअल रैम की सुविधा भी मिलती है। इस फोन में 50 एमपी का डुअल एआई रियर कैमरा और आठ एमपी का फ्रंट कैमरा है। यूएनआईएसओसी टी 616 ऑक्टा कोर प्रोसेसर आधारित इस स्मार्टफोन में 5000 एमएएच की बैटरी है जो 18 वॉट चार्जिंग तकनीक से लैस है। इसकी बिक्री आज से ही कंपनी की वेबसाइट और ऑफलाइन स्टोर पर शुरू हो गयी है।

### रियलमी ने लॉंच किया सी 67 5जी स्मार्टफोन

नयी दिल्ली। स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी रियलमी ने आज भारतीय बाजार में नया 5 जी स्मार्टफोन रियलमी सी 67 लॉंच करने की घोषणा की जिसमें 50 एमपी का एआई कैमरा है। कंपनी ने इसे एक वर्चुअल कार्यक्रम में लॉंच करते हुये कहा कि मीडियाटेक माइमेंसिटी 6100 प्लस 5 जी चिपसेट वाले इस 5 जी स्मार्टफोन में 5000 एमएएच की बैटरी है जो 33 वॉट सुपरवूक फास्ट चार्जिंग से लैस है जिसेस मात्र 29 मिनट में यह फोन 50 प्रतिशत चार्ज हो सकता है। इसमें दो रियर कैमरा है जिसमें 50 एमपी का एआई कैमरा और दो एमपी का पीडीएएफ कैमरा शामिल है। इसमें आठ एमपी का फ्रंट कैमरा है। 120 हर्ट्ज डायनमिक अल्ट्रा स्मूथ डिस्प्ले है। कंपनी ने कहा कि इसको दो मॉडल उतारे गये हैं जिसमें 4 जी रैम और 128 जीबी रॉम की कीमत 13999 रुपये और 6 जीबी रैम और 128 जीबी रॉम मॉडल की कीमत 14999 रुपये है। इसकी बिक्री 16 दिसंबर से कंपनी की वेबसाइट और आनॅलाइन मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट डॉटकॉम पर होगी। यह उसी दिन से ऑनलाइन स्टोर में भी उपलब्ध होगा।

### कोटक महिंद्रा बैंक की स्कूल ऑफ सस्टेनेबिलिटी की स्थापना के लिए आईआईटी कानपुर से साझेदारी

नयी दिल्ली। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर (आईआईटीके) और कोटक महिंद्रा बैंक ने आज कोटक स्कूल ऑफ सस्टेनेबिलिटी - आईआईटी कानपुर में शुरू करने की घोषणा की। एकीकृत स्कूल ऑफ सस्टेनेबिलिटी की स्थापना के लिए बैंक ने आईआईटी कानपुर के साथ साझेदारी की है। करने की घोषणा की। आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो एस गणेश और बैंक के अध्यक्ष प्रकाश आप्टे ने आज यहां यह घोषणा की। इस मौके पर प्रो गणेश ने कहा स्थिरता हमारे समय की सबसे प्रमुख वैश्विक चुनौतियों में से एक बनकर उभरी है जिसके लिए विभिन्न हितधारकों को एक साथ काम करने की आवश्यकता है और इस मिशन में हमारे जैसे शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। आईआईटी कानपुर की कई अग्रणी पहलों को जोड़ते हुए और कोटक महिंद्रा बैंक के उदार सीएसआर फंडिंग समर्थन के साथ, संस्थान विचारशील नेतृत्व प्रदान करने, स्थिरता कार्यों के लिए ठोस समाधान विकसित करने और भविष्य की पीढ़ियों को तैयार करने के समग्र दृष्टिकोण के साथ सतत विकास का नेतृत्व करने के लिए कोटक स्कूल ऑफ सस्टेनेबिलिटी की स्थापना कर रहा है।

### दुनिया में अवैध वित्तपोषण के जोखिम पर चर्चा के लिए मिले भारत-यूएस के प्रतिनिधि

नई दिल्ली। भारत और अमरीका ने अंतराष्ट्रीय वित्तीय प्रणाली में अवैध वित्त पोषण के जोखिम से निपटने के लिए संयुक्त रूप से काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई है। भारत और अमेरिका ने हाल ही में अमेरिका-भारत एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग (एएमएल) और काउंटरिंग द फाइनेंसिंग ऑफ टेररिज्म (सीएफटी) डायलॉग की सह-अध्यक्षता की। आतंकवाद और वित्तीय बुद्धिमत्ता के लिए अमेरिका के उप वित्त मंत्री ब्रायन ई नेल्सन ने इसके लिए नई दिल्ली की यात्रा की। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया है कि वार्ता का पुनः आयोजन और सह-अध्यक्षता दोनों देशों की ओर से अंतरराष्ट्रीय वित्तीय प्रणाली में अवैध वित्त जोखिम से निपटने के लिए संयुक्त प्रतिबद्धता को दर्शाती है। 13 दिसंबर को भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा और आतंकवाद व वित्तीय खुफिया मामलों के अमेरिकी वित्त अवर सचिव ब्रायन ई नेल्सन ने वार्ता की सह-अध्यक्षता की। स वार्ता का आयोजन राष्ट्रीय राजधानी में वित्त मंत्रालय ने किया था। संयुक्त बयान में यह भी कहा गया है कि दोनों देशों ने वार्ता फिर से शुरू की।

### मानव तस्करी से जुड़े मामले में छापेमारी के बाद केन्या का नागरिक गिरफ्तार

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को कहा कि उसने अफ्रीकी लड़कियों की भारत में तस्करी से जुड़े एक रैकेट में कथित संलिप्तता को लेकर गोवा से केन्या के एक नागरिक को गिरफ्तार किया है। न्यूटन मुथुरी किमानी को नौ दिसंबर को धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार किया गया था। केंद्रीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि वह छात्र वीजा पर भारत आया था। एजेंसी के अनुसार पणजी में एक विशेष पीएमएलए अदालत ने उन्हें 15 दिसंबर तक ईडी की हिरासत में भेज दिया। गोवा पुलिस के दो नाइजीरियाई नागरिकों इसरालाइट उर्फ डोरकास्ट मारिया और ओलोक्पा के खिलाफ मानव तस्करी में शामिल होने के आरोप में दर्ज प्राथमिकी से धन शोधन का मामला उपजा है। एजेंसी ने कहा कि आरोपी भारतीय आतिथ्य उद्योग में नौकरी दिलाने के बहाने युवा अफ्रीकी लड़कियों को गोवा लाता था और उन्हें वेश्यावृत्ति गतिविधियों के लिए मजबूर करता था। एजेंसी ने कहा कि किमानी कई खातों का प्रबंधन कर रहा था, जिसमें कथित मानव तस्करी रैकेट चलाने में शामिल विभिन्न व्यक्तियों की ओर से कुछ राशि जमा की जा रही थी।

### देश की लॉजिस्टिक्स लागत जीडीपी के आठ से नौ प्रतिशत के बीच, एनसीएईआर की रिपोर्ट में दावा

नई दिल्ली। इकोनॉमिक पॉलिसी रिसर्च थिंक टैंक नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) की ओर से गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में कुल लॉजिस्टिक्स लागत देश के कुल सकल घरेलू उत्पाद के 7.8-8.9 प्रतिशत के बीच है। केंद्र सरकार समग्र रसद लागत को कम करने और भारतीय उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के लिए काम कर रही है। सरकार 2030 तक भारत की बढ़ी हुई लॉजिस्टिक्स लागत को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के मौजूदा 13-14 प्रतिशत से घटाकर जीडीपी के 8-9 प्रतिशत तक लाने का लक्ष्य लेकर चल रही है। राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति (एनएलपी) जिसकी पिछले साल शुरुआत की गई थी का उद्देश्य अंतिम छोर तक त्वरित डिलीवरी हासिल करना, परिवहन से संबंधित चुनौतियों को समाप्त करना, निर्माताओं के लिए समय और धन की बचत करना और कृषि-उत्पादों की बर्बादी को रोकना है।

### दो रिटायर्ड सीआईएसएफ अधिकारियों के ठिकानों पर छापेमारी, कोयले के अवैध खनन से जुड़ा है मामला

नई दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कोयला चोरी मामले की जांच के सिलसिले में गुरुवार को पश्चिम बंगाल में सीआईएसएफ के दो सेवानिवृत्त अधिकारियों से जुड़ी संपत्तियों समेत कई स्थानों पर छापेमारी की। एजेंसी के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य की राजधानी कोलकाता के अलावा आसनसोल, दुर्गापुर, कुल्टी और मालदा समेत 12 स्थानों पर छापेमारी की गई। उन्होंने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि सीआईएसएफ के इन दो सेवानिवृत्त अधिकारियों को कोयला चोरी घोटाले से आर्थिक रूप से फायदा हुआ। अधिकारियों ने बताया कि जांचकर्ता कोलकाता के भवानीपुर और पश्चिम बर्धमान के दुर्गापुर में सीआईएसएफ के एक सेवानिवृत्त अधिकारी के घरों के अलावा मालदा में एक अन्य पूर्व कर्मी के आवास की तलाशी ले रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारे अधिकारी उनकी संपत्तियों और बैंक खातों से संबंधित दस्तावेजों की तलाश कर रहे हैं। हमने उनके और उनके परिवार के सदस्यों के मोबाइल फोन जब्त कर लिए हैं।

# शेयर बाजार ने रचा इतिहास, सेंसेक्स 70 और निफ्टी 21 हजार अंक के पार

मुंबई। अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती करने के संकेत से विश्व बाज़ार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार ने इतिहास रच दिया और सेंसेक्स पहली बार 70 हजार एवं निफ्टी 21 हजार अंक को पार कर गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 929.60 अंक अर्थात 1.34 प्रतिशत की उछल भरकर सार्वकालिक उच्चतम स्तर 70 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 70514.20 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 256.35 अंक यानी 1.23 प्रतिशत की छलांग लगाकर अबतक के रिकॉर्ड 21182.70 स्तर पर रहा।

इस दौरान बीएसई का मिडकैप 1.06 प्रतिशत की तेजी के साथ 36,223.86 अंक और स्मॉलकैप 0.62 प्रतिशत चढ़कर 41,841.93 अंक पर रहा। बीएसई में कुल 3892 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2064 में लिवाली जबकि 1702 में बिकवाली हुई वहीं 126 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 38 कंपनियों के शेयर हरे जबकि शेष 12 लाल निशान पर बंद हुए।

विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ब्याज दरों में कटौती करने के स्पष्ट संदेश ने आने वाले दिनों में एक स्मार्ट सांता क्लॉज़ रैली के लिए प्लेटफार्म तैयार कर दिया है। यह चुनाव पूर्व रैली को भी गति दे सकता है, जो बाजार को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकता है। फेड के कल के संदेश का अर्थ यह है कि सख्ती का दौर खत्म हो गया है और वर्ष 2024 में तीन बार ब्याज दरों में कटौती संभव है।

अमेरिका में 10 वर्षीय यील्ड में चार प्रतिशत की गिरावट से घरेलू बाजार में बड़े पूंजी प्रवाह को बढ़ावा मिलेगा।



यह पूंजी लार्ज कैप ख़ासकर बैंकिंग और आईटी जैसे समूहों के लिए होगा। इससे बीएसई में कंज्यूमर ड्यूरेबल्स की 0.20 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर 19 समूहों में जमकर लिवाली हुई। इस दौरान रियल्टी 3.80, आईटी 3.21, टेक 2.72, दूरसंचार 2.14, कमोडिटीज़ 0.75, सीडी 0.88, ऊर्जा 1.28, एफएमसीजी 0.31, वित्तीय सेवाएं 1.38, हेल्थकेयर 0.02, इंडस्ट्रियल्स 0.52, यूटिलिटीज़ 0.78, ऑटो 0.67, बैंकिंग 1.26, कैपिटल गुड्स 0.47, धातु 0.84, तेल एवं गैस 1.36, पावर 0.89 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.48 प्रतिशत चढ़ गए।

इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। ब्रिटेन का एफ़टीएसई 1.89, जर्मनी का डैक्स 0.69 और हांगकांग का हैंगसेंग 1.07 प्रतिशत उछल गया। हालांकि जापान का निक्केई 0.73 और चीन के शंघाई कम्पोजिट में 0.33 प्रतिशत की गिरावट रही ।शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 562 अंक की तूफानी तेजी के साथ 70,146.09 अंक पर खुला लेकिन मामूली बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर के बाद 70,110.75 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं, इसके बाद शुरू हुई लिवाली की बदौलत यह लगातार बढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 70,602.89 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में हल्की बिकवाली के बावजूद यह पिछले दिवस के 69,584.60 अंक के मुकाबले 1.34 प्रतिशत की छलांग लगाकर 70,514.20 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी 184 अंक उछलकर 21,110.40 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 21,074.45 अंक के निचले जबकि 21,210.90 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 20,926.35 अंक की तुलना में 1.23 प्रतिशत मजबूत होकर 21,182.70 अंक पर रहा।

इस दौरान सेंसेक्स की तेजी में रही 23 कंपनियों में से टेक महिंद्रा ने सबसे अधिक 3.91 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। साथ ही लाभ में रही अन्य प्रमुख कंपनियों में इंफ़ोसिस 3.61, विप्रो 3.52, एचसीएल टेक 3.32, इंडसइंड बैंक 2.97, बजाज फाइनेंस 2.88, बजाज फिनसर्व 2.79, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.33, अल्ट्रासिमको 2.25, टीसीएस 2.03, आईसीआईसीआई बैंक 1.99, रिलायंस 1.28, एचडीएफसी बैंक 1.12, एलटी 0.99, एसबीआई 0.60, एनटीपीसी 0.56, टाटा स्टील 0.49, एक्सिस बैंक 0.47 और सन फार्मा 0.07 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, पावरग्रिड 2.01, नेस्ले इंडिया 1.04, टाइटन 0.32, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.29, मारुति 0.29, टाटा मोटर्स 0.08 और एशियन पेंट के शेयर 0.05 प्रतिशत के नुकसान में रहे।

# किआ इंडिया ने नयी किआ सॉनेट का अनावरण किया

नयी दिल्ली। प्रीमियम कार निर्माता किआ इंडिया ने अपने दूसरे सबसे ज्यादा बिकने वाले कम्पैट एसयूवी सॉनेट के नए अवतार को आज अनावरण किया जिसमें 10 ऑटोनॉमस सुविधाओं वाला एडैस फीचर भी है।




किआ इंडिया के प्रबंध निदेशक और सीईओ ताए-जिन पार्क ने इसका अनावरण करते हुये कहा, सेल्टॉस के बाद भारत में हमारी सफलता के सफर में सॉनेट की खास जगह है। अभूतपूर्व सुविधाओं और डिज़ाइन के साथ भारत में प्रीमियर होने के बाद, यह सरहदों को पार कर गया है और अब इसे 100 से अधिक देशों में निर्यात किया जाता है, जहां हमें 3.68 लाख ग्राहकों का विश्वास पाने पर गर्व है जो वास्तव में सॉनेट के ड्राइविंग अनुभव का आनंद लेते हैं। नई सॉनेट के साथ, हमारा उद्देश्य इसे खरीदने के किफायती अनुभव के साथ इसकी प्रीमियम सुविधाओं को सहजता से एकीकृत करना है, जिसमें रखरखाव का न्यूनतम खर्च और उल्लेखनीय रूप से उच्च रीसेल वैल्यू की खूबी भी सहजता से मिली है। यह अनूठा संयोजन आधुनिक उपभोक्ताओं के व्यापक ग्राहक वर्ग के साथ जुड़ने के लिए तैयार है। हमारी महत्वाकांक्षा नई सॉनेट को पेश करके कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में अग्रणी स्थिति सुरक्षित करना है।

उन्होंने कहा कि अधिक मजबूत और स्पोर्टी सॉनेट को तकनीक-प्रेमी और वन-स्टॉप मीबिलिटी समाधान चाहने वाले आधुनिक जोड़ों और पेशेवरों को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है। इसमें 10 ऑटोनॉमस सुविधाओं वाला एडैस दिया गया है, जिनमें फ्रंट कोलिज़न अवॉइडेंस असिस्ट, लीडिंग व्हीकल डिपार्चर अलर्ट और लेन फॉलोइंग असिस्ट आदि शामिल हैं। मजबूत 15 हाई-सेफ्टी सुविधाओं के साथ, सॉनेट अब 25 से अधिक सेफ्टी फीचरों का दावा करती है। नई सॉनेट अपने सेगमेंट में 15 मानक सुरक्षा सुविधाएं पेश करने वाली एकमात्र कॉम्पैक्ट एसयूवी भी बन गई है। इसके अलावा, इसमें 10 बेस्ट-इन-सेगमेंट सुविधाएं भी दी गई हैं, जिसमें डुअल स्क्रीन कनेक्टेड पैनल डिज़ाइन, रियर डोर सनशेड कर्टन, ऑल डोर पावर विंडो वन टच ऑटो अप/डाउन, सुरक्षा के साथ, और स्मार्टप्योर एयर प्यूरीफायर वायरस और बैक्टीरिया सुरक्षा के साथ शामिल है।

उन्होंने कहा कि कैरेंस के साथ उद्योग में पहली बार मानक 6 एयरबैग और सेल्टॉस के साथ सेगमेंट में पहली बार एयरबैग पेश करने के बाद, किआ एक बार फिर सुरक्षा मानदंडों को फिर से परिभाषित कर रहा है। नई सॉनेट में मानक सुविधा के रूप में 6-एयरबैग को शामिल करके किआ भारत में अपने सभी उत्पादों में 6 या 8 एयरबैग पेश करने वाला सबसे युवा ब्रैंड बन गया है। इसके अलावा, किआ टेक्नोलॉजी से संचालित एक नवीन पुरस्कार-आधारित सुरक्षा शिक्षा पहल, किआ इंस्पायरिंग ड्राइव प्रोग्राम या के.आई.डी. शुरू कर रही है। किआ कनेक्ट ऐप के माध्यम से एक्सेसिबल, यह कार्यक्रम किआ मालिकों के ड्राइविंग व्यवहार का मूल्यांकन करता है, जैसे सीटबेल्ट का उपयोग, अचानक ब्रेक लगाना, गति सीमा का पालन करना और बहुत कुछ, और इनके आधार पर उन्हें इकोस्कोर प्रदान करता है जिसे पुरस्कार के लिए रिडीम किया जा सकता है। इस कार्यक्रम को शुरुआत में किआ सॉनेट मालिकों के लिए पेश किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि ग्राहक को केंद्र में रखने के विज़न के साथ, किआ इंडिया ने डीजल पावरट्रेन वाले सभी वेरिएंट में मैनुअल ट्रांसमिशन को फिर से पेश किया। इसमें ग्राहकों को तीन इंजन विकल्प मिलेंगे। कंपनी इसको अगले दो महीने में बाजार में उतारने की तैयारी में है।

# जीपीएआई समिट : एआई के भविष्य को आकार देने पर बनी सहमति

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चन्द्रशेखर ने बुधवार को बताया कि जीपीएआई समिट में एआई के भविष्य को आकार देने पर सहमति बनी है।

उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि जीपीएआई के 29 देशों के मंत्रिस्तरीय परिषद की बैठक में करीब साढ़े चार घंटे के मंथन के बाद सर्वसम्मति से नई दिल्ली घोषणा पत्र को स्वीकार किया गया।

उन्होंने कहा कि हेल्थकेयर, एग्रीकल्चर एवं अन्य क्षेत्रों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के एप्लीकेशन तैयार करने के लिए साझेदार देशों के बीच नवाचारी और सहयोगी एआई बनाने पर सहमति बनी।

इससे पहले आईटी राज्यमंत्री यहां भारत मंडपम में आयोजित तीन दिवसीय ग्लोबल पार्टनरशिप ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (जीपीएआई) शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन 'सुरक्षित और विश्वसनीय एआई सुनिश्चित करने में सरकार की भूमिका' विषय पर एक फायरसाइड चैट में बोल रहे थे, जिसमें जापान के नीति समन्वय उपमंत्री श्री हिरोशी योशिदा और ब्रिटेन के एआई और बौद्धिक संपदा मंत्री श्री जोनाथन कैमरोज ने हिस्सा लिया।

चन्द्रशेखर ने एआई जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों की चुनौतियों से निपटने के लिए भारत की प्रतिबद्धता दोहराई।

उन्होंने कहा कि एआई जैसी अद्यतन एवं उन्नत प्रौद्योगिकी के गलत इस्तेमाल से संभावित नुकसान और आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए रेगुलेटरी फ्रेमवर्क तैयार की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा, ''भारत सरकार का लक्ष्य एआई जैसी उभरती तकनीक के दुरुपयोग पर रोक लगाना है और इससे जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए एक फ्रेमवर्क पर काम किया जाएगा।

# एस्सार ने किए गुजरात सरकार के साथ 55,000 करोड़ के एमओयू

अहमदाबाद। एस्सार ने ऊर्जा परिवर्तन, बिजली और बंदरगाह क्षेत्रों में गुजरात सरकार के साथ कुल 55,000 करोड़ रुपए के तीन समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

एस्सार कैपिटल के डायरेक्टर प्रशांत रुइया ने यहां कहा, ''एस्सार के रणनीतिक निवेश में गुजरात लगातार सबसे आगे रहा है। हमें इस बात की खुशी है कि हम ऊर्जा और बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में 55,000 करोड़ रुपए के अतिरिक्त निवेश के साथ राज्य की आर्थिक प्रगति में योगदान कर रहे हैं।''

एस्सार ने एक गीगावाट ग्रीन हाइड्रोजन परियोजना विकसित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस पहल में 30,000 करोड़ रुपए का अनुमानित निवेश शामिल है।

श्री एस्सार पावर ने अपने सलाया पावर प्लांट में दूसरे चरण के विस्तार के लिए 16,000 करोड़ रुपए के अतिरिक्त निवेश की घोषणा की है।

बंदरगाह क्षेत्र में निवेश- एस्सार पोर्ट्स 10,000 करोड़ रुपए के निवेश के साथ अपने सलाया बंदरगाह को लॉजिस्टिक्स हब में बदलने के लिए तैयार है। इन समझौतों पर हस्ताक्षर करना गुजरात के बहुमुखी विकास पथ में अपना योगदान जारी रखने की एस्सार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

उन्होंने बताया कि एस्सार ने वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 से पहले कुल 55,000 करोड़ रुपए के निवेश के लिए तीन सहमति पत्रों (एमओयू) पर गुजरात सरकार के साथ हाल ही में हस्ताक्षर किए हैं।

एस्सार राज्य में ऊर्जा परिवर्तन, बिजली और बंदरगाह क्षेत्रों में निवेश करने के नए चरण में है।

### अमेजन का ट्रैवल फिएस्टा 17 तक

नयी दिल्ली। ऑनलाइन मार्केट प्लेस अमेज़न डॉट इन ने 17 दिसंबर तक ट्रैवल फिएस्टा की घोषणा की है। कंपनी ने यहां कहा कि इस ट्रैवल फिएस्टा के साथ हवाई टिकटों और होटल बुकिंग की टेंशन से निजात मिल सकता है । यहां यात्रा से संबंधित प्रोडक्ट को किफायती कीमतों पर बुक किया जा सकता है। उसने कहा कि अमेजन पर उपलब्ध सभी प्रोडक्ट 4-स्टार या फिर इससे अधिक रेटिंग के साथ आते हैं, साथ ही इन्हें 2 दिनों के भीतर डिलीवर भी कर दिया जाता है। इसके अलावा, अमेजन पे से भुगतान करने पर ऑफ़र और कैशबैक का भी लाभ मिल सकता है। उसने कहा कि अमेजन पे के साथ हवाई टिकटों पर 15 प्रतिशत तक की छूट और होटल बुकिंग पर 40 प्रतिशत तक की छूट का लाभ हो सकता है।

# खाद्य, विनिर्मित उत्पादों की महंगाई से थोक मुद्रास्फीति सात माह बाद शून्य से ऊपर

नयी दिल्ली। थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति खाद्य और विनिर्मित वर्ग की विभिन्न वस्तुओं की कीमतों में तेजी के चलते नवंबर,2023 में बढ़ कर 0.26 प्रतिशत रही। यह लगातार सात महीने से शून्य के नीचे थी।

थोक मुद्रास्फीति लम्बे समय बाद शून्य से ऊपर आयी है। इसका अर्थ है कि बाजार में थोक कीमतों में एक साल पहले की तुलना में वृद्धि हुई है।

अक्टूबर,23 में थोक मुद्रास्फीति शून्य से 0.52 प्रतिशत और पिछले वर्ष नवंबर में 6.12 प्रतिशत थी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा गुरुवार को जारी प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार सभी वर्ग की वस्तुओं संबंधी थोक मूल्य सूचकांक (आधार वर्ष 2011-12=100) इस वर्ष नवंबर में 152.9 अंक रहा जो एक माह पूर्व 152.1 अंक था।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार नवंबर में प्रथमिक वस्तुओं की कीमतों में सालाना आधार पर 4.76 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी जबकि ईंधन और बिजली का थोक मूल्य स्तर 4.61 प्रतिशत नीचे रहा और विनिर्मित उत्पादों की कीमतें 0.64 प्रतिशत नीचे रहीं।

एक माह पहले ईंधन-और बिजली वर्ग में सामान्य कीमत स्तर एक साल पहले की तुलना में 2.47 प्रतिशत नीचे और विनिर्मित उत्पादों का कीमत स्तर 1.13 प्रतिशत नीचे है। आंकड़े दर्शाते हैं कि इन तीनों ही श्रेणियों में थोक कीमतों में नवंबर में तेजी आयी है।

दो दिन पहले आए खुदरा मूल्य सूचकांक के अनुसार नवंबर में खुदरा मुद्रास्फीति 5.55 प्रतिशत पर पहुंच गयी जो अक्टूबर में 4.8 प्रतिशत थी।

थोक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार नवंबर,23 में खाद्य वस्तुओं की कीमतें सालाना आधार पर 8.18 प्रतिशत ऊंची थी। इनमें अनाजों की मुद्रास्फीति 7.12 प्रतिशत ऊंची रही। नवंबर में चावल का थोक भाव एक साल पहले से 10.44 प्रतिशत , दालें 21.64 प्रतिशत , प्याज के भाव 101.24 प्रतिशत ऊंचे चल रहे हैं। आलू का थोक मूल्य नवंबर,22 की तुलना में 27.22 प्रतिशत नीचे है।

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति नीति निर्धारण में खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर ध्यान देती है। उसके समाने खुदरा मुद्रास्फीति को 2-6 प्रतिशत की सीमा में रखने का लक्ष्य है। रिजर्व बैंक पिछली कुछ द्वैमासिक समीक्षाओं में नीतिगत ब्याज दर को 6.5 प्रतिशत के स्तर पर अपरिवर्तित रखा है।

# आकांक्षाओं पर खरे उतर रहे यूपी के आकांक्षात्मक जिले

## प्रदेश के 8 आकांक्षात्मक जिलों में धरातल पर उतरने को तैयार एक लाख करोड़ का निवेश

लखनऊ। यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान देश-विदेश के औद्योगिक समूहों की ओर से मिले 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तव को योगी सरकार धरातल पर उतारने की तैयारी में जोर-शोर से जुटी हुई है। इसके लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के प्रथम फेज में प्रदेश के सभी 75 जिलों में लाखों करोड़ का निवेश धरातल पर उतरने को तैयार है। सबसे अहम बात ये है कि क्रियान्वित होने जा रहे निवेश के मामले में यूपी के बड़े और औद्योगिक शहर ही नहीं बल्कि वो जनपद भी किसी से पीछे नहीं हैं, जिन्हें अबतक सबसे पिछड़ा माना जाता रहा है। देशभर के 100 आकांक्षात्मक जिलों में से आठ उत्तर प्रदेश में हैं, जिन्हें पिछड़ा माना जाता है। मगर, ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के प्रथम फेज के लिए इनकी परफॉर्मेंस ने सबको चौंका दिया है। अबतक 7 लाख करोड़ के निवेश में से एक लाख करोड़ से अधिक का निवेश इन आठ आकांक्षात्मक जिलों में धरातल पर उतरने जा रहा है।

### प्रदेश के आकांक्षात्मक जिले बने यूपी के विकास का दूसरा ग्रोथ इंजन

यूपी का सोनभद्र, चंदौली जिला, जो कभी देश में नक्सलियों से प्रभावित था, आज प्रदेश के विकास में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। इसके अलावा डकैतों के आतंक से प्रभावित चित्रकूट और पिछड़ा जिला होने का दंश झेल रहे सिद्धार्थनगर, बहराइच, फतेहपुर, श्रावस्ती और बलरामपुर ने बड़ी संख्या में निवेशकों को अपनी ओर आकर्षित किया है। यह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की छोटे जिलों को विकास से जोड़ने की मुहिम का ही असर है। वहीं पहले इन जिलों में अव्यवस्था और नक्सल-दस्यु गतिविधियों के चलते उद्योग जगत यहां बड़ा निवेश करने से कतराते रहे हैं। हालांकि, अब परिस्थितियां बिल्कुल बदल चुकी हैं। योगी सरकार की अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति, दुर्गम और हाशिये वाले क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विकास, आधारभूत संरचनाओं का निर्माण और बेहतर कनेक्टिविटी से ये जिले यूपी के विकास के ग्रोथ इंजन बनने जा रहे हैं।

### सोनभद्र में उतरेंगी 78 हजार करोड़ से अधिक की 43 निवेश परियोजनाएं

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में नोएडा के बाद धरातल पर उतरने जा रहा सबसे ज्यादा निवेश सोनभद्र में ही होने वाला है। इस निवेश से ना सिर्फ पूर्वांचल बल्कि प्रदेश के विकास को भी रफ्तार मिलेगी। तकरीबन 78,815 करोड़ की 43 निवेश परियोजनाएं सोनभद्र में कार्यान्वित होने के लिए बिल्कुल तैयार हैं।

इसी तरह कभी नक्सल गतिविधियों का गढ़ माने जाने वाले चंदौली जिले में 17,455 करोड़ की 69 परियोजनाएं धरातल पर उतरने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

वहीं आकांक्षात्मक जिलों में शामिल चित्रकूट में 6,765 करोड़ की 42 परियोजनाएं, सिद्धार्थनगर में 297 करोड़ की 56 परियोजनाएं, फतेहपुर में 1,831 करोड़ की 72 परियोजनाएं धरातल पर उतरने के लिए रेडी हैं। इसके अलावा तराई वाले जिले बहराइच में 736 करोड़ की 69 परियोजनाएं, श्रावस्ती में 866 करोड़ की 74 परियोजनाएं और बलरामपुर में 368 करोड़ की 36 परियोजनाएं धरातल पर उतरने को तैयार हैं।

### कृत्रिम बुद्धिमत्ता के भविष्य को आकार देने में भारत अहम भूमिका निभाएगा : चंद्रशेखर

नयी दिल्ली। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिक, जल शक्ति और कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने गुरुवार को कहा कि कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) के भविष्य को आकार देने में भारत अहम भूमिका निभाएगा। चन्द्रशेखर यहां भारत मंडपम में आयोजित तीन दिवसीय ग्लोबल पार्टनरशिप ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (जीपीएआई) शिखर सम्मेलन के समापन पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में शामिल हुए सभी 29 सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने एआई के लिए भविष्य को निर्धारित करने के लिए साथ मिलकर काम करने पर अपनी समहति जताई। राज्यमंत्री ने कहा, ''हमने स्वास्थ्य और कृषि के लिए एक साथ मिलकर अद्यतन एवं उन्नत एवं सहयोगपूर्ण प्लेटफॉर्म बनाने का निर्णय लिया है, जिससे दुनियाभर के लोगों को लाभ मिल सकें और सबसे महत्वपूर्ण बात जो कल तय हुई वह यह है कि एआई का भविष्य समावेशी होना चाहिए। इसे सिर्फ एक या दो देशों पर नहीं छोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा, हमें इसमें ग्लोबल साउथ (दक्षिणी गोलार्ध की विकासशील अर्थव्यवस्थाओं) के देशों को भी शामिल करना चाहिए। आप एक्सपो में देख सकते हैं, भारत से सैकड़ों स्टार्टअप हैं जो पहले से ही दुनिया को यह बता रहा है कि भारतीय एआई कितना परिपक्क है। एआई के भविष्य को आकार देने में भारत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।'' गौरतलब है कि एआई पर वैश्विक भागीदार मंच में शामिल देशों के मंत्रियों की नयी दिल्ली बैठक में बुधवार को पारित प्रस्ताव में भरोसेमंद एआई के जिम्मेदार प्रबंधन के सिद्धांतों और एआई पर विकसित औद्योगिक देशों के मंच (ओईसीडी) की सिफारिश में दर्शाए गए मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता दोहरायी गयी है जो लोकतांत्रिक मूल्यों और मानवीय मूल्यों के सिद्धांतों में निहित हैं।

## शार्ट न्यूज

### भारत का विश्वकप जीतने का सपना टूटा

कुआलालंपुर। शानदार आक्रामक शुरुआत के बावजूद भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम गुरुवार को यहां एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप मलेशिया 2023 के सेमीफाइनल में जर्मनी से कड़े मुकाबले में 1–4 से हार गई। उत्तम सिंह के नेतृत्व वाली भारतीय टीम अब फ्रांस और स्पेन के बीच खेले जाने वाले दूसरे सेमीफाइनल में हारने वाली टीम से भिड़ेगी। भारत ने पहले क्वार्टर के पहले चार मिनट के भीतर दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किये मगर उसे गोल में तब्दील करने में विफल रहा वहीं जर्मनी ने जवाबी हमला बोलते हुये आठवें मिनट में पहला गोल दाग दिया। सुदीप चिरमाको ने 11वें मिनट में शानदार फील्ड गोल कर भारत को बराबरी पर ला दिया। दूसरे क्वार्टर में भारत को पेनल्टी कॉर्नर के रूप में कई मौके मिले, लेकिन वे किसी को भी गोल में बदलने में असमर्थ रहे। दूसरे क्वार्टर के आखिरी मिनट में जर्मनी को मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला और उन्होंने इसका पूरा फायदा उठाया और बेन हस्बैक ने 30वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ फातिमा को पाक की कमान

क्राइस्टचर्च। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले एक दिवसीय मैच में चोटिल हुयी पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम की कप्तान निदा डार दूसरे मैच से बाहर हो गई हैं। निदा की गैरमौजूदगी में तेज गेंदबाज फातिमा सना को पाकिस्तान का नया कप्तान नियुक्त किया गया है। दूसरा वनडे शुक्रवार को क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में खेला जायेगा। 22 वर्षीय फातिमा वनडे में पाकिस्तान महिला टीम का नेतृत्व करने वाली 10वीं कप्तान बनेंगी। युवा गेंदबाज खुद चोट के कारण बांग्लादेश के खिलाफ हालिया सीरीज में नहीं खेल पाई थी। हालाँकि इससे पहले टी20 श्रृंखला में उन्हें प्लेयर ऑफ़ द सीरीज़ के सम्मान से नवाजा गया था। उन्होंने श्रृंखला में 5.60 की इकॉनमी से छह विकेट लिए थे और पहले टी20 मैच में प्लेयर ऑफ द मैच रहीं। फातिमा ने मैच की पूर्व संध्या पर एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा एकदिवसीय मैचों में पाकिस्तान महिला टीम का नेतृत्व करना सम्मान की बात है, हालांकि निदा डार की चोट के कारण परिस्थितियां दुर्भाग्यपूर्ण हैं। वह एक प्रेरणा रही हैं और मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। उन्होने कहा न्यूजीलैंड के खिलाफ हमने ऐतिहासिक टी20 सीरीज जीती थी और मुझे पता है कि खिलाड़ी वनडे सीरीज में भी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हैं।

### विश्व पैरा एथलेटिक्स प्रमुख ने की मोदी की तारीफ

नई दिल्ली। विश्व पैरा एथलेटिक्स के प्रमुख पॉल फिट्जगेराल्ड ने दिव्यागों के प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के रवैये की तारीफ की है। एक प्रेस ब्रीफिंग में फिट्जगेराल्ड ने गुरुवार को यहां कहा, हम पैरा स्पोर्ट्स आंदोलन में दिव्यांग शब्द की शुरुआत करके भारत में दिव्यांग व्यक्तियों की धारणा में एक आदर्श बदलाव लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आभारी हैं। ऐसा दूरदर्शी नेतृत्व ही आज भारत को वैश्विक पैरालंपिक आंदोलन को एक उभरती हुई शक्ति बना रहा है। उन्होने आगामी पहले रेडियंट डिफरेंटली एबल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स 2022–23 के सही दिशा में एक कदम के रूप में सराहना की। फिट्जगेराल्ड ने पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन वोटिंग प्रक्रिया के लाइव होने की भी घोषणा की, जो देश में विशेष रूप से दिव्यांग एथलीटों के लिए पहली बार हो रहा है। इस अवसर पर रेडियंट डिफरेंटली एबल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स के उपाध्यक्ष और वरिष्ठ खेल सलाहकार रूपिंदर सिंह और रेडियंट डिफरेंटली एबल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स की अध्यक्ष राधिका खेत्रपाल भी उपस्थित थे। फिट्जगेराल्ड ने कहा, रेडियंट डिफरेंटली एबल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स जैसी पहल दिव्यांग खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### नोजोमी ओकुहारा ने भारत में अपने खराब अनुभव की दास्तां सुनाई

नई दिल्ली। बैडमिंटन में पूर्व विश्व चैंपियन और ओलंपिक पदक विजेता नोजोमी ओकुहारा ने हाल ही में भारत यात्रा का अपना खराब अनुभव साझा किया जहां दिल्ली के एक कैब ड्राइवर ने उन्हें चूना लगाया और ओडिशा के कटक में होटल में उन्हें कमरे के लिए चार घंटे तक इंतजार करना पड़ा। 28 वर्ष की ओकुहारा ने सोशल मीडिया पर लिखा कि दिल्ली हवाई हड्डे पर एक कैब ड्राइवर ने उन्हें परेशान किया और चूना लगाया। ओडिशा ओपन के लिए सोमवार को कटक पहुंचने पर उन्हें आधिकारिक परिवहन सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई थी। होटल में जाने के लिए उन्हें चार घंटे इंतजार करना पड़ा और अभ्यास सत्र के लिए सुबह आठ बजे भी उन्हें बस या कार नहीं मिली थी। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) के महासचिव संजय मिश्रा ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि भविष्य में ऐसा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि जापान की खिलाड़ी ने लॉजिस्टिक का ब्यौरा (स्थानीय यात्रा और होटल) देने वाला कोई ईमेल नहीं भेजा वरना ऐसी नौबत नहीं आती। ओकुहारा ने लखनऊ में सैयद मोदी सुपर 300 टूर्नामेंट जीता था। वह रविवार की रात हांगकांग के रास्ते दिल्ली आईं। इसके बाद दिल्ली हवाई अड्डे पर एक अजनबी ने उनका सामान एक ट्रॉली पर रख दिया।

### हरियाणा के प्रणव ने जीता स्वर्ण पदक, एशियाई पैरा खेलों का रिकॉर्ड में किया सुधार

नई दिल्ली। हरियाणा के प्रणव सूरमा ने बुधवार (13 दिसंबर) को नई दिल्ली में खेलो इंडिया पैरा खेलों में एफ51 पुरुष क्लबथ्रो स्पर्धा में अपना एशियाई पैरा खेलों का रिकॉर्ड बेहतर करते हुए स्वर्ण पदक जीत लिया। उन्होंने 33.54 मीटर की दूरी से पहला स्थान हासिल किया और हांगझोऊ एशियाई पैरा खेलों के दौरान 30.01 मीटर के प्रयास से बेहतर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने धरमबीर के 31.09 मीटर के एशियाई रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ा। उत्तर प्रदेश के राम रतन सिंह ने 25.43 मीटर से रजत और तमिलनाडु के एलेक्जेंडर एम ने 25.28 मीटर से कांस्य पदक जीता। निशानेबाजी में राजस्थान के अनुभवी स्टार विजय सिंह कुंतल ने एचएस2 वर्ग की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में 618.3 के स्कोर से स्वर्ण पदक अपने नाम किया। तेलंगाना के सत्य जनार्दन श्रीधर रायाला ने रजत और पंजाब के दलबीर सिंह ने कांस्य पदक जीता। महिलाओं की एचएच 1 वर्ग की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग स्पर्धा में राजस्थान की मोना अग्रवाल ने 619.7 अंक के स्कोर से पहला स्थान हासिल किया। हरियाणा की सिमरन शर्मा ने रजत और उत्तर प्रदेश की आकांशा ने कांस्य पदक हासिल किया। इसी स्पर्धा के पुरुष वर्ग में महाराष्ट्र के स्वरूप उनहालकर ने स्वर्ण, हरियाणा के दीपक सैनी ने रजत और हरियाणा के इशांक आहूजा ने कांस्य पदक जीता।

### ऑस्ट्रेलिया में 20 साल बाद महिला निर्दोष साबित

कैनबरा। ऑस्ट्रेलिया में न्यू साउथ वेल्स की सुप्रीम कोर्ट ने चार बच्चों की हत्या के आरोप में 20 साल से जेल में बंद महिला को गुरुवार को दोषमुक्त कर दिया। न्यायालय ने कैथलीन फोल्बिग (50) के पक्ष में फैसला सुनाया गया। न्यायालय के अनुसार महिला के खिलाफ अभियोजक पुख्ता सबूत प्रस्तुत करने में विफल रहे इसलिए महिला को निर्दोष ठहराते हुए रिहा कर दिया गया। फोल्बिग ने कहा कि उनकी बेगुनाही के सबूत को दशकों से अनदेखा और खारिज किया गया है। उन्होंने अदालत के बाहर कहा, सिस्टम ने यह स्वीकार करने के बजाय कहा कि कभी–कभी बच्चे अचानक और अप्रत्याशित रूप से तथा हृदयविदारक रूप से मर सकते हैं। फोल्बिग के मामले को ऑस्ट्रेलिया में न्याय की सबसे बड़ी चूक में से एक बताया गया है। दरअसल, मामला महिला के चार नवजात बच्चे कालेब, पैट्रिक, सारा और लौरा की मृत्यु से संबंधित था। इनमें से प्रत्येक बच्चे की 1989 और 1999 के बीच अचानक मृत्यु हो गई, जिनकी आयु 19 दिन से 18 महीने के बीच थी। उसके मुकदमे में अभियोजकों ने आरोप लगाया कि महिला ने उनका गला घोंट दिया था। 2003 में उन्हें अपने चारों बच्चे की मृत्यु को लेकर 40 साल जेल की सजा सुनाई गई थी।

# रबाडा की चोट से दक्षिण अफ्रीका चिंतित

**एजेंसी**

डरबन। दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी गेंदबाज कगिसो रबाडा के चोट से उबरने की मंथर गति से दक्षिण अफ्रीका का टीम प्रबंधन चिंता में है। रबाडा को विश्व कप के सेमीफ़ाइनल मैच में एड़ी में चोट लगी थी, जिसके कारण वह मैच के अंतिम ओवरों में गेंदबाज़ी नहीं कर पाए थे। मेजबान टीम को 26 दिसंबर से भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृखंला खेलनी है मगर रबाडा की चोट को देखते हुये उनके अंतिम एकादश में शामिल होने को लेकर संशय के बादल मंडरा रहे हैं।

दरअसल, दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट टीम के कप्तान तेम्बा बवूमा और कगिसो रबाडा को लायंस की टीम की तरफ़ से गुरुवार से शुरू हो रहे एक मैच में हिस्सा लेना था, लेकिन लायंस के टीम प्रबंधन ने साफ किया है कि दोनों खिलाड़ी इस मैच के लिए उपलब्ध नहीं होंगे।

लायंस के बयान में कहा गया है कि बवूमा निजी कारणों से इस मैच में हिस्सा नहीं लेंगे और रबाडा की एड़ी में दिक्कत है।

क्रिकइंफो के अनुसार अगर रबाडा पूरी तरह से चोट से नहीं उबर पाते हैं तो दक्षिण अफ्रीका के लिए यह बहुत बड़ी चिंता का विषय है।



उनके ज़्यादातर फ्रंटलाइन तेज़ गेंदबाज़ टीम से बाहर हैं। अनरिख़ नॉर्ख़िए पहले से ही पीठ में लगी चोट के कारण टेस्ट सीरीज़ से बाहर हो चुके हैं। वहीं लुंगी एनगिडी को भी टखने में चोट लगी है, जिसके कारण वह टी20 सीरीज़ का हिस्सा नहीं बन पाए थे। दो अन्य तेज़ गेंदबाज़ जेराल्ड कोएत्ज़ी और मार्को यानसन को मौजूदा टी20 सीरीज़ के टीम से भी रिलीज़ कर दिया गया है। साथ ही वे वनडे सीरीज़ में हिस्सा नहीं लेंगे। दोनों तेज़ गेंदबाज़ प्रथम श्रेणी मैचों में हिस्सा लेंगे ताकि वह टेस्ट सीरीज़ के लिए तैयारी कर सकें।

बवूमा ने वनडे विश्व कप के सेमीफ़ाइनल के बाद कोई भी मैच नहीं खेला है। 16 नवंबर को हुए उस मैच में भी वह हैमस्ट्रिंग की चोट से जूझ रहे थे। हालांकि चोट के बावजूद भी बवूमा ने उस मैच को खेला था।

उन्होंने आख़िरी बार मार्च में वेस्टइंडीज़ के ख़िलाफ़ टेस्ट मैच खेला था। उस सीरीज़ के दौरान बवूमा ने वांडरर्स में 172 रनों की पारी खेली थी, जो सीरीज़ जीत में काफ़ी अहम साबित हुई थी। उम्मीद है कि वह भारत के खिलाफ 26 दिसंबर से शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज़ के लिए उपलब्ध रहेंगे।

## श्रेयस की केकेआर में कप्तान के तौर पर वापसी

कोलकाता। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में श्रेयस अय्यर कोलकाता नाइड राइडर्स (केकेआर) के कप्तान के तौर पर वापसी करेंगे। टीम के उपकप्तान की कमान नितीश राणा को सौंपी गयी है। केकेआर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) वेंकी मैसूर ने गुरुवार को यह ऐलान करते हुये कहा श्रेयस चोट के कारण आईपीएल 2023 के सत्र में नहीं खेल सके थे। हमें खुशी है कि उनकी केकेआर के कप्तान के रूप में वापसी हुई हैं। जिस तरह से उन्होंने अपनी चोट से उबरने के लिए कड़ी मेहनत की है और उसी तरह की फॉर्म उनके पास है और वह इसे प्रदर्शित कर अपना लौहा मनवाएंगे। उन्होंने कहा, हम इस बात के लिए भी आभारी हैं कि नीतीश पिछले सीजन में श्रेयस की जगह लेने के लिए राजी हुए थे और उन्होंने टीम के लिए शानदार काम किया। इसमें कोई संदेह नहीं है कि उप–कप्तान के रूप में नीतीश केकेआर के हित के लिए हर संभव श्रेयस का साथ देंगे। श्रेयस अय्यर ने कप्तानी मिलने पर कहा, पिछले सीजन में हमें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिसमें चोट के कारण मैं टीम का हिस्सा नहीं बन सका था। नितीश ने न केवल मेरी जगह लेने के लिए बल्कि अपने सराहनीय नेतृत्व से बहुत अच्छा काम भी किया। मुझे खुशी है कि केकेआर ने उन्हें उप–कप्तान बनाया है।



## स्पेन के खिलाफ अभियान की शुरुआत करेगी भारतीय टीम

वालेंसिया। भारतीय पुरुष और महिला हॉकी 15 से 22 दिसंबर तक खेले जाने वाले पांच देशों के टूर्नामेंट वालेंसिया 2023 में भाग लेने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली अन्य टीमें स्पेन, बेल्जियम, जर्मनी, आयरलैंड और फ्रांस हैं।

भारतीय महिला हॉकी टीम 15 दिसंबर को टूर्नामेंट के पहले गेम में मेजबान स्पेन से भिड़ेगी और 16 दिसंबर को बेल्जियम, 19 दिसंबर को जर्मनी और अपने आखिरी मैच में 21 दिसंबर को आयरलैंड से भिड़ेगी।

स्पेन के खिलाफ अपने पहले मैच से पहले, भारतीय महिला टीम की कप्तान सविता ने कहा, हमें वालेंसिया पहुंचे हुए तीन दिन हो गए हैं, हमारी अनुकूलन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब हम स्पेन के खिलाफ टूर्नामेंट शुरू करने के लिए तैयार हैं। हमें कुछ का सामना करना पड़ेगा। दुनिया की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाली टीमें और इस अवसर का उपयोग आगामी एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 की तैयारी में अपनी कमजोरियों पर काम करने के लिए करें। हम हर खेल में अपना दिल खोलकर खेलेंगे क्योंकि यह हमारे प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए सही मंच है।

इसी तरह, भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपने पांच देशों के टूर्नामेंट वालेंसिया 2023 अभियान को समाप्त करने के लिए 15 दिसंबर को पहले मैच में मेजबान स्पेन से भिड़ेगी, उसके बाद 16 दिसंबर को बेल्जियम, 19 दिसंबर को जर्मनी और 20 दिसंबर को फ्रांस के खिलाफ मुकाबला करेगी।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह भी अपने पहले मैच से पहले अपने प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त हैं। उन्होंने कहा, कुछ शीर्ष हॉकी टीमें वेलेंसिया आई हैं, वे सभी अपने खेल को बेहतर बनाने के लिए इस विंडो का उपयोग करने की होड़ में हैं और हम भी अलग नहीं हैं। हम हर मैच को एक महत्वपूर्ण मैच मानेंगे और टूर्नामेंट जीतने का प्रयास करेंगे।

## आईएसएल : मोहन बागान का मुकाबला नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी से

गुवाहाटी। मोहन बागान सुपर जाइंट शुक्रवार को इंडियन सुपर लीग के मैच में मेजबान नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी से भिड़ेगा। नॉर्थईस्ट युनाइटेड एफसी ने अपने पिछले चार मुकाबलों में दो बार ड्रा खेला है और दो में उसे हार मिली है। वह छठे स्थान पर मौजूद चेन्नईयिन एफसी से दो अंक पीछे है। जुआन पेड्रो बेनाली के लिए अपने सीज़न को पटरी से उतरने से रोकना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। हालांकि शक्तिशाली मोहन बागान सुपर जायंट के खिलाफ खेलना कभी आसान नहीं होता है। पिछले सीज़न में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी का प्रदर्शन भूलने लायक रहा था। पिछले अभियान में 20 मैचों में उनकी एकमात्र जीत 24 दिसंबर 2022 को इसी स्थान पर मोहन बागान सुपर जाइंट के खिलाफ आई थी। घरेलू टीम इस बार उस परिणाम को दोहराने की उम्मीद कर रही होगी।

# इंग्लैंड के खिलाफ भारत की ठोस शुरुआत

**एजेंसी**

मुबंई। सतीश शुभा (69), जेमिमाह रॉड्रिग्स (68), यास्तिका भाटिया (66) और दीप्ति शर्मा (60 नाबाद) के शानदार अर्धशतकों की मदद से भारत ने गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ शुरु हुये पहले टेस्ट मैच में पहली पारी में सात विकेट खोकर 410 रन बनाये। डॉ. डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। स्मृति मंधाना (17) और शेफाली वर्मा (19) के विकेट जल्दी गिरने के बाद क्रीज पर आयी सतीश और जेमिमाह ने इंग्लैंड के गेंदबाजों की धुनाई करते हुये टीम के स्कोर को जल्द ही तीन अंकों तक पहुंचा दिया और बाद में अपने अपने अर्धशतकों को पूरा कर लिया। पारी के 33वें ओवर में सोफ़ी एकल्सटन की गेंद पर आउट होने से पहले सतीश अपनी पारी के दौरान 13 बार गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचा चुकी थीं।




इंग्लैंड के गेंदबाजों को इसके बाद जल्द ही एक और सफलता जेमिमाह के विकेट के तौर पर मिली मगर दूसरे छोर पर आयी हरमनप्रीत ने नये बल्लेबाज यास्तिका के साथ मिल कर मेहमान क्षेत्ररक्षकों को एक बार फिर व्यस्त कर दिया। हरमनप्रीत दुर्भाग्यशाली तरीके से 49 रन के निजी स्कोर पर रन आउट हुयी। कप्तान के आउट होने से दूसरे छोर पर यास्तिका का भी आत्मविश्वास डगमगाया, नतीजन वे शार्लेट डीन की गेंद पर आउट होकर पवेलियन लौट गयीं। उन्होने अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान 88 गेंदो पर दस चौके और एक छक्का जड़ा।

स्नेह राणा (30) के तौर पर इंग्लैंड को सातवीं सफलता मिली। दिन का खेल खत्म होने के समय दीप्ति शर्मा 60 और पूजा वस्त्रकर चार रन बनाकर क्रीज पर डटी हुयी थी।


# पश्चिमी देशों के टुकड़ों पर जी रहा यूक्रेन : पुतिन

**कहा– मकसद पूरा होने तक नहीं रुकेगी जंग; अमेरिकी आदेशों पर चलते हैं यूरोपीय देश**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने गुरुवार को देश को संबोधित कर किया। उन्होंने करीब 4 घंटे तक मीडिया और जनता के सवालों के जवाब दिए। उन्होंने कहा– यूक्रेन पश्चिमी देशों के टुकड़ों पर जी रहा है। पश्चिमी देश लगातार उसे मदद भेज रहे हैं, हथियार दे रहे हैं, लेकिन ये सप्लाई एक दिन रुक जाएगी।

पश्चिमी देशों ने इस बात की पूरी कोशिश की कि रूस और यूक्रेन में कभी अच्छे रिश्ते न बन पाएं। यूक्रेन में शांति तब होगी जब हम अपने मकसद को पूरा कर लेंगे। हमारा लक्ष्य अब भी पहले जैसा ही है। दुनिया देख रही है कि रूस अपने हितों के लिए लड़ने से नहीं डरता है।

पुतिन ने कहा– यूक्रेन को सेना से मुक्त करना हमारे एजेंडे में है। यूक्रेन शांति पर बात नहीं करना चाहता है इसलिए हम मिलिट्री एक्शन ले रहे हैं। उनके राजनेता लापरवाही के साथ अपने ही सैनिकों को बर्बाद कर रहे हैं। यूक्रेन खुद ही अपनी बर्बादी का रास्ता बना रहा है। हम अब तक यूक्रेन में हजारों टैंकों को तबाह कर चुके हैं।




### अमेरिका दुनिया के लिए जरूरी

रूस शांति के लिए तैयार है, लेकिन पश्चिमी देश ऐसा बर्ताव करते हैं, जैसे उन्हें इस बारे में कुछ नहीं पता। यूरोपीय देश अपनी संप्रभुता खो चुके हैं। वो अमेरिका से ऑर्डर लेते हैं। इसके बावजूद हम अब भी अमेरिका से बात करने के लिए तैयार हैं। हमारा मानना है कि अमेरिका दुनिया के लिए जरूरी है।

### पुतिन से पुतिन ने ही पूछा सवाल

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पुतिन खुद से ही सवाल पूछते नजर आए। दरअसल सेंट पीटर्सबर्ग की स्टेट यूनिवर्सिटी के एक स्टूडेंट ने डीप फेक की मदद से खुद को पुतिन जैसा दिखाया।

इसके बाद वीडियो कॉल के जरिए उसने रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर सवाल पूछा। पुतिन ने कहा– इसके विकास को रोकना असंभव है, तो इसका मतलब है कि हमें भी इसमें आगे बढ़ना होगा।

इस दौरान पुतिन ने ये भी कहा कि उनका कोई हमशक्ल या बॉडी डबल नहीं है। मजाकिया लहजे में पुतिन ने कहा– स्क्रीन पर डीप फेक पुतिन मेरा पहला बॉडी डबल है।

### यूक्रेन में सिविल वॉर चल रहा है, वो हार रहा है

पुतिन ने कहा– हमने यूरोपियन यूनियन के साथ कभी भी रिश्ते खराब नहीं किए। वो हमेशा हमें पीछे धकेलते रहते हैं। हम दशकों से यूक्रेन के साथ भी अच्छे रिश्ते बनाने की कोशिश कर रहे थे।

यूक्रेन जंग की शुरुआत तभी हो गई थी, जब 2014 में पश्चिमी देशों ने मिलकर यूक्रेन में तख्तापलट किया और तत्कालीन राष्ट्रपति विक्टर यानूकोविच की सरकार हटा दी गई। यूक्रेन में सिविल वॉर चल रहा है। उनका साउथ–ईस्ट भाग हमेशा से रूस के साथ रहा है।

## कीव पर रूसी मिसाइल हमला, 53 घायल

कीव। यूक्रेन की राजधानी कीव पर रूसी मिसाइलों द्वारा किए गए हमलों में बुधवार को कई लोग घायल हो गए और बच्चों का एक अस्पताल क्षतिग्रस्त हो गया, जो पिछले कुछ महीनों में कीव पर किय गया सबसे बड़ा हमला है। यह जानकारी डॉन समाचारपत्र ने यूक्रेनी अधिकारियों के हवाले से गुरुवार को दी। राजधानी में सुबह होने से पहले कई विस्फोटों की आवाज सुनी गई और उसके तुरंत बाद हवाई हमले के सायरन बजने लगे। यूक्रेन की वायु सेना ने कहा कि उसने शहर को निशाना बनाकर दागी गई सभी 10 मिसाइलों को मार गिराया गया और स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि दो बच्चों सहित 53 लोग घायल हुए हैं। मंत्रालय ने कहा कि शहर के पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में मिसाइल का मलबा गिरने से अधिकांश लोग शीशे के टुकड़े, घरेलू सामान और झटके के कारण घायल हुए। बुधवार का हमला, जिसमें महीनों में सबसे ज्यादा घायल हुए, एक सप्ताह में दूसरा था। रविवार और सोमवार रात हुए एक अन्य हमले में आठ मिसाइलों को मार गिराया गया। कीव सिटी सैन्य प्रशासन ने कहा कि दुश्मन ने बैलिस्टिक हथियारों का उपयोग किया। उन्होंने कहा कि रूस कीव में मिसाइल आतंक को तेज कर रहा है। ओडेसा के दक्षिणी बंदरगाह में भी हमले हुए, जहां अधिकारियों ने कहा कि नौ ईरानी निर्मित ड्रोन को मार गिराया गया।

## इंग्लैंड में कोरोना महामारी के बाद से धूम्रपान में गिरावट रुकी : अध्ययन

ब्रिटेन । इंग्लैंड में कोरोना महामारी के बाद से धूम्रपान में दशकों से चली आ रही गिरावट लगभग रुक गई है। बीबीसी ने एक अध्ययन के हवाले से यह जानकारी दी है। शोध के अनुसार, गिरावट की दर महामारी से पहले के वर्षों में 5.2 प्रतिशत से धीमी होकर अप्रैल 2020 और अगस्त 2022 के बीच केवल 0.3त्न रह गई। मुख्य शोधकर्ता ने कहा कि आशंका है कि अधिक युवा धूम्रपान करने लगे हैं और तत्काल उपाय करने की आवश्यकता है। सरकार ने कहा कि वह कानूनी उम्र बढ़ाने सहित इंग्लैंड को धूम्रपान मुक्त बनाने के लिए 'ठोस कार्रवाई' कर रही है। शोधकर्ताओं ने 101,960 वयस्कों के साथ सर्वेक्षण के आधार पर, अनुमान लगाया कि जून 2017 में 16.2 प्रतिशत लोग धूम्रपान करते थे, जो मार्च 2020 में महामारी की शुरुआत तक गिरकर 15.1प्रतिशत हो गया, लेकिन अगस्त 2022 में केवल 15 प्रतिशत रह गया, तब से गिरवाट की धीमी दर लगातार बनी हुई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय का आंकड़ा भी 2000 और 2020 के बीच धूम्रपान में साल–दर–साल गिरावट दर्शाता है। अध्ययन से पता चलता है कि महामारी के दौरान हार मानने वाले लोगों के अनुपात में 120 प्रतिशतकी वृद्धि हुई है, और छोड़ने का प्रयास करने वालों की संख्या में 40त्न की वृद्धि हुई है।

## इटली एक्सिओम स्पेस के अंतरिक्ष स्टेशन के लिए आवास मॉड्यूल का करेगा निर्माण


रोम। इटली आवासीय मॉड्यूल प्रदान करके अमेरिकी कंपनी एक्सिओम स्पेस की अंतरिक्ष में वाणिज्यिक स्टेशन बनाने की परियोजना में भाग लेगा। प्रधानमंत्री कार्यालय 'चिगी पैलेस' ने बुधवार को यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है, नए स्टेशन का एक हिस्सा थेल्स एलेनिया स्पेस इटालिया द्वारा निर्मित आवास मॉड्यूल से बनाया जाएगा, जो इन प्रौद्योगिकियों में विश्व में अग्रणी है। बयान में कहा गया है कि इटली 10 जनवरी, 2024 को होने वाले अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए एक्सिओम स्पेस के एक्स–3 मिशन में भी भाग लेगा। इतालवी वायु सेना के कर्नल वाल्टर विलादेई मिशन का संचालन करेंगे और विभिन्न वैज्ञानिक प्रयोगों का संचालन करते हुए अंतरिक्ष स्टेशन पर 14 दिन बिताएंगे। बयान में कहा गया है कि नासा ने एक्सिओम स्पेस को वाणिज्यिक अंतरिक्ष स्टेशन के निर्माण और प्रबंधन का काम सौंपा है। यह इस तथ्य के बावजूद है कि आईएसएस का परिचालन जीवन 2030 तक समाप्त होने की उम्मीद है। बयान में कहा गया है, सबसे पहले, इसे आईएसएस में जोड़ा जाएगा, लेकिन फिर इसे अलग होना चाहिए और स्वायत्त रूप से संचालित होना चाहिए।

# नवाज शरीफ बोले– सत्ता छिनने का बदला लेने नहीं आया

**कहा– मुझे हटाकर 25 करोड़ पाकिस्तानियों को सजा दी गई, मेरे खिलाफ सभी केस खोखले**

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने कहा है कि उन पर लगाए गए भ्रष्टाचार के सभी मामले खोखले हैं। न्यूज इंटरनेशनल के मुताबिक शरीफ ने शरीफ ने फिर से 2017 में उन्हें देश के प्रधानमंत्री पद से हटाने के लिए जिम्मेदार लोगों के लिए जवाबदेही की बात उठाई।

अपनी पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज की संसदीय बोर्ड मीटिंग में नवाज ने कहा– मैं उन लोगों से बदला नहीं लेना चाहता हूं जिन्होंने मुझे सत्ता से हटाया था, लेकिन मुझे उन लोगों को माफ करने का भी कोई अधिकार नहीं है जो लोगों के दुश्मन हैं। मुझे सत्ता से हटाकर सिर्फ मेरे परिवार नहीं बल्कि पाकिस्तान के 25 करोड़ लोगों को सजा दी गई थी।



### नवाज बोले– मैंने कभी जनरल बाजवा-फैज के खिलाफ साजिश नहीं रची

नवाज ने आगे कहा– मैंने कभी भी सेना के पूर्व चीफ जनरल बाजवा और जनरल फैज हामिद के खिलाफ साजिश नहीं की। न ही मैंने कभी रिटायर्ड जनरल रहील शरीफ को किसी प्लानिंग में टारगेट बनाया। शरीफ ने अपने खिलाफ चल रहे केस पर बात करते हुए कहा– इन मामलों में कोई ठोस सबूत नहीं थे।

जब लोग मुझे पनामा केस के जरिए सत्ता नहीं हटा पाए तो उन्होंने इकामा का मुद्दा उठाया।

इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने मंगलवार को अल–अजीजिया स्टील मिल भ्रष्टाचार मामले में शरीफ को बरी कर दिया। दरअसल, 2018 में इसी मामले में नवाज को 7 साल जेल और जुर्माने की सजा सुनाई गई थी। नवाज ने कहा– मेरे खिलाफ भ्रष्टाचार मामने का मकसद मेरी सरकार को गिराना था।

### भीषण ठंड की वजह से किर्गिस्तान के स्कूलों ने ऑनलाइन पढ़ाई शुरू

बिश्केक। किर्गिस्तान में भीषण ठंड के बाद सभी स्कूलों ने बुधवार से ऑनलाइन पढ़ाई शुरू कर दी है। देश के शिक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुये बताया कि शुक्रवार तक ऑनलाइन पढ़ाई जारी रहेगी। किर्गिस्तान की हाइड्रोमेटोरोलॉजी एजेंसी के मुताबिक देश के कुछ इलाकों में इन दिनों हवा का तापमान शून्य से 35 डिग्री सेल्सियस नीचे तक गिरने की आशंका है। आपातकालीन स्थिति मंत्रालय ने बताया कि किर्गिस्तान के पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी के कारण हिमस्खलन की आशंका है। इसके अलावा, सड़कों पर बर्फ का बहाव, बर्फबारी और बर्फीली स्थिति पैदा हो सकती है। देश के परिवहन मंत्रालय ने कहा कि वर्षा के कारण कुछ पहाड़ी सड़कें और दर्रे बंद हैं।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

नई दिल्ली
शुक्रवार 15 दिसंबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

# खुशहाली, सुरक्षा, समृद्धि और विकसित भारत ही 'मोदी की गारंटी' है : योगी

## आजमगढ़ के अकबेलपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए सीएम योगी

आजमगढ़। देश और प्रदेश में खुशहाली, सुरक्षा, समृद्धि के साथ भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की गारंटी ही मोदी की गारंटी है। ये शत प्रतिशत क्रियान्वित होने वाली गारंटी है, यानी जो कहा वो करके दिखाया। इसके बाद हम सभी भारतीयों का संकल्प होना चाहिए कि हमारा देश, दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बने। इसके लिए आतंकवाद, नक्सलवाद, जातिवाद और भ्रष्टाचार को समाप्त करना होगा। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को यहां आजमगढ़ के अकबेलपुर ग्राम में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में कही।

### सीएम ने सभी से किया यात्रा में जुड़ने का आह्वान

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साढ़े 9 साल में देश में हुए परिवर्तन को हर व्यक्ति महसूस करता है। दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है, विकास की बड़ी योजनाएं मूर्त रूप ले रही हैं और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के गांव, गरीब, किसान, महिला और नौजवानों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में शत प्रतिशत जनता को योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए गांव-गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 526 वीडियो वैन भी इस कार्य में लगाये गये हैं। सीएम योगी ने कहा कि इस यात्रा के जरिए सरकार की योजनाओं से संबंधित स्टॉल, योजनाओं के फॉर्म, स्वास्थ्य मेले आदि का आयोजन हो रहा है। सीएम योगी ने सभी से इस यात्रा में जुड़ने और योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।

### वास्तविक धरातल पर उतर रही हैं कल्पनाएं

सीएम योगी ने कहा कि पहले जो कल्पनाएं थीं वो आज वास्तविक धरातल पर उतर रही हैं। प्रदेश में अबतक 55 लाख गरीबों के लिए घर



बनाये गये हैं। 10 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिल रहा है। हर गरीब को अगले 5 साल तक फ्री राशन की सुविधा दी जा रही है। ये सब मोदी की गारंटी है।

### आजमगढ़ का हो रहा भाग्योदय

मुख्यमंत्री ने कहा कि आजमगढ़ में विकास तेज गति से दौड़ता दिख रहा है।

यहां निर्माणाधीन महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य जनवरी में पूरा हो जाएगा। इसके अलावा पूर्वांचल एक्सप्रेस वे, संगीत महाविद्यालय, एयरपोर्ट जैसी योजनाएं आजमगढ़ का भाग्योदय करने वाली हैं। उन्होंने कहा कि हर चेहरे पर खुशहाली और हर गरीब की सुनवाई और उनकी समस्याओं का समाधान होना चाहिए, यही मोदी की गारंटी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजमगढ़ में आज भय और आतंक नहीं बल्कि विकास और संगीत की सुंदर लहरियां गूंज रही हैं।

डबल इंजन की सरकार पूरी मजबूती के साथ जनता के हितों की रक्षा करने के लिए आई है। प्रदेश में लाखों करोड़ का निवेश होने जा रहा है, जिससे रोजगार के नये अवसरों का सृजन होगा। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों की चर्चा करते हुए कहा कि जिन्हें योजनाओं का लाभ अबतक नहीं मिला है उनके लिए ही इस विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

### लाभार्थियों ने मंच से अपने अनुभवों को किया साझा

इससे पहले विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने मंच से अपने अनुभवों को साझा किया। पीएम किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वामित्व योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना के लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें कोटि-कोटि धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र भी वितरित किया। वहीं अपने उद्बोधन से पहले मुख्यमंत्री ने यहां आए छोटे बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया। साथ ही धात्री महिलाओं को पोषण पोटली भी वितरित की। इसके उपरांत उन्होंने विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने आजमगढ़ के वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट ब्लैक पॉटरी का भी अवलोकन किया। उपस्थित समूह के साथ मुख्यमंत्री ने भारत को 2047 तक आत्मनिर्भरऔर विकसित भारत बनाने के संकल्प को साकार करने की शपथ ली।

इस अवसर पर प्रदेश सरकार में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ, एमएलसी विजय बहादुर पाठक, यशवंत सिंह, रामसूरत राजभर, विक्रांत सिंह, बीजेपी क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, जिलाध्यक्ष कृष्ण पाल, सूरज प्रकाश श्रीवास्तव, पूर्व सांसद नीलम सोनकर सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनता उपस्थित रही।

# कॉलेज में टैलेंटेड स्टूडेंट को मिला सर्टिफिकेट और पारितोषिक

## जिला स्तरीय युवा महोत्सव में छात्राओं का रहा उम्दा प्रदर्शन

**कपिल शर्मा। गौरवशाली भारत**

नाँगल चौधरी। गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज में गुरुवार को प्रतिभावान छात्राओं को सम्मानित किया गया। छात्राओं ने 21 नवंबर को आईटीआई ग्राउंड नारनौल में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय युवा महोत्सव में भाग लिया था। जिसमें छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक व भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक विषय में मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ावा देने पर जोर दिया। नुक्कड़ नाटक की टीम में बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा दिव्या सिंह, विजयलक्ष्मी, कुसुम, निशा, बीकॉम



द्वितीय वर्ष की छात्रा वंशिका और बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा आरती शामिल रही।

भाषण प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा लक्ष्मी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया उपरोक्त सभी विजेता प्रतिभागियों को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राष्ट्रपाल यादव, डॉ. अनिता तंवर द्वारा पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। विजेता प्रतिभागियों में नुक्कड़ नाटक की टीम को 5500 रूपये और भाषण प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागी लक्ष्मी को 1100 रुपये की नकद राशि और एक - एक प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया।

गौरवशाली भारत को जानकारी देते हुए कॉलेज में डॉ. सुशीला यादव ने बताया कि, जिला स्तरीय युवा महोत्सव में प्रतिभाशाली छात्राओं का हौंसला बढ़ाया गया है।

इस संदर्भ में प्राचार्य ने भी छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्हें अधिक मेहनत व लग्न के साथ ज्ञान अर्जित करने और आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्राओं को उत्साह के साथ भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

यह कार्यक्रम सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी ममता बायला की देख-रेख में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर कॉलेज स्टॉफ सदस्य उपस्थित रहे।

# सेना दिवस पर लखनऊ में पहली बार होगी भव्य सैन्य परेड

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में अगले साल 15 जनवरी को सेना दिवस के अवसर पर भव्य आर्मी डे परेड का आयोजन किया जायेगा।

यह पहला मौका है जब लखनऊ पहली बार सैन्य परेड की मेजबानी करेगा जबकि आजादी के बाद यह दूसरी बार है जब सेना दिवस दिल्ली के बाहर आयोजित किया जा रहा है। सेना की मध्य कमान, जिसे सूर्या कमान के नाम से भी जाना जाता है, 15 जनवरी को लखनऊ छावनी स्थित 11 गोरखा राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर में 76वीं सेना दिवस परेड का आयोजन करेगी।

मध्य कमान के प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि भारतीय सेना की रेजिमेंटों से वीर सैनिकों की मार्चिंग टुकड़ियां परेड में भाग लेंगी, जिनमें गढ़वाल राइफल्स, जाट रेजिमेंट, बंगाल इंजीनियर्स, सिख लाइट इन्फैंट्री, आर्मी एयर डिफेंस और पैराट्रूपर्स के साथ अन्य सैनिक भी शामिल हैं। परेड के दौरान भारतीय सेना के वीरता पुरस्कार विजेताओं को भी सम्मानित किया जाएगा।

उन्होने बताया कि सेना दिवस समारोह के हिस्से के रूप में, लखनऊ छावनी के सूर्या खेल परिसर में एक सैन्य प्रदर्शन 'शौर्य संध्या' भी आयोजित किया जाएगा।

# बंदियों से सोने, लेटने, बैठने, नहाने धोने, शौचालय प्रयोग तक में वसूली!

लखनऊ ।(पीएमए) आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने जिला जेल सुल्तानपुर में दो बंदियों करिया उर्फ विजय पासी और मनोज रैदास की हत्या तथा वाराणसी जेल में लैंगिक उत्पीड़न के आरोपी जेल अधीक्षक उमेश सिंह पर पूर्व में भी भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में बचाव किए जाने पर सवाल उठाए हैं.

उन्होंने कहा है कि मजिस्ट्रियल जांच में बंदियों को किसी नशीले पदार्थ के प्रभाव में जबरदस्ती फांसी पर लटकाए जाने की बात सामने आने के बाद भी अब तक एफआईआर दर्ज नहीं हुआ है. इसके बाद वाराणसी ट्रांसफर होने पर दो महिला डिप्टी जेलरों द्वारा लगाए गए लैंगिक उत्पीड़न के आरोपों में भी लीपापोती की जा रही है.

पूर्व में उन्हें जेल अधीक्षक मुरादाबाद की तैनाती के दौरान भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के संबंध में 1 नवंबर 2021 को शासन द्वारा आरोपपत्र प्रेषित किया गया था. इन आरोपों में बंदियों को अनावश्यक रूप से दंडित कर उनसे धन की वसूली किए जाने, जेल में तैनाती में पैसे लिए जाने, नियम विरुद्ध तरीके से बैरक आवंटित किए जाने, मुलाकात के लिए अवैध पैसे लिए जाने, बंदियों को सोने, लेटने, बैठने, नहाने धोने, शौचालय के प्रयोग तक के लिए अवैध धन की वसूली किए जाने आदि के आरोप लगाए गए थे.

अमिताभ ठाकुर ने कहा कि उनकी जानकारी के अनुसार इन आरोपों के संबंध में भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है जो उमेश सिंह को उच्च स्तर पर प्रश्रय को प्रमाणित करता है.अत: उन्होंने इस स्थिति को समाप्त कर अविलंब इन सभी मामले में नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है.

# 'बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ ' व महिला एवं बाल हिंसा से सम्बन्धित टॉक शो कार्यक्रम हुआ आयोजित

## वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, चाइल्ड हेल्पलाइन विषयक हुई परिचर्चा

सोनभद्र । महिला बाल विकास मंत्रालय के निर्देशन में मिशन शक्ति चतुर्थ चरण के तहत जनपद के वन स्टॉप सेंटर लोढ़ी में टॉक शो कार्यक्रम का अतीव आकर्षक रहा। टॉक शो में इंद्रावती कुमारी केसवर्कर, सरोजमा सिंह प्रभारी, महिला थाना रॉबर्ट्सगंज, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष , सदस्य अखिल नारायण देव पांडे, रंजना चौबे, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य ओम प्रकाश त्रिपाठी, जेंडर विशेषज्ञ साधना मिश्रा, केंद्र प्रशासक दीपिका सिंह और ओ0 आर0 डब्ल्यू0 शेषमणि दुबे की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में प्रभारी, महिला थाना द्वारा गोष्ठी में महिला एवं बाल हिंसा से सम्बन्धित विषय पर व्यापक चर्चा की



गई तथा उत्तर प्रदेश पुलिस आपात सेवाएं 112 के सन्दर्भ उकेरे।

जिला प्रोबेशन अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा ने वूमेन पावर लाइन 1090 की शक्ति उपादेयता परिभाषित की। चर्चा की गई। किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य ओम प्रकाश त्रिपाठी ने नारी स्वावलंबन व सम्मान विषयक व्याख्यान प्रस्तुत किये।

टॉक शो कार्यक्रम का संचालन करते हुए जेंडर विशेषज्ञ साधना मिश्रा ने महिला हेल्पलाइन नंबर, स्वास्थ्य सेवा, एम्बुलेंस सेवा, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर और चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर एवं साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर तथा एवं बाल विवाह विषय पर समाज के अनुकूल सारगर्भित तथ्यों को बखूबी व्याख्यायित किया। दीपिका सिंह द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, वन स्टॉप सेंटर के विषय में बारीकी से जानकारी देते हुए कथ्य एवं तथ्य साझा किए मौजूद लोगों से।

टॉक शो में सक्रिय प्रतिभावान टीम को अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया उत्साह अभिवर्धित करते हुए। आयोजन को साफल्य तक तिरोहित करने में प्रमुख सहभागिता रही उमा चतुर्वेदी, आरती पाठक, तनू सिंह, नीलू यादव, रविन्द्र कुमार यादव, धर्मवीर सिंह, सीमा शर्मा, सत्यम चैरसिया, सुधा गिरि, अशु गिरि, अमन कुमार सोनकर, आकांक्षा, अनिल यादव एवं अन्य स्टाफ का जो सराहा गया।

# स्वच्छ वातावरण बनाना जीवन का परम् ध्येय

सोनभद्र। आर0 टी0 एस0 क्लब मैदान रॉबर्ट्सगंज में ''स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति'' की सक्रियता सुनिश्चितता के लक्ष्य साधन हेतु ''स्वच्छता जन जागृति दिवस'' एवं ''स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति'' के सदस्यों को पूर्ण रूप से सक्रिय करने के निमित्त उददेश्य से आज कार्यक्रम आयोजित हुआ। सभा कार्यक्रम का आगाज हुआ नगर पालिका परिषद सोनभद्र की अध्यक्ष रूबी प्रसाद की अध्यक्षता में। अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने अपने उद्बोधन में स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के उद्देश्य सन्दर्भ पर समीचीन एवं सार्थक प्रासंगिकता पर विस्तृत व्याख्यान देते गर्हित भाव से बताया नगर के प्रत्येक वार्ड को स्वच्छ रखने, वार्ड के प्रत्येक हाउसहोल्ड द्वारा घर में कूड़े का अलग-अलग (सेग्रिगेशन) किये जाने को प्रोत्साहित करने और डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था की देख-रेख करने को। वार्ड में सड़क, गली नाले व नाली की पूर्ण सफाई अपनी देख-रेख में करवाना और सफाई व्यवस्था को सुद्ढ़ बनाने के लिए स्वच्छता के महत्व व उपायों को वार्ड के प्रत्येक निवासरत नागरिक तक पहुंचाने को सद्प्रेरित करने के विषयगत बातें कही नगरपालिका अध्यक्ष ने। इस प्रकार





के समस्त कार्यो में वार्ड के निवासियों की भागीदारी को प्रोत्सहित करना तथा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा किये जा रहे जनहित के कार्यों के बारे में विस्तार से बताया गया। मौजूद लोगों ने प्रसन्नता प्रदायक तथ्यगत विषयबिन्दु के परिज्ञान को सराहते धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में सदर विधायक भूपेश चौबे एवं श्री ओमप्रकाश ब्रान्ड एंबेसडर स्वच्छ भारत मिशन सोनभद्र द्वारा उपस्थित लोगों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया। संयोजन रहा अधिशासी अधिकारी विजय यादव का तथा कार्यक्रम का संचालन किया जगदीश प्रसाद पंथी ने। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद सोनभद्र के सभी सदस्यगण एवं ''स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति'' के नामित सदस्यगण, तथा सत्यम पाण्डेय जिला कार्यक्रम प्रबधन्क के साथ ही जनप्रतिनिधि कौशल शर्मा , नगर अध्यक्ष सुमन केशरी, संजय जायसवाल, नगर पालिका से सुजीत कुमार, आकाश रावत, संत कुमार सोनी, राम विलास गुप्ता, खुशबू मिश्रा, पारा गुप्ता, राजीव कुमार गुप्ता, तौसीफ अहमद, नीरज कुमार, प्रिंस सोनकर व सूरज मिश्रा उपस्थित रहे।

# मुख्तार के भाई अफजाल की सांसदी होगी बहाल

**लखनऊ।** मुख्तार अंसारी के बड़े भाई अफजाल अंसारी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने गैंगस्टर मामले में 4 साल की सजा और उनकी दोष सिद्धि पर अंतरिम रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट को 30 जून 2024 तक अफजाल अंसारी की याचिका पर सुनवाई पूरी करके फैसला देने का आदेश दिया है। अफजाल ने गाजीपुर कोर्ट से मिली सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दायर कर रखी है। फैसले आने के बाद अफजाल अंसारी ने कहा, सुप्रीम कोर्ट से मुझे न्याय मिला है। फैसले का स्वागत करता हूं। 140 करोड़ नागरिकों का विश्वास सुप्रीम कोर्ट पर है। मुझे भी न्याय मिला, सांसद के रूप में अब आगे कार्य कर सकता हूं और आगे चुनाव भी लड़ सकता हूं। मैं कोर्ट के न्याय से संतुष्ट हूं। अफजाल अंसारी की सजा पर रोक के बाद अब उनकी संसद सदस्यता बहाल हो जाएगी। वह गाजीपुर से बसपा के सांसद थे। वह मौजूदा संसद सत्र में भी हिस्सा ले सकेंगे। हालांकि, इस दौरान संसद में वोट डालने और भत्ते लेने पर रोक रहेगी।

# मथुरा में ईदगाह के सर्वेक्षण के लिए आयोग नियुक्त करने की याचिका मंजूर

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मथुरा में श्री कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद को लेकर गुरुवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में शाही ईदगाह परिसर के सर्वेक्षण के लिए एक अधिवक्ता आयोग नियुक्त करने की अर्जी मंजूर कर ली।

न्यायधीश मयंक कुमार जैन की पीठ ने यह आदेश कटरा केशव देव में भगवान श्रीकृष्ण विराजमान और सात अन्य बनाम उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड और तीन अन्य के 2023 के मुकदमे में दिया। पीठ ने कहा, मामले के तथ्यों, कानून की प्रस्तावना, पक्षकारों के वकीलों द्वारा दी गई दलीलों, शीर्ष अदालत और हाईकोर्ट द्वारा की गई टिप्पणियों को ध्यान में रखते हुए, आदेश 26 नियम 9 के तहत वादी द्वारा दायर आवेदन मंजूरी के योग्य है।

उन्होने कहा कि आदेश 26 नियम 9 सीपीसी का उद्देश्य किसी पक्ष को साक्ष्य एकत्र करने में सहायता करना नहीं है, जहां से वह स्वयं साक्ष्य प्राप्त



कर सके, बल्कि वास्तविक उद्देश्य घटनास्थल पर स्थानीय जांच द्वारा विवाद में किसी भी मामले को स्पष्ट करना है।

न्यायाधीश ने टिप्पणी की, यहां यह उल्लेख करना उचित है कि अदालत द्वारा आयोग की नियुक्ति की कार्यवाही में, प्रतिवादी भाग ले सकते हैं। इसके अलावा, यदि वे आयोग की रिपोर्ट से व्यथित महसूस करते हैं, तो उनके पास इसके खिलाफ अपनी आपत्तियां दर्ज करने का अवसर है। आयुक्त द्वारा दायर की गई रिपोर्ट हमेशा पार्टियों के साक्ष्य के अधीन होती है और साक्ष्य में स्वीकार्य होती है।

उन्होने कहा आयुक्त सक्षम गवाह हैं और मुकदमे के किसी भी पक्ष द्वारा वांछित होने पर उन्हें मुकदमे के दौरान साक्ष्य के लिए बुलाया जा सकता है। दूसरे पक्ष के पास हमेशा उनसे जिरह करने का अवसर होगा। यह भी ध्यान रखना होगा कि तीन अधिवक्ताओं के पैनल को आयोग के रूप में नियुक्त करने से किसी भी पक्ष को कोई नुकसान नहीं होगा।

अदालत ने कहा, आयोग संपत्ति की वास्तविक स्थिति के आधार पर अपनी निष्पक्ष और निष्पक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए बाध्य है। आयोग संपत्ति पर विशेष संकेतों के अस्तित्व के बारे में भी अपनी खोज प्रस्तुत कर सकता है जैसा कि आयोग द्वारा संदर्भित किया गया है। वादी के प्रतिनिधि के साथ-साथ प्रतिवादी भी उनकी सहायता के लिए आयोग के रूप में नियुक्त किए जाने वाले अधिवक्ताओं के पैनल के साथ जा सकते हैं ताकि मौके की सही स्थिति नोट की जा सके और अदालत के सामने लाई जा सके।

उन्होने कहा जहां तक कार्रवाई के कारण के बारे में प्रतिवादियों के वकील द्वारा उठाई गई आपत्तियों का सवाल है, तो यह एक स्थापित कानून है कि कार्रवाई का कारण वादी को साक्ष्य द्वारा साबित करना होगा अन्यथा उनका मुकदमा विफल हो जाएगा।

पीठ ने टिप्पणी की आयोग की नियुक्ति के लिए प्रार्थना वादी को इस आधार पर इंकार नहीं किया जा सकता कि यह लगभग तीन साल की देरी के बाद दायर किया गया है। इसलिये आयोग की नियुक्ति के लिए वादी के आवेदन को अनुमति दी जाती है। जहां तक आयोग के तौर-तरीकों और संरचना का सवाल है, यह अदालत ऐसे उद्देश्यों के लिए पक्षों के वकील को सुनना उचित समझती है। इस मामले की सुनवाई 18 दिसंबर को होगी।

गौरतलब है कि वादी द्वारा दिए गए आवेदन में उसके वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा कि ऐसे कई संकेत हैं जो स्थापित करते हैं कि विचाराधीन इमारत एक हिंदू मंदिर है।

# शार्ट न्यूज

## बच्चों को भिक्षा देने से करें इनकार, हतोत्साहित होगी तभी भिक्षावृत्ति: सुधांशु शेखर शर्मा



**सोनभद्र ।** जिले के थाना राबर्ट्सगंज एवं मधुपुर मार्केट में बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम की चली मुहिम में गाँव - शहर जा कर जनजागृति तथा रेस्क्यू अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान धर्मशाला चौक के समीप सड़क के किनारे अपने माता - पिता के साथ कूड़ा करकट बीनते हुए और भिच्छा वृत्ति करते हुए बच्चे पाये गये जिसके सम्बन्ध में मौकपर ही जिला बाल संरक्षण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा द्वारा उनके माता पिता को समझाया और बताया गया भिक्षावृत्ति पर पूर्णरूपेण अंकुश लगाने को। कहा कि बच्चों से भिक्षावृत्ति न कराएं व विद्यालय में उनका नामांकन कराकर उन्हें शिक्षा से जोड़ें। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य व स्पॉन्सरशिप योजना की जानकारी देते हुए पात्र बच्चों को योजना से जोड़ने के लिए उनका चिन्हांकन किया गया। ओ0 आर0 डब्ल्यू0 शेषमणि दुबे ने कहा कि बाल भिक्षा वृत्ति समाज के लिए एक अभिशाप है जिसे रोकना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस बाबत टोल फ्री नम्बर 1098, 181, 1090, 112 के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। मौके पर अभियान में जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी रोमी पाठक, ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे, चाइल्ड हेल्प लाइन से सुपरवाइजर अंशु गिरी, सुधा गिरी आदि उपस्थित रहे।

## मण्डलायुक्त संग अपर पुलिस महानिदेशक ने किया मकर संक्रान्ति मेले के तैयारियों की समीक्षा

गोरखपुर ।(पीएमए)अपर पुलिस महानिदेशक अखिल कुमार एवं मण्डलायुक्त अनिल ढींगरा ने आयुक्त सभागार में मकर संक्रान्ति मेले की तैयारियों की समीक्षा करते हुये अधिकारियों को निर्देश दिया कि मकर संक्रान्ति मेले की अवशेष बचे सभी तैयारी एक सप्ताह में पूर्ण कर ली जाये जिससे मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा एंव व्यवस्था उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि सुगम यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन भी तैयारी कर ले, वाहनों को खड़ा करने के लिये वाहन पार्किंग स्थलों में प्रकाश, सी0सी0टी0वी0 एंव साफ सफाई के साथ आलाव की व्यवस्था हो। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिगत मेले में पर्याप्त संख्या में सी.सी.टीवी कैमरा लगवायें जाये। उन्होंने निर्देश दिया है कि नगर निगम सफाई की पर्याप्त व्यवस्था, मोबाइल शौचालय आदि की व्यवस्था के साथ मोबाइल शौचालय नियमित सफाई करने के लिये सफाई कर्मियों की तैनाती भी करें।। उन्होंने कहा कि नगर निगम मेला क्षेत्र में पर्याप्त स्थायी एंव अस्थायी प्रकाश व्यवस्था और पर्याप्त संख्या में अलाव जलवायें। उन्होंने निर्देश दिया कि नगर निगम, गोरखपुर विकास प्राधिकरण तथा पी.डब्लू.डी., राष्ट्रीय राजमार्ग मेला क्षेत्र के सड़कों को ठीक करायें।

## गोरखपुर महोत्सव की तैयारी को लेकर मण्डलायुक्त ने की बैठक

गोरखपुर ।(पीएमए) पर्यटन/संस्कृति/इको टूरिज्म के विकास के दृष्टिगत माह जनवरी 2024 में प्रस्तावित गोरखपुर महोत्सव के भव्य आयोजन के संबंध में मण्डलायुक्त अनिल ढींगरा ने आयुक्त सभागार में बैठक करते हुये कार्यक्रम की रूपरेखा, कार्यक्रम स्थल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रचार प्रसार एवं प्रर्दशनी तथा अन्य आवश्यक व्यवस्था आदि पर विस्तृत चर्चा की। मण्डलायुक्त ने बैठक में टेन्ट, लाईट, साउण्ड, बैरिकेटिंग, की सुव्यवस्थित ढंग से व्यवस्था करने हेतु टेण्डर प्रक्रिया को जल्द पुरा करने का निर्देश लोक निर्माण विभाग को दिया। बैठक में महोत्सव के कार्यक्रमों को तैयार करते हुए कलाकारों (विशेष रूप से स्थानीय कलाकारों) का चयन करने हेतु जिलाधिकारी व जीडीए उपाध्यक्ष को अधिकृत किया गया। उन्होंने महोत्सव के सभी स्थलों की साफ सफाई आदि कराने हेतु नगर आयुक्त को निर्देश दिया उन्होंने महोत्सव का व्यापक प्रचार प्रसार करने का निर्देश भी दिया। बैठक में बताया गया कि गोरखपुर महोत्सव में शिल्प मेला, कृषि मेला, मण्डलीय सरस प्रदर्शनी, विज्ञान प्रदर्शनी, पुस्तक मेला, स्वामी विवेकानन्द, गुरू गोरक्षनाथ की प्रदर्शनी, व्यापार मेला, आटो शो, फल फूल एवं सब्जी प्रदर्शनी के साथ बालीबुड के कलाकार मुख्य आकर्षण होंगे।

## अयोध्या शोध संस्थान का नाम बदला

लखनऊ । उत्तर प्रदेश सरकार ने अयोध्या में संचालित अयोध्या शोध संस्थान को अन्तर्राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान करने के लिए इस संस्थान का नाम तत्काल प्रभाव से अन्तर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान करने का निर्णय लिया है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने गुरुवार को बताया कि संस्कृति विभाग द्वारा संचालित अयोध्या शोध संस्थान 18 अगस्त, 1986 से कार्य कर रहा है। चूंकि रामायण का मूल आधार सनातन संस्कृति है, जिसकी जड़े वैदिक काल तथा उसके पूर्व से भी है। इसको दृष्टिगत रखते हुए वैदिक विज्ञान एवं साहित्य पर विस्तार से शोध करने की आवश्यकता है। इस परिप्रेक्ष्य में राज्य सरकार ने इस संस्थान का नाम बदलने का फैसला लिया है। उन्होंने बताया कि इसके नये नामकरण के संबंध में प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति तथा धर्मार्थ कार्य मुकेश मेश्राम की ओर से शासनादेश जारी करा दिया गया है।